हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 12.10.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 78 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 ~~रुपये~~ 2 रुपये

## दलहन मिशन : आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों से गेहूं और चावल के अलावा दालों पर ध्यान केंद्रित करते हुए फसलों में विविधता लाने का आग्रह किया ताकि प्रोटीन सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भारत इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सके। प्रधानमंत्री ने शनिवार को यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), पूसा में कृषि क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक घोषणाएं करते हुए 35,440 करोड़ रुपये की दो प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि घरेलू उत्पादन बढ़ाकर आयात निर्भरता कम करने के लिए दलहन मिशन जरूरी है। उन्होंने किसानों से गेहूं और चावल के साथ दाल उत्पादन पर विशेष ध्यान देने और फसलों में विविधता लाने का आह्वान किया ताकि देश में प्रोटीन सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुरू हो रहा है। यह केवल दाल उत्पादन बढ़ाने का मिशन नहीं, बल्कि हमारी भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश को अब गेहूं और चावल से आगे बढ़कर प्रोटीन आधारित फसलों की दिशा में सोचना होगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस मिशन के तहत तूर, उड़द




और मसूर दाल की पैदावार बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा और दाल की उचित खरीद की व्यवस्था की जाएगी, जिससे करीब दो करोड़ दाल किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाला यह मिशन दलहन क्षेत्र में नई क्रांति लाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि दाल की खेती के क्षेत्र में 35 लाख हेक्टेयर की वृद्धि की जाए, जिससे देश को दालों के आयात पर निर्भर नहीं रहना पड़े। भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्यान उत्पादक देशों में से एक है, लेकिन दालों के मामले में हमें आत्मनिर्भर होना ही पड़ेगा। गेहूं और चावल से पेट तो भरता है, पर शरीर को सही पोषण के लिए पर्याप्त प्रोटीन की जरूरत होती है। दाल भारतीयों के लिए प्रोटीन का सबसे बड़ा स्रोत है और इसे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह मिशन निर्णायक साबित होगा। प्रधानमंत्री ने साथ ही प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का भी शुभारंभ किया, जिसके तहत 24 हजार करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना आकांक्षी ज़िलों के मॉडल से प्रेरित है। इसके तहत देश के 100 पिछड़े कृषि जिलों के विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन जिलों के चयन के लिए तीन प्रमुख मापदंड तय किए गए हैं – खेतों की उत्पादकता, खेती के चक्र की संख्या और किसानों को ऋण या निवेश की उपलब्धता। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का एकीकृत और समन्वित क्रियान्वयन है। इस योजना में 36 सरकारी योजनाओं को एक साथ जोड़ा गया है, ताकि किसानों तक हर स्तर पर सुविधा पहुंचे। योजना का डिजाइन इस प्रकार तैयार किया गया है कि इसे हर जिले की स्थानीय परिस्थितियों, मिट्टी और जलवायु के अनुरूप अनुकूलित किया जा सके। प्रधानमंत्री ने जिला अधिकारियों और किसानों से आग्रह किया कि वे स्थानीय स्तर पर ऐसी कार्य योजनाएं बनाएं जो वास्तव में क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करें। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण किया, साथ ही 815 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

## राष्ट्रीय मानकों पर बनेंगे रांची के तीनों बस टर्मिनल, 48.72 करोड़ की स्वीकृति

### आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा टर्मिनल होंगे आकर्षक और आधुनिक सुविधाओं से लैस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के तीनों प्रमुख बस टर्मिनलों आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा का कायाकल्प अब राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शहरीकरण के कार्यों में तेजी लाने के क्रम में इन सभी टर्मिनलों के आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और जीर्णोद्धार का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कुल 48.72 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसमें आइटीआई बस स्टैंड के लिए 24.77 करोड़, सरकारी बस डिपो




के लिए 20.19 करोड़ और बिरसा मुंडा बस स्टैंड के लिए 3.76 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने विभागीय प्रधान सचिव सुनील कुमार को जुडको के माध्यम से कार्य शीघ्र आरंभ कराने का निर्देश दिया है। वर्तमान में यात्रियों के लिए न्यूनतम सुविधाओं वाले इस बस स्टैंड को आधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा। यह तीन एकड़ क्षेत्रफल में बनेगा, जिसमें 2330 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 880 वर्गमीटर प्रथम तल पर टर्मिनल भवन होगा। यहां ड्राइवर कैंटीन, मेंटेनेंस शेड, गार्ड रूम, स्लाइडिंग प्रवेश द्वार, प्रतीक्षालय, कार, ऑटो और ई-रिक्शा पार्किंग की सुविधा होगी। प्रथम तल पर रेस्टोरेंट, प्रशासनिक भवन, टिकट काउंटर, डॉरमेट्री, लॉकर युक्त गेस्ट रूम तथा हरियाली के लिए लैंडस्केपिंग की व्यवस्था रहेगी। साल 1962 से 1970 के बीच बना यह डिपो अब जर्जर अवस्था में है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसे 20.19 करोड़ रुपये की लागत से इंडियन रोड कांग्रेस मानकों के अनुसार पुनर्निर्मित किया जाएगा। नए भवन में 1771 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 845 वर्गमीटर प्रथम तल में सुविधाएं विकसित होंगी। यहां गार्ड रूम, मेंटेनेंस क्षेत्र, डॉरमेट्री, प्रतीक्षालय, फूड कियोस्क, शेडयुक्त बस वे, स्लाइडिंग गेट, कार व ऑटो स्टैंड जैसी सुविधाएं होंगी। आठ बस वे के जरिये रोजाना लगभग 512 बसों का परिचालन होगा। वर्तमान ढांचे को बरकरार रखते हुए इस बस स्टैंड को 3.76 करोड़ रुपये की लागत से और अधिक सुविधाजनक बनाया जाएगा। 11.6 एकड़ में फैले इस परिसर में 31 बस वे, 89 बसों व 70 कारों के लिए पार्किंग, स्मार्ट शेड, 50 बेड की डॉरमेट्री, रेस्टरूम, स्नानागार, गेस्टहाउस, हाइमास्ट लाइट, बाउंड्री वाल और महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी। प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को निर्देश दिया है कि तीनों बस टर्मिनलों के टेंडर शीघ्र जारी कर कार्य प्रारंभ किया जाए।

## ट्रंप ने चीन पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ, वैश्विक बाजार में हलचल

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी आयात पर अतिरिक्त 100 प्रतिशत टैरिफ (व्यापार शुल्क) लगाने की घोषणा की। यह पहली नवंबर से लागू होगा। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, चीन ने हमारे खिलाफ अनुचित प्रतिबंध लगाए हैं। अब हम 100 प्रतिशत शुल्क लगाकर जवाब देंगे। यह और पहले से मौजूदा शुल्कों के भी ऊपर होगा। वर्तमान समय में चीनी आयात पर औसतन 40 प्रतिशत शुल्क लगता है जो अब ट्रंप के अतिरिक्त शुल्क की घोषणा के बाद बढ़कर 140 प्रतिशत हो जाएगा। इस बीच ट्रंप की इस घोषणा से स्टॉक मार्केट में भारी गिरावट आई और डाउ जोन्स इंडेक्स में 2 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। डाउ जोन्स इंडेक्स एक स्टाक मार्केट इंडेक्स है जो न्यूयार्क स्टाक एक्सचेंज और नास्डैक पर सूचीबद्ध 30 बड़ी सार्वजनिक रूप से ट्रेड की जाने वाली ब्लू चिप कपंनियों के प्रदर्शन को मांपता है। ट्रंप प्रशासन के अनुसार, यह शुल्क चीन के सभी अमेरिका-बद्ध निर्यात पर लागू होगा, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर शामिल हैं। राष्ट्रपति ने साथ ही सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लगाने की बात कही। यह कदम 2018 से चल रहे अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध का हिस्सा हैं जब ट्रंप ने पहले 25 प्रतिशत शुल्क लगाए थे। ट्रंप ने यह कदम चीन द्वारा दुर्लभ मिट्टी के खनिजों (रेर अर्थ मिनरल्स) पर निर्यात प्रतिबंध लगाने की जवाबी कार्रवाई के तहत उठाया है। इस बीच विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होगी। चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक अधिकारी ने कहा, यह उपभोक्ताओं पर बोझ डालेगा क्योंकि कीमतें बढ़ेंगी। चीन ने राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि वह इसकी बाबत उचित कदम उठाएगा। चीन ने दुर्लभ मृदा खनिजों पर प्रतिबंध को आत्मरक्षा बताया, जो इलेक्ट्रिक वाहनों और रक्षा उद्योग के लिए आवश्यक हैं।

## एक नजर

### महिला पत्रकारों को लेकर स्थिति स्पष्ट करें मोदी : प्रियंका गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की भारत यात्रा के दौरान महिला पत्रकारों को प्रेस कॉन्फ्रेंस से बाहर रखना अत्यंत आपत्तिजनक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को इजाजत नहीं देने को लेकर शुक्रवार को सियासी घमासान मचा रहा और विपक्षी दलों ने इस पर सवाल उठाये कि सरकार ने इसकी इजाजत किस स्थिति में दी। अब विपक्षी दल इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांग रहे हैं। वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को कहा श्प्रधानमंत्री जी, कृपया तालिबान के प्रतिनिधि की भारत यात्रा के दौरान आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखने पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों को लेकर भी सवाल पूछा और कहा यदि महिलाओं के अधिकारों के प्रति आपकी मान्यता एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक अपनी सुविधानुसार दिखावा मात्र नहीं है तो फिर भारत की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान हमारे देश में कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही इसकी रीढ़ और गौरव हैं। श्री मुत्तकी की शुक्रवार को यहां हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने की महिला पत्रकारों को इजाजत नहीं दी गयी जिसके बाद राजनीति गरमा गई।

### सूडान में हमलों में 60 लोगों की मौत

**खार्तूम :** सूडान के उत्तरी दारफुर स्थित अल-फाशिर शहर पर ड्रोन और तोपों से किए गए हमले में कम से कम 60 लोग मारे गए हैं। अल-फाशिर प्रतिरोध समिति के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बताया कि हमले में मुख्य रूप से विस्थापित लोगों के एक केंद्र और विश्वविद्यालय परिसर को निशाना बनाया गया। हमले में बच्चे और महिलाएं मारे गए, जबकि कई पूरी तरह से झुलस गए। समिति ने इस घटना को हत्याकांड करात देते हुए इसमें अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की। समिति के मुताबिक हमला शुक्रवार रात और शनिवार सुबह दो बार किया गया। ड्रोन और तोपों के गोले बारी-बारी से दागे गए। इस बीच रैपिड सर्पोट फोर्स (आरएसएफ) का दावा है कि वह शहर को कब्जे में लेना चाहता है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के मुताबिक पांच से आठ अक्टूबर के बीच अल-फाशिर और उसके आसपास के इलाकों में हुए हमलों में कम से कम 53 नागरिक मारे गए। इस हमले को लेकर आरएसएफ की ओर से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं आई है।

## पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ जवान बलिदान, दो घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के सारंडा के घने जंगल में शुक्रवार को हुए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल (जीडी) महेंद्र लश्कर का बलिदान हो गया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान शुक्रवार रात उनका निधन हो गया। वह असम असम के निवासी थे। बटालियन में शोक की लहर फैल गई है। इस विस्फोट में घायल इंस्पेक्टर (जीडी) कौशल कुमार मिश्रा और एएसआई (जीडी) रामकृष्ण गागराई राउरकेला के अपोलो अस्पताल में भर्ती हैं। दोनों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायल एएसआई रामकृष्ण गागराई झारखंड के खरसावां विधायक दशरथ गागराई के भाई हैं। सीआरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जवान महेंद्र लश्कर का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया है और माओवादियों की तलाश जारी है। यह विस्फोट शुक्रवार शाम करीब चार बजे हुआ था। सुरक्षा बल नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान माओवादियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद क्षेत्र में मुठभेड़ भी हुई। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों में सारंडा क्षेत्र में आईईडी विस्फोट की घटनाएं बढ़ी हैं। आठ अगस्त को सीआरपीएफ की 209वीं कोबरा बटालियन के दो जवान घायल हुए थे, जबकि 22 मार्च को एक सब-इंस्पेक्टर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अप्रैल में भी झारखंड जगुआर का एक जवान आईईडी धमाके में शहीद हुआ था।

## पाकिस्तान में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर टीटीपी का हमला सात पुलिसकर्मी मारे गए, टीटीपी के पांच लड़ाके ढेर

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** सुरक्षा बलों ने खैबर-पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर छह घंटे चले संयुक्त अभियान के बाद एक बड़े आतंकवादी हमले को विफल कर दिया। इस हमले में सात पुलिसकर्मी मारे गए और 13 घायल हो गए। इस दौरान एक आत्मघाती हमलावर सहित कम से कम पांच लड़ाकों को ढेर कर दिया गया। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, शुक्रवार रात लगभग 8:30 बजे रत्ता कुलाची इलाके में हथियारों से लैस लड़ाकों ने प्रशिक्षण केंद्र पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने विस्फोटकों से लदे एक ट्रक को मुख्य द्वार से टकरा दिया,




जिससे चारदीवारी का एक हिस्सा गिर गया और ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। विस्फोट के बाद हमलावर परिसर में घुस आए और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जिला पुलिस अधीक्षक सज्जाद अहमद ने कहा, इलाके को खाली करा लिया गया है और तलाशी अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार,13 घायल कर्मियों को डीएचक्यू अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है। खैबर-पख्तूनख्वा के पुलिस महानिदेशक (जनसंपर्क) मोहम्मद इमरान खान ने कहा कि हमले के समय प्रशिक्षण केंद्र में मौजूद लगभग 200 पुलिस रंगरूटों और अधिकारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र और नादरा कार्यालय के सभी ब्लॉकों को खाली करा लिया गया है। अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से आत्मघाती जैकेट, ग्रेनेड, विस्फोटक और अन्य गोला-बारूद बरामद किया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा में सक्रिय कई आतंकवादियों के अफगानिस्तान से संबंध हैं और वे 2021 में सेना की वापसी के बाद छोड़े गए अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे पहले द एक्सप्रेस ट्रिब्यून और द न्यूज अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने हमले को नाकाम करते हुए कम से कम तीन विद्रोहियों को मार गिराया। पुलिस ने बताया था कि सात-आठ हथियारबंद हमलावर रात करीब आठ बजे मुख्य द्वार से प्रशिक्षण केंद्र में घुसे। घुसते ही अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दिया। इस दौरान रॉकेट लॉन्चर और स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल किया।

## बिहार में दोनों महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे पर अबतक नहीं बनी सहमति

एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए नामांकन की प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू हो गई है, लेकिन राज्य में सत्तारुढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट शेयरिंग को लेकर अभी भी मंथन का दौर चल रहा है। दूसरी ओर महागठबंधन में भी नूरा-कुश्ती जारी है। राजग गठबंधन के भीतर सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों के चयन को लेकर चल रही चर्चा ने चुनावी माहौल को और रोचक बना दिया है। राजग की बैठक में राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सभी दलों के साथ विचार-विमर्श लगभग पूरा हो चुका है और किसी को नाराजगी नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर घोषणा करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की बैठक खत्म हो गई है। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हुई है। इससे पहले जेपी नड्डा से जीतन राम मांझी मिले। ये बैठक करीब 25 मिनट चली। राजग के केंद्रीय नेताओं जैसे जितन राम मांझी और सुरेश शर्मा भी दिल्ली में बैठक कर सीटों और उम्मीदवारों पर अंतिम निर्णय लेने की प्रक्रिया में जुटे हैं। इस बीच भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने साफ किया कि वह बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा बरकरार रखेंगे। पूर्व सांसद अरुण कुमार बेटे ऋतुराज के साथ जदयू में शामिल हो गए हैं। जदयू के मिलन समारोह में पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस मौके पर मंत्री विजय चौधरी और अशोक चौधरी भी मौजूद रहे। दूसरी ओर पटना में राबड़ी आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजद) की बड़ी बैठक चल रही है, जिसकी अध्यक्षता राजद के अध्यक्ष लालू यादव कर रहे हैं। बैठक में तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल समेत तमाम वरिष्ठ नेता शामिल हैं। बैठक के बाद तेजस्वी यादव दिल्ली रवाना होंगे। जहां वे राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में चुनावी रणनीति और उम्मीदवारों पर भी चर्चा संभव है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले चरण का नामांकन 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान सभी उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। दूसरे चरण का नामांकन 13 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक निर्धारित है।

## डायन के शक में कर दी थी पति-पत्नी और बेटे की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के पेशरार प्रखंड के केकरांग बरटोली गांव में अंधविश्वास के कारण हुए दिल दहला देने वाले तिहरे हत्याकांड का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया। गत नौ अक्टूबर की रात केकरांग बरटोली गांव निवासी लक्ष्मण नगेशिया, उसकी पत्नी निफनी नगेशिया और पुत्र रामविलास (10) की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर एसडीपीओ किस्को वेदांत शंकर के नेतृत्व में बनी एसआइटी ने जांच करते हुए तीन आरोपितों सुखनाथ नगेशिया, बिंदेश्वर नगेशिया और संचरवा नगेशिया को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे मृतका निफनी पर ओझागुनी करने का संदेह करते थे और उसी अंधविश्वास में पूरे परिवार की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर खून से सना कुदाल, पत्थर, कपड़े और बाइक बरामद की है। पुलिस के समक्ष आरोपितों ने कई चौंकाने वाली जानकारियां दीं। पूछताछ के बाद तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## एक नजर

### एआईएमआईएम ने मुख्यमंत्री ने नाम एसडीओ को सौंपा मांग पत्र



**बरही :** झारखंड में संचालित मदरसा, मदरसा में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं उनके परीक्षा तथा सरकारी छुट्टी को लेकर व्याप्त विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर शनिवार को एआईएमआईएम के युवा नेता सूरज दास के नेतृत्व में मांगपत्र एसडीओ को सौंपा गया। सौंपे गए मांगपत्र के तहत मदरसा की आलिम एवं फाजिल की डिग्री की मान्यता को बरकरार रखने, सहायक आचार्य उर्दू भाषा के लिए डीवी करा चुके मुस्लिम अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने, दलितों के उत्पीड़न पर रोक लगाने, उसके रोक थाम के लिए विशेष न्यायालय की गठन करने, झारखंड में मदरसा बोर्ड का गठन करने, उर्दू छुट्टियों की संख्या बढ़ाने, दलितों की भूमि को सुरक्षा प्रदान करने, ईद बकरीद एवं मुहर्रम की छुट्टी पूर्व की भांति करने की मांग शामिल है।

### चलकुशा में अमित हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रिकल्स द्वारा मिस्त्री मीट का हुआ आयोजन

**चलकुशा (हजारीबाग ):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलगडीहा के बिपिन सीमेंट सेंटर में अमित हार्डवेयर इलेक्ट्रिकल के द्वारा सीनियर स्कूटी के उपस्थिति में मिस्त्री के साथ मीटिंग किया गया। जिसमें अपोलो पाइपिंग एक अन्य सामग्री की विशेषता के बारे में बताया गया। सीनियर स्कूटी ने बताया कि अपोलो पाइपिंग सिस्टम के विभिन्न प्रकार के पाइप, पानी टंकी एवं अन्य सामग्री ओर से बेहतर है वहीं पो० अमित कुमार वर्णवाल ने बताया कि उचित मुल पर समाग्री उपलब्ध है।मौके पर अजय यादव, रामेश्वर ठाकुर, अर्जुन धोबी, अर्जुन पंडित, संजय दास, पिंटू अंसारी, भोला राम, किशोरी सिंह, मीनार अंसारी क्यों माने लोग मौजूद थे।

### झारखंड पर्यटन मंत्री ने मेगालिथ स्थल का किया निरीक्षण

**बड़कागांव :** विश्व प्रसिद्ध पकरी बरबाडीह मेगालिथ स्थल की संरक्षण एवं सुंदरीकरण को लेकर झारखंड राज्य के पर्यटन मंत्री सुदीप कुमार सोनू ने शनिवार को बड़कागांव का दौरा कर मेगालिथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 2000 ईस्वी में मेगालिथ स्थल की खोज करने वाले खोजकर्ता सुभाषित दास ने मंत्री को मेगालिथ स्थल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं उसके महत्व को बताया। और इसे जल्द से जल्द संरक्षण करने की मांग की है। इस दौरान मंत्री ने मेगालिथ स्थल की जमीन से संबंधित अंचल के कर्मियों से विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की। जिसमें अंचल की ओर से बताया गया कि मेगालिथ स्थल के लिए 14 एकड़ जमीन अधिग्रहण करना है। जिसमें लगभग 80– 100 खतियानी रैयत हैं।

वहीं मंत्री ने कहा कि जिनकी भी जमीन अधिग्रहण होगा उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। बताते चलें कि हजारीबाग जिले से 26 किलोमीटर दूर पकरी बरवाडीह का मेगालिथ स्थल विश्व में विख्यात है। इसकी खोज 2000 ई. में हजारीबाग नवाबगंज सेवानिवृत्ति शिक्षक सुभाषित दास के द्वारा की गई थी। इस मेगालिथ स्थल से 19 मार्च एवं 23 सितंबर को दो पत्थरों के बीच से सूर्य का करवट बदलते खूबसूरत नजर देखा जाता है। इस प्रकार का दूसरा दृश्य भारत के अलावा इंग्लैंड में देखा जाता है। शोध के लिए देश-विदेश से लोग आते रहते हैं। इस स्थल को पाषाण काल का घड़ी का पंचांग भी कहा जाता है। आदिवासी लोग पत्थरों पर सूर्य की किरणें पड़ने के पश्चात समय का आकलन करते थे।

# राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण :** फिटनेस और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चौपारण के केसरवानी धर्मशाला परिसर में शनिवार को राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी और आमजन मौजूद रहे। इस दो दिवसीय आयोजन में हजारीबाग, रांची, धनबाद, बोकारो, कोडरमा, गिरीडीह, चतरा और गया जिलों से सौ से अधिक खिलाड़ी पहुंचे हैं, जो ताकत और तकनीक का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। पहला दिन महिला खिलाड़ियों के नाम रहा। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग की खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विभिन्न एज ग्रुप में ज्योति, मनीषा, जीवन, शिवांगी और अलीशा ने अपनी ताकत और तकनीक से दर्शकों का दिल जीत लिया।प्रतियोगिता का संचालन रांची और हजारीबाग के अनुभवी कोच और रेफरी राजकुमार थापा, विशाल झा और उनकी टीम कर रही है। इनकी टीम में छ सदस्य शामिल हैं जो नेतृत्व, रेफरी और मार्गदर्शन का काम कर रहे हैं। आयोजन एवी फिटनेस के सदस्य अविनाश केसरी, रौशन केसरी, आशीष यादव, सूरज, रीतेश और वैभव ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि फिट चौपारण हेल्दी चौपारण का संदेश लेकर आया है। उनका कहना है। युवाओं को नशे से दूर कर खेल और अनुशासन से जोड़ना ही इस प्रतियोगिता का असली मकसद है। समाचार लिखे जाने तक प्रतिस्पर्धा जारी थी। रविवार को पुरुष वर्ग की स्पर्धा और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। इस मौके पर शंकर यादव, सीएससीए सचिव शशि शेखर, अध्यक्ष तस्लीम रजा, आपदा मित्र संयोजक दिलीप राणा, राजेश सहाय, सोनू सिंह, बिक्रम सिंह, अरविंद सिंह, बीरेंद्र शर्मा, प्रकाश केसरी, बजरंग केसरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने खिलाड़ियों के मनोबल को बढाते हुए कहा कि आप सभी युवा अपने अनुशासन और मेहनत से चौपारण ही नहीं, पूरे राज्य का नाम रोशन करेंगे। नशा के खिलाफ आयोजकों ने अच्छा संदेश दिया है। नशे के बीच फिटनेस की नई लहर चौपारण का सीमावर्ती क्षेत्र लंबे समय से अफीम की खेती और शराब तस्करी के कारण बदनाम रहा है। यहां बड़ी संख्या में युवा नशे की चपेट में आ चुके हैं। लेकिन इसी धरती से अब फिटनेस और खेल की एक नई लहर उठ रही है। मुट्ठीभर युवाओं के प्रयास से आयोजित यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता चौपारण की पहचान बदलने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है। स्थानीय लोग इस पहल से प्रभावित होकर अपने बच्चों को खेल और फिटनेस से जोड़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ अभिमान के तहत हस्ताक्षर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** झारखंड कांग्रेस कमिटी के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत शनिवार को बरही प्रखंड में हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक जेपी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पूर्व विधायक प्रत्याशी अरूण साहु मौजूद थे।इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनादेश सर्वोपरि होता है। जनता का विश्वास और मत ही हमारे लोकतंत्र की नींव है और इस जनादेश को चोरी या अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हकों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, और यह लड़ाई निर्णायक मोड़ तक जारी रहेगी। पूर्व विधायक प्रत्याशी अरूण साहु ने कहा कि जनादेश का अपमान लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला है, और हम इस 'वोट चोरी' को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। जनता की ताकत ही कांग्रेस का बल है, और हम इस आंदोलन को गाँव-गाँव तक लेकर जाएंगे। कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए जा रहे ₹वोट चोरी₹ के गंभीर मुद्दे को जोरदार तरीके से जनता के बीच रखा है और लोकतंत्र विरोधी ताकतों को करारा जवाब देने का आह्वान किया। इस मौके पर कांग्रेस के जिला, प्रखंड, बीस सूत्री समिति, पंचायत स्तरीय पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शामिल हुए।

## एनटीपीसी एनएमएल के द्वारा मशरूम की खेती के लिए महिलाओं के बीच किट का किया गया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** एनएमएल की पकरी बरवाडीह एवं बादम कोयला खनन परियोजनाओं की स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ द्वारा ग्रामीण महिलाओं को मशरूम उत्पादन किट वितरित की गई। यह कार्यक्रम ढेंगा स्थित मशरूम उत्पादन केंद्र में आयोजित किया गया, जहां संघ की अध्यक्षा अनिता दाश ने आसपास के गांवों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ये किट सौंपीं। यह पहल हाल ही में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा शुरू किए गए सक्षम आजीविका मिशन के अंतर्गत की गई है, जिसका उद्देश्य परियोजना प्रभावित ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्रदान कर सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। अजीविका मिशन के पहले चरण में ढेंगा गांव में मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिसके तहत ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण एवं आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है ताकि वे मशरूम उत्पादन से स्थायी आय अर्जित कर सकें।यह कार्यक्रम एनटीपीसी की सतत विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता का एक और सशक्त उदाहरण है। इस कार्यक्रम के दौरान जागृति महिला संघ की अध्यक्षा अनिता दाश के अलावा महिला संघ के वरिष्ठ सदस्य एवं एनएमएल पकरी बरवाडीह के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना पर आक्रोश, कांग्रेस ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** सर्वोच्च न्यायालय में भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई पर एक अधिवक्ता द्वारा जूता फेंकने की घटना को लेकर राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, जिला हजारीबाग ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार पासवान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह घटना न केवल एक व्यक्ति पर हमला है, बल्कि पूरे अनुसूचित जाति समुदाय और संविधान की गरिमा पर आघात है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी यदि देश का दलित मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय में सुरक्षित नहीं है, तो आम दलित नागरिक की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न उठते हैं। पार्टी ने इस मामले में तीन प्रमुख माँगें रखी हैं –जिनमें हमलावर अधिवक्ता पर तत्काल बर्खास्त करते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई करने , इस कृत्य को गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम - वअढअ के तहत मुकदमा दर्ज करने तथा भारत सरकार न्यायपालिका सहित सभी संस्थानों में जातिगत अपमान के प्रति शून्य सहिष्णुता नीति अपनाने की घोषणा करने की मांग शामिल है। जिला अध्यक्ष मुकेश पासवान ने कहा कि एक दलित पर चोट, राष्ट्र की आत्मा पर चोट है। यह घटना देश के संविधान और सामाजिक न्याय की भावना पर गंभीर प्रहार है। मांग का समर्थन करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक पासवान, मुकेश पासवान, आकाश भारती, विनोद दास, प्रदीप राम, दिल्ली टोप्पो,ओम प्रकाश आदि शामिल हैं।

## श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई गई करवा चौथ, पति की दीघार्यु की कामना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही में शुक्रवार 10 अक्टूबर को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ करवा चौथ का पर्व मनाया गया। इस दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखी। आधुनिक समय में अविवाहित लड़कियां भी करवा चौथ का व्रत रखती हैं। ऐसा माना जाता है कि इस व्रत को करने से अविवाहित लड़कियों को मनचाहा पार्टनर मिलता है।इस व्रत के पुण्य-प्रताप से व्रती के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। व्रती उषा रानी एवं पनम सिंह ने बताया कि सरगी से करवा चौथ के व्रत की शुरूआत होती है। वहीं छलनी से चंद्र देव के दर्शन और पति को देखकर व्रत का समापन होता है। पंडित बिपिन बिहारी पांडेय ने बताया कि हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ मनाया जाता है। यह पर्व करवा माता को समर्पित होता है। कहते हैं कि कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा माता की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है। साथ ही व्रती के सुख-सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। पंडित सुरेश शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में करवा चौथ व्रत का खास महत्व है। इस पर्व में चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोला जाता है। इस समय पति का चेहरा भी छलनी से देखा जाता है। जानकारों की मानें तो पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का व्रत की जाती है।

# गौरियाकर्मा आईसीएआर में किसानों ने देखा पीएम धन-धान्य कृषि योजना का लाइव प्रसारण

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव




**बरही :** राष्ट्रीय कृषि योजनाओं का किसानों को लाभ, आईएआरआई की तकनीको से किसानों का उद्धार- जन प्रतिनिधि आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, झारखंड परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए राष्ट्रीय शुभारंभ के लाइव प्रसारण के साथ समन्वित रहा। झारखंड परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और किसानों की सक्रिय भागीदारी रही। हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 233 किसान इस अवसर पर आमंत्रित किए गए थे। इस योजना का उद्देश्य आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि, कृषि अवसंरचना को सुदृढ़ करना तथा दाल, तिलहन और अन्य प्रमुख फसलों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस. के. महांता (परिसर प्रभारी), डॉ. विशाल नाथ , डॉ. पंकज सिन्हा, डॉ. कृष्णा प्रकाश ,मुखिया सरिता देवी, मुखिया, गौरियाकर्मा पंचायत कुमारी मीरा विकास कुमार ,पंचायत समिति केदारूत पंचायत आईसीएआर, आईएआरआई, झारखंड के वैज्ञानिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. महांता ने कहा कि पीएम डीडीकेवाई ग्रामीण समृद्धि को गति देने और समावेशी कृषि विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अतिथियों ने झारखंड के किसानों में सतत एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों के प्रसार हेतु आईसीएआरझआईएआरआई के प्रयासों की सराहना की। इसी अवसर पर एकीकृत कृषि प्रणाली पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें बरही एवं बरकट्ठा प्रखंडों के 50 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का समन्वय डॉ. आशा कुमारी, वैज्ञानिक, आईसीएआर आईएआरआई, झारखंड द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही पुलिस ने अफीम के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार



बरही : झारखंड सरकार के मादक पदार्थों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के खिलाफ बरही पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बरही थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रसोइया धमना के पास से एक युवक को अफीम की अवैध तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान राजकुमार सिंह पिता कारू सिंह, ग्राम–गंगाअहार, पो पाण्डेयबारा, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग के रूप में हुई।इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि चौपारण के तरफ से एक व्यक्ति अफीम की तस्करी करने के लिए बरही की ओर आ रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना की जानकारी वरिय अधिकारियों को देते हुए पुलिस अवर निरीक्षक रूपलाल यादव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर सूचना की सत्यता को लेकर धमना के पास से संदेह के आधार पर युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। एसडीपीओ अजित कुमार विमल के द्वारा पुछताछ में उसके दाहिने हाथ में रखे पीले रंग के प्लास्टिक की जांच की गई। जिसमें गिला अफीम जैसा पदार्थ पाया गया। बरामद पदार्थ को इलेक्ट्रीक माप–तौल मशीन से मापने पर उसका वजन 360 ग्राम पाया गया। जिसका कागजात मांगने पर कोई प्रमाण नहीं दिया। युवक द्वारा आवश्यक कागजात नहीं देने के कारण उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत बरही थाना कांड संख्या 380/25 दर्ज कर जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में पुअनि रूपलाल यादव,पुअनि मृत्युजय कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

### सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**बरही :** बरही शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना में सीसीए के तहत दिवाली के उपलक्ष में दीपक, मोमबती एवं रंग–बिरंगे लाइट्स बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्रथम से दशम के विद्यार्थियों ने भाग लिया।
प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक लाइट्स ,मोमबत्ती एवं दीया बनाए। प्रतिभागियों के कला को देखते हुए विद्यालय के निर्देशक टुकलाल साव ने कहा की दीया बनाने की कला सदियों पुरानी परंपरा है, जो मिट्टी को आकार देने और उसे सजाने पर आधारित है।
प्रतिभागियों में सीनियर ग्रुप से कक्षा 9 वी से सीता कुमारी, कक्षा आठवीं से सोनम परवीन प्रथम, कक्षा सातवीं से गुलनाज ग्रुप, कक्षा नौवीं से चंदन कुमार ने द्वितीय वही कक्षा आठवीं से अनुष्का ग्रुप और कक्षा छठी से रचना ग्रुप में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर ग्रुप मे कक्षा तीसरी से आयुष कुमार ने प्रथम और मिस्टी गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा चौथी से रिंकी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार और सलाहकार राजेंद्र प्रसाद एवम सहायक शिक्षक शिक्षाओं में अजय कुमार ,शिबू कुमार, अरुण कुमार,नरेश कुमार ,सरिता कुमारी नुरेशा खातून, साबित कुमारी, सोनी कुमारी ,पुष्पा कुमारी ,मोनिका कुमारी आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

### स्टेट गोल्ड मेडल चैंपियन दिव्या को बी.एम. स्कूल ने किया सम्मानित



**बड़कागांव :** खेलो झारखंड 2025 प्रतियोगिता में बड़कागांव आदर्श गुरु चट्टी निवासी वार्ड सदस्य रिंकी देवी एवं हुलास प्रसाद दांगी की पुत्री दिव्या लक्ष्मी ने यूसयू खेल मुक्केबाजी में झारखंड स्टेट गोल्ड मेडल चैंपियन बनकर बड़कागांव प्रखंड का नाम रोशन की है।
इस गौरव के क्षण पर बी.एम. मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा के नेतृत्व में स्कूल परिवार के शिक्षको द्वारा फलदार आम के पौधा, मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर बी.एम. मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि हम सभी बड़कागांव वासियों के लिए यह एक गौरव का क्षण है कि आज हमारे घर की बेटी स्टेट चैंपियन बनकर बड़कागांव का नाम रोशन किया है।
मौके पर बी.एम. मेमोरियल स्कूल के निर्देशक संदीप कुशवाह , प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्या पूनम कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान,महेंद्र विश्वकर्मा ,आनंद राज, राजेश रवि ,विकास ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 90 वर्षीय मंदिर पुजारी का निधन, गांव में शोक की लहर



**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड के महुगाईकला गांव का देवी मंडप दुर्गा मंदिर के 90 वर्षीय पुजारी पटन राणा उर्फ भगत बाबा का 9 अक्टूबर की शाम निधन होने से गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पुजारी राणा के निधन के बाद दो पुत्र अन्य प्रदेश से आने का इंतजार में आज 11 नवंबर को गाजे–बाजे के साथ शव यात्रा निकालते हुए महुगाईकला शमशान घाट में अग्नि संस्कार किया गया। स्वर्गीय राणा का बड़ा पुत्र सीटन राणा ने मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे पत्नी मनवा देवी, तीन पुत्र सिटन राणा, उमेश राणा, दिनेश राणा एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। मृदु भाषी पुजारी के शव यात्रा में ग्रामीण महिला– पुरुष ने नम आंखों से विदाई दी। अग्नि संस्कार में पंचायत के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध लोग सहित सकड़ों ग्रामीण शामिल थें।

## एक नजर

### ठंड के दस्तक देते ही झारखंड के तापमान में आने लगी गिरावट

**रांची** : झारखंड के विभिन्न जिलों में ठंड शुरू होते ही तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आने लगी है। ठंड बढ़ने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में गिरावट होगी। हालांकि बीच-बीच में मौसम में होने वाले परिवर्तन के चलते तापमान में दो - चार डिग्री कमोबेश होगा। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी। वहीं अभी भी राज्य के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 34 डिग्री के पार है जो आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने से कम होगी। विभाग के अनुसार शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को झारखंड के कई जिलों में तापमान में एक से दो डिग्री की कमी दर्ज की गई।। जिन जिलों में तापमान में कमी आई है उनमें रांची में शुक्रवार की तुलना में शनिवार को न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की कमी दर्ज की गई। इसी तरह से डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान में एक डिग्री की कमी, बोकारो में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की कमी और चाईबासा में अधिकतम तापमान में एक डिग्री की कमी दर्ज की गई। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के कुछ इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश मनोहरपुर में 20 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा सोनुआ, कुरडेग, अड़की, गुमला सहित कई इलाकों में 10 से 14 मिलीमीटर तक बारिश रिकार्ड की गई।

### कॉन्वेंट आशा निवास में जुबिली और व्रत धारण अनुष्ठान आयोजित

**रांची** : संत जोसफ ऑफ अपारिशन की धर्मबहनों के लिए शनिवार को डोरंडा स्थित उनके कॉन्वेंट आशा निवास में जुबिली एवं व्रत धारण करने से संबंधित अनुष्ठान आयोजित की गई। इस अवसर पर रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने जुबिली का धन्यवादी मिस्सा बलिदान अर्पित किया। इसके साथ ही छह धर्मबहनों ने महाधर्माध्यक्ष के सम्मुख व्रत धारण की धर्मविधि पूरी की। सिस्टर स्तेला एक्का ने गोल्डेन जुबिल, एलिजाबेथ रानी ने सिल्वर जुबिली मनाया। साथ में अल्बिना सुरीन, अनिमा बागे सहित अन्य ने ब्रह्मचर्य, निर्धनता और आज्ञाकारिता का अजीवन व्रत धारण किया। मौके पर समारोही मिस्सा बलिदान की अगुवाई करते हुए रांची कैथलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने कहा कि निर्धनता, आज्ञाकारिता जैसे गुणों को अपनाते हुए, दाखलता के समान प्रभु से जुड़कर प्रभु की दाखबारी में फलदायी बनें।

### कुड़मी की एसटी मांग के विरोध में आज महारैली

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय के सामने 12 अक्तूबर को आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा की ओर से विशाल रैली बुलाई गई है। जिसमें हजारों आदिवासी समाज के महिला-पुरूष पारंपरिक वेशभूषा मे शामिल होंगे। यह रैली पद्मश्री डॉ राम दयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित है। रैली को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे से मोरहाबादी मैदान से आक्रोश रैली के शक्ल में शुरू होगी। जिसमें आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और धार्मिक नेता उपस्थित रहेंगे। वहीं, कुडमी एसटी मांग के विरोध को लेकर 17 अक्तूबर को आदिवासी हुंकार महारैली आयोजित की गई है। यह रैली आदिवासी बचाओ मोर्चा एवं विभिन्न आदिवासी संगठन के द्वारा बुलाई गई है। यह रैली धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित किया गया है। इस रैली में तीन सूत्री मांग किए जायेंगे। आदिवासियों के संवैधानिक हक अधिकारों पर कब्जा करने का प्रयास बंद हो, राजनीतिक, प्रतिनिधित्व, हिस्सेदारी नौकरी और आरक्षण की मांग को बंद किया जाए।

# सीताराम मारू की जन्म शताब्दी पर राज्यपाल ने स्मारक डाक टिकट का किया लोकार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की गरिमामयी उपस्थिति में आज राज भवन में भारतीय डाक विभाग द्वारा स्वर्गीय सीताराम मारू की जीवन एवं योगदान पर आधारित स्मारक डाक टिकट जारी किया गया। राज्यपाल ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय सीताराम मारू मां भारती के ऐसे तपस्वी और कर्मठ सपूत थे, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया। उनकी जन्म शताब्दी पर डाक विभाग द्वारा स्मारक डाक टिकट जारी करना उनके जीवन और कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि है। राज्यपाल ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सामाजिक व सांस्कृतिक चेतना जगाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन निरंतर समाज और राष्ट्र की सेवा में व्यतीत हुआ। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में मारवाड़ी सहायक समिति और नागरमल मोदी सेवा सदन की स्थापना में अविस्मरणीय योगदान दिया। संस्कृति विहार के अध्यक्ष के रूप में संस्कृति संरक्षण और शिक्षा, चिकित्सा व ग्रामोन्नति की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रेरणा से उन्होंने रांची एक्सप्रेस और जय मातृभूमि जैसे समाचार पत्र प्रारंभ किए, जिन्होंने राष्ट्रवाद की भावना को जन-जन तक पहुँचाने और समाज को दिशा देने का कार्य किया। धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी गहरी आस्था का प्रमाण बुंडू (रांची) स्थित सूर्य उपासना भवन (सूर्य मंदिर) का निर्माण है, जो आज झारखंड का प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है। सीताराम मारू का जीवन इस बात का सजीव उदाहरण है कि निःस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा करने वाला व्यक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शक बन जाता है। राज्यपाल ने भारतीय डाक विभाग को बधाई देते हुए कहा कि मारू जी पर आधारित यह स्मारक डाक टिकट नयी पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा। समारोह में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू समेत स्वर्गीय सीताराम मारू के परिजन, भारतीय डाक विभाग के अधिकारीगण एवं अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अध्यक्षता में घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक हुई। बैठक के दौरान राजनेताओं से मार्गदर्शिका एवं उपचुनाव संबंधित अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश साझा किए गए। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 45- घाटशिला (अ.ज.जा) विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रवृत्त हो गई है। उप चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि वे आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए अपने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को भी जागरूक करें, ताकि स्थानीय स्तर के कार्यकर्ताओं की ओर से आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे अपने बीएलए-1 एवं बीएलए-2 को नियुक्त करते हुए सक्षम पदाधिकारियों तक इनका विवरण ससमय साझा करें, जिससे कि उपचुनाव संबंधित विषयों पर समन्वय स्थापित किया जा सके। के. रवि कुमार ने बताया कि उपचुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर अंदर एवं बाहर की ओर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत और सीमाओं पर चेकपोस्ट भी तैयार किए गए हैं, जिसपर सीसीटीवी द्वारा वेबकास्टिंग के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ आदर्श-आचार संहिता के दौरान क्या करें क्या न करें से संबंधित दिशा-निर्देश, भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी प्रेस नोट की कॉपी, मतदान केंद्र पर अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के लिए मार्गदर्शिका एवं उपचुनाव संबंधित दिशा-निर्देश साझा किए गए। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए कहा कि इसपर भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निदेर्शों को ध्यान में रखते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि किसी आपराधिक पूर्ववृत्त वाले अभ्यर्थी के चयन की स्थिति में फॉर्म 1, 2 और 7 में जानकारी का प्रकाशन संबंधी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

### छठ महापर्व की तैयारी को लेकर रांची नगर निगम की समीक्षा बैठक

**रांची** : लोक आस्था का महापर्व छठ को देखते हुए रांची नगर निगम ने शहर के सभी तालाबों और घाटों की सफाई, मरम्मत और अन्य जरूरी तैयारियों के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इस संबंध में आज निगम कार्यालय में प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई, जिसमें निगम के सभी विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में शहर के 74 जलाशयों की स्थिति पर प्रस्तुतीकरण दिया गया और सभी शाखाओं को अपने-अपने कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रशासक ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी मिलजुलकर काम करें और घाटों की सफाई ऐसे करें कि कहीं भी गंदगी या कंकड़ नजर न आए।

# झामुमो को मिले बिहार में सम्मानजनक सीटें बीजेपी को हराने में मोर्चा सक्षम : सुप्रियो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज रांची में प्रेस वार्ता कर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति का खुलासा किया। भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो बिहार में चुनावी लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है और पार्टी महागठबंधन के साथ ही चुनाव मैदान में उतरेगी। भट्टाचार्य ने कहा कि जनता ने तय कर लिया है कि वे एनडीए की सरकार को हटाकर महागठबंधन को सत्ता में लाना चाहते हैं। उन्होंने झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शुरू हुए कामों का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार के लोग भी झारखंड जैसी विकास दर और जीवन स्तर चाहते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि झामुमो का बिहार के साथ सिर्फ बेटी-रोटी का रिश्ता नहीं बल्कि बड़े भाई-छोटे भाई जैसा है। भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि झारखंड में आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को जिस तरह 20 वर्षों में राजनीतिक दबाव और असमानता का सामना करना पड़ा, उसी प्रकार की स्थिति बिहार में भी है। इसलिए झामुमो वहां चुनावी संघर्ष में उतर रहा है। न्होंने महागठबंधन में सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि राज्य में राजद, कांग्रेस और माले को सम्मानजनक हिस्सेदारी दी गई है। 2019 में आरजेडी को 7 सीटें दी गईं, जिसमें केवल एक जीत हासिल हुई थी और उस प्रतिनिधि को पूरे पांच वर्ष मंत्री बनाए रखा गया। इस बार भी झामुमो ने 5% हिस्सेदारी यानी 6 सीटें राजद को दी हैं। ट्टाचार्य ने बताया कि झामुमो की केंद्रीय समिति की बैठक 15 तारीख को हो रही है, जिसके बाद सीटों पर अंतिम फैसला होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि झामुमो स्वतंत्र राजनीतिक दल होने के नाते फॉर्म ए और फॉर्म बी भरकर चुनाव लड़ने में सक्षम है और भाजपा के खिलाफ मजबूती से मैदान में उतरेगी।

# आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक दूसरे के पूरक : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में स्वदेशी अभियान का लोकार्पण किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अभियान के तहत स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और हर घर स्वदेशी का संदेश फैलाने का आह्वान किया। बाबूलाल मरांडी ने लोगों से आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, मोबाइल, खिलौना, टेक्सटाइल, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों पर जोर दिया और युवा पीढ़ी से स्वदेशी भाव अपनाकर देश को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक दूसरे के पूरक हैं। स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर और स्वदेशी उत्पादों को अपने दैनिक जीवन में अपना कर भारत का प्रत्येक नागरिक भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा योगदान दे सकता है। मरांडी ने कहा कि भारत का प्राचीन इतिहास गौरवशाली और वैभवशाली रहा है। 125 ईसा पूर्व मौर्यकाल में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश था। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी ) में भारत का योगदान 33 प्रतिशत था। 16वीं शताब्दी तक विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी 24.4 प्रतिशत जीडीपी की भागीदारी के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक क्षेत्र था। लेकिन गुलामी की लूट-खसोट ने 1947 तक विश्व अर्थव्यवस्था में भारत के जीडीपी की भागीदारी 4 प्रतिशत पर पहुंच गई। 1947 में विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला भारत सबसे गरीब देशों की श्रेणी में 136वें स्थान पर पहुंच गया।

# कल्याण मंत्री चमरा लिंडा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की नियमित समीक्षा से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक योजना का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। लिंडा शनिवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। कल्याण मंत्री ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में विशेष रूप से प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के लंबित भुगतानों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। कल्याण मंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए केंद्र सरकार से लंबित राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर पहल की जा रही है। इसके अलावा वन अधिकार अधिनियम, धरती आवास ग्राम उत्कर्ष योजना, संविधान अनुच्छेद 275 के अंतर्गत स्वीकृत योजनाएँ, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सरना-मसना स्थल संरक्षण कार्य, छात्रावास और आवासीय विद्यालयों की स्थिति, तथा वाद्य यंत्र वितरण योजना जैसे प्रमुख विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री लिंडा ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह विभाग को प्रस्तुत की जाए ताकि निगरानी और मूल्यांकन की प्रक्रिया मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचे और हर योजना का परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे। मंत्री ने यह भी कहा कि विभागीय अधिकारी लाभार्थियों से सीधे संवाद स्थापित करें और उनके सुझावों को योजनाओं के सुधार में शामिल करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। मंत्री श्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार आदिम जनजातियों के समग्र उत्थान और विकास के लिए विशेष रूप से संवेदनशील है। आदिम जनजाति समुदाय राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा हैं। सरकार उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए विशेष योजनाओं पर कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि आदिम जनजाति क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाओं को समाज के सबसे निचले तबके तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी प्राथमिकता है कि योजनाएँ सिर्फ कागज पर नहीं, जमीन पर दिखाई दें और समाज के हर वर्ग को उनका वास्तविक लाभ मिले। बैठक में कल्याण सचिव श्री कृपा नन्द झा, कल्याण आयुक्त श्री कुलदीप चौधरी सहित जिलों के कल्याण पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईईडी विस्फोट में शहीद सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**रांची** : चाईबासा के सारंडा जंगल में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में वीरगति को प्राप्त हुए सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर को रांची स्थित सीआरपीएफ कैंप में शनिवार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शनिवार को धुर्वा, रांची स्थित सीआरपीएफ की 133वीं बटालियन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम सलामी दी। उनके साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड के मुख्य सचिव, डीजीपी, आईजी सीआरपीएफ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### श्रद्धेय सीताराम जी मारू के जन्म शताब्दी पर 174वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन



**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 174 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्यामसुंदर शर्मा रमेश अर्चना आदित्य स्वेता भाला ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। कोलकाता निवासी रामावतार भाला गीता देवी भाला ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल उपमा इडली चटनी केसरिया जलेबी बिस्किट का प्रसाद वितरण किया गया। खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है। भोग लगने के बाद हर भंडारे में मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा एवं मंदिर के सहयोगी रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया।

### सरला बिरला में झारखण्ड मॉडल यूनाइटेड नेशंस 2025 का दो-दिवसीय आयोजन प्रारंभ



**रांची** : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची में 11 अक्टूबर को झारखण्ड मॉडल यूनाइटेड नेशंस 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ जिसमें पूरे राज्य के 55 विद्यालयों ने भाग लिया। यह दो दिवसीय आयोजन कूटनीति, नेतृत्व क्षमता और वैश्विक जागरूकता के उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिससे इस औपचारिक उद्घाटन को प्रारंभिक स्वरूप मिला। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी प्रतिनिधियों को संसदीय प्रक्रियाओं, समिति संरचनाओं और वाद-विवाद के नियमों से परिचित कराया गया। इसके पश्चात आइस-ब्रेकिंग गतिविधियों, समूह चर्चाओं और संवादात्मक कार्यशालाओं के माध्यम से सहयोग तथा आत्मविश्वास के निर्माण पर बल दिया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बहसों, कॉकस, और रिजॉल्यूशन ड्राफ्टिंग में भाग लिया, विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधियों द्वारा गठित विभिन्न अनुकरणात्मक समितियों ने विश्व और राष्ट्र से संबंधित विविध विषयों पर चर्चा की। वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यू.टी.ओ.) ने वैश्विक शुल्क युद्धों में वृद्धि और उनके बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली पर प्रभावों की समीक्षा की। यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल (यू.एन.एस.सी.) ने मानवीय सहायता के नाम पर किए जाने वाले एकतरफा सैन्य हस्तक्षेपों की वैधता पर विचार-विमर्श किया। लोकसभा ने आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर्स एक्ट, 1958 (ए.एफ.एस.पी.ए. अधिनियम, 1958) के नागरिक स्वतंत्रता, कानून के शासन और जम्मू-कश्मीर एवं पूर्वोत्तर राज्यों की क्षेत्रीय स्थिरता पर प्रभावों का विश्लेषण किया।

### खेलों से टीम भावना, एकता, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है : प्राचार्य

**रांची** : रांची के हेहल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड के 29 जिलों से डीएवी के विभिन्न विद्यालयों से कलस्टर लेवल (समूह स्तर) पर चयनित खो-खो के 468 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य सह क्षेत्रीय सहायक बिपिन राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि टीम भावना, एकता, अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है और यह विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए तैयार करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। विद्यार्थियों ने भी खेल शिक्षक एसके मंडल, एसएम अजीम, प्रोलय करमकार, अमरनाथ तिवारी और एसके पटनायक के मार्गदर्शन में उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में बालक-बालिका वर्ग के अन्दर 14, 17 और 19 वर्ष के प्रतिभागी शामिल हुए। इसमें अंडर 14 बालक-95 और बालिका-77, अंडर-17 बालक-79 और बालिका-80 एवं अंडर-19 बालक-69 एवं बालिका-80 यानि कुल 468 प्रतिभागी शामिल हुए।

## एक नजर

### अवैध बालू खनन पर सीओ की बड़ी कारवाई, ट्रैक्टर जब्त



बोकारो : जिले में जहां अवैध बालू और कोयला कारोबार पर लगाम कसने की जरूरत है, वहीं गोमिया प्रखंड में प्रशासन की सख्ती दिखाई दी। गोमिया के अंचल अधिकारी (सीओ) आफताब आलम के नेतृत्व में गठित टीम ने बोकारो नदी पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बालू उठाव करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया।कार्रवाई के दौरान संबंधित ट्रैक्टर का मालिक और चालक भी मौके से गिरफ्तार कर लिए गए, जबकि कई अन्य ट्रैक्टर मौके से भागने में सफल रहे। पकड़े गए ट्रैक्टर, मालिक और चालक को सीओ ने गोमिया थाना पुलिस के हवाले कर दिया और इस मामले में लिखित आवेदन देकर सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।गोमिया पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त करते हुए मालिक और चालक को न्यायिक प्रक्रिया के लिए तेनुघाट कोर्ट भेज दिया है। इस कार्रवाई के बाद सीओ आफताब आलम ने क्षेत्र में अवैध बालू खनन व कारोबार में लिप्त लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि कानून उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### अनियंत्रित स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराई बाल-बाल बचे सवार

बोकारो : सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत राम मंदिर से सेक्टर-4 जाने वाले मार्ग पर शनिवार को एक स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन डिवाइडर को तोड़ते हुए उस पर चढ़ गई। हालांकि, इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।घटना की जानकारी मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में थी, जिसके कारण चालक उसका नियंत्रण खो बैठा। पुलिस ने वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य किया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### बोकारो में दलित सीजीआई पर हमले के विरोध में कांग्रेस का ज्ञापन



बोकारो : देशव्यापी निर्देश के तहत बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग की ओर से आज एक प्रतिनिधिमंडल ने उप विकास आयुक्त को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई पर जूता फेंकने की निंदनीय घटना के विरोध में दिया गया।जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप रजक के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि न्यायमूर्ति गवई, जो स्वयं दलित और बौद्ध समाज से आते हैं, पर हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि पूरे अनुसूचित जाति समुदाय, देश की गरिमा और संविधान के मूल मूल्यों पर आघात है। कांग्रेस नेताओं ने इसे जातिगत घृणा से प्रेरित शर्मनाक कृत्य बताते हुए आरोपी अधिवक्ता पर तत्काल और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।प्रतिनिधिमंडल में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, प्रदेश सचिव अमल दास, अवधेश यादव, अशोक दास, श्रीकांत दास, रेनुका बाउरी, ममता देवी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




बोकारो : शनिवार को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में सामूहिक सतर्कता व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा से अधिक शक्तिशाली है विषय पर अंग्रेजी और हिंदी भाषा में अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा तथा मुख्य महाप्रबंधक सुश्री नीता बा उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 13 विद्यालय के 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी और संबोधित किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मणिकांत धान, महाप्रबंधक एवं प्रमुख संचार, डॉ तृप्ति चंद्रा, एसीएमओ तथा महिला समिति से ऋचा प्रियदर्शनी उपस्थित थे। अंग्रेजी में संपन्न वाद-विवाद प्रतियोगिता में पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के अर्पण कुमार को प्रथम स्थान, चिन्मया विद्यालय के अभिनव पाठक को द्वितीय स्थान तथा सेंट जेवियर्स स्कूल की तृषा सिन्हा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के हर्षित सिंह को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। हिंदी के वाद-विवाद प्रतियोगिता में गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल की आकृति मिश्रा को प्रथम, चिन्मया विद्यालय के पियूष कुमार को द्वितीय, पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के अयान रजा को तृतीय तथा चिन्मया विद्यालय की इशिता मुखर्जी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। कार्यक्रम के विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का सञ्चालन वरीय प्रबंधक सुश्री चित्रा पराशर के द्वारा किया गया।

## पंचायत में बीडीओ एवं अधिकारियों ने किया विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



जयनगर (कोडरमा): शनिवार को जयनगर प्रखंड अंतर्गत कटिया पंचायत का औचक निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार के नेतृत्व में किया गया। निरीक्षण दल में सहायक अभियंता तारीख अनवर, आवास समन्वयक सुमित कुमार झा, पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं BFT उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों द्वारा निर्माण कार्य में की जा रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा संबंधित लाभुकों को नोटिस जारी करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही मनरेगा योजनाओं, पंचायत भवन, रजिस्टर एवं अभिलेखों के रखरखाव की भी विस्तृत समीक्षा की गई। टीम ने आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय एवं अन्य सरकारी महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का भौतिक सत्यापन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभुकों तक पहुँचना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लापरवाही या देरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा सह आत्मरक्षा कार्यक्रम पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



जयनगर : प्रखंड के बाघमारा स्थित सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू विद्यालय बाघमारा में आत्मरक्षा एवं सड़क सुरक्षा कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा एवं संचालन अंग्रेजी के वरीय शिक्षक पिंटू कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार उपस्थित थे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने कहा कि आज के समय में सड़क दुर्घटनाएं प्रत्येक दिन घटित हो रही हैं जिसे लेकर हम सभी को सजग होने की आवश्यकता है।निश्चित तौर पर सड़क सुरक्षा के मानक नियमों का पालन नहीं करने के कारण ऐसी घटनाएं घट रही है। हमें सड़क पर चलते समय कई तरह के नियमों का परिपालन करने की आवश्यकता है। संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आज के अभिभावक अपने बच्चों को बाइक दे देते हैं जिसके कारण उन्हें अनुभव नहीं होने के कारण कई तरह की घटनाएं घटती है। उन्होंने कहा कि जब तक विद्यार्थियों की उम्र 18 साल से अधिक ना हो तब तक उनके हाथों में बाइक की चाबी नहीं सौंपना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने के समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। एक साथ ग्रुप बनाकर सड़क पार करना नहीं चाहिए एवं बातें करते हुए सड़क पर नहीं चलना चाहिए।इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

## बोकारो से मारपीट के फरार आरोपी के खिलाफ इश्तिहार चस्पा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बोकारो : थाना हरला क्षेत्र के शिव शक्ति कॉलोनी निवासी राजू यादव उर्फ राजू चौधरी, पिता एस.एन. यादव उर्फ शिवनारायण चौधरी के खिलाफ पुलिस ने इश्तिहार चस्पा किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी वर्ष 2008 से मारपीट के एक मामले में फरार चल रहा है।इस मामले में आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 324, 504, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया था। लगातार फरारी के कारण माननीय न्यायालय बोकारो के आदेश पर पुलिस ने उनके विरुद्ध इश्तिहार जारी किया है।पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी के खिलाफ यह इश्तिहार तमिल किया जा चुका है, ताकि आम जनता को उसकी जानकारी रहे। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति राजू यादव उर्फ राजू चौधरी के ठिकाने से संबंधित जानकारी रखता है तो संबंधित थाना हरला को सूचित करें।

### बोकारो सेक्टर-6 थाना के मालखाना में लगी आग



बोकारो : बोकारो के सेक्टर-6 थाना के मालखाना में शनिवार को अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। थाना परिसर में मौजूद पुलिस अधिकारी, कर्मी और आसपास के लोगों की तत्परता से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग बुझा दी गई थी। इस दौरान किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन मौके पर पहुंचे और मालखाना में लगी आग तथा उससे हुई क्षति का निरीक्षण किया। फिलहाल पुलिस आगजनी की घटना से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रही है।

## बोकारो में खुलेगा बिहार-झारखंड का पहला विकलांग कॉलेज, दिव्यांग छात्रों को मिलेगा उच्च शिक्षा का अवसर


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बोकारो : शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बोकारो अब एक नई उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है। झारखंड के इस इस्पातनगरी में अब दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए कॉलेज खुलने जा रहा है। सेक्टर-5 स्थित आशा लता विकलांग केंद्र में आगामी 3 दिसंबर को इस कॉलेज का शुभारंभ किया जाएगा। यह बिहार और झारखंड का पहला विकलांग कॉलेज होगा। कॉलेज के प्रारंभिक चरण में आर्ट्स और कॉमर्स की पढ़ाई शुरू की जाएगी। बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग देगा, ताकि यह संस्थान सफलतापूर्वक संचालित हो सके। संस्थान के फाउंडर डायरेक्टर बी एस जयसवाल ने कहा कि केंद्र के कई छात्र पहले ही एसबीआई, रेलवे और अन्य सरकारी विभागों में कार्यरत हैं, लेकिन दसवीं के बाद उचित मार्गदर्शन न मिलने से कई विद्यार्थियों की पढ़ाई बीच में छूट जाती थी। उसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से यह कॉलेज शुरू किया जा रहा है। आशा लता विकलांग स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज की घोषणा के बाद से छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर है। पूरी तरह डोनेशन पर चलने वाला यह संस्थान दिव्यांग विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने में मदद करेगा। अब सभी की नजर इस पर है कि सरकार इस अनोखी पहल में कितनी भागीदारी निभाती है।

# तिलैया डैम में अवैध आवासीय कोचिंग संस्थानों पर जिला शिक्षा विभाग ने की छापामारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




चंदवारा : कोडरमा उपायुक्त के दिशा निर्देश पर जिला शिक्षा अधीक्षक सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के नेतृत्व में चंदवारा प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे अवैध रूप से संचालित आवासीय कोचिंग संस्थान में विशेष जांच अभियान चलाया गया । जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा कई कोचिंग संस्थानों का जांच किया गया जो बिना मान्यता के अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। जांच अभियान में सभी कोचिंग संस्थानों में लगभग पांच वर्षों से लेकर लगभग दस वर्षों के बच्चों को हॉस्टल में रख कर पढ़ाई करते है । जिसमें आवासीय कोचिंग में न सोने के सही बेड न ही पीने के लिए शुद्ध पेयजल न शौचालय एवं खाना सहित अन्य में कई गड़बड़ियां पाई गई एवं कोचिंग संस्थानो में सुरक्षा मानकों की सीधी अनदेखी पाई गई। ज्ञात हो कि तिलैया डैम में लगभग सैकड़ों आवासीय कोचिंग संस्थान बिना मान्यता के अवैध रूप से संचालित हो रहे है। कार्यवाही से कोचिंग संचालको में हड़कंप मच गई। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि उपायुक्त महोदय के आदेश पर सभी आवासीय कोचिंग संस्थानो की जांच करने का आदेश प्राप्त हुआ है। जिसमें सन एकेडमी, जेपी रेसीडेंटल कोचिंग, ब्राइट फ्यूचर एकेडमी, पैरामाउंट रेसीडेंशियल कोचिंग, सहित कई अन्य कोचिंग में जांच पड़ताल किया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की जांच जारी रहेगी और अवैध रूप से संचालित आवासीय कोचिंग संस्थानो पर कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अबुआ आरोग्य मेला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में आयोजित होगा



मरकच्चो : उपायुक्त कोडरमा ऋतु राज के निदेशानुसार मरकच्चो प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में अबुआ स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ग्राम स्तर तक पहुंचाया जाना है। मेले का आयोजन दिनांक 13/10/2025 से 18/10/2025 तक किया जाएगा। इसमें सामान्य रोग,रक्तचाप, मधुमेह, महिला रोग,आंख, दांत, हड्डी,नस इत्यादि बीमारियों का इलाज किया जाएगा।इस संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिव को अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा मरीजों को मेला में भेजने का आग्रह करने को कहा गया है।

### अवैध अंग्रेजी शराब की बडी खेप बरामद पुलिस को मिली बडी सफलता, एक अभियुक्त गिरफ्तार



कोडरमा : अनुदीप सिंह, भा०पु०से०, पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चंदवारा थाना अंतर्गत ग्राम थाम के निवासी अमित कुमार एवं महेश रजक के द्वारा अपने अपने घरों में काफी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब का भंडारण कर परिवहन एवं बिकी हेतु रखा गया है। ऐसी सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा पु०अ०नि० धनेश्वर कुमार, थाना प्रभारी, चंदवारा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम थाम स्थित अमित कुमार एवं महेश रजक के घरों पर बारी बारी से छापपामारी की गयी, जिस क्रम में अमित कुमार के घर से विभिन्न ब्रांड व विभिन्न मात्रा के कुल 104 बोतल अंग्रेजी शराब/बीयर बरामद किया गया, जिस संदर्भ में अमित कुमार द्वारा कोई बैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, तत्पश्चात अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया एवं बरामद अद्धों को जप्त किया गया। तत्पश्चात महेश रजक के पर छापामारी की गयी, किंतु पुलिस को देखकर महेश रजक भागने में सफल हो गया। उसके घर से विभिन्न ब्रांड व विभिन्न मात्रा के कुल 129 बोतल अंग्रेजी शराब / बीयर बरामद किया गया। इस प्रकार कुल 104+129 = 233 बोतल (अंग्रेजी शराब 2.250 लीटर एवं बीयर 122.980 लीटर कुल 125.23 लीटर) अंग्रेजी शराब / बीयर बरामद किया गया। इस संबंध में चंदवारा थाना कांड सं० 80/25, दिनांक 11.10.2025 धारा 274/275/3(5) बी0एन0एस0 एवं 47 ( ) उत्पाद अधिनियम दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में अवैध शराब की बिकी, मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरूध पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### अंचल कार्यालय में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर : जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय



कोडरमा : झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति का एक प्रतिनिधि मंडल नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा के अधीनस्थ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कोडरमा अंचल में पदस्थापित अंचल अधिकारी से मिलकर दाखिल खारिज एलपीसी ऑनलाइन जैसे अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक वार्ता किया वार्ता के क्रम में जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री की चिंता से अवगत कराया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में पदस्थापित अंचल कार्यालय के अंदर किसी भी प्रकार की अनियमितता अगर आम जनता के द्वारा प्राप्त होती है तो इसके लिए जिम्मेदार पदाधिकारी की जवाबदारी होगी अंचल अधिकारी ने विस्तार पूर्वक अपने अधीनस्थ होने वाले कार्यों का उल्लेख किया तथा भरोसा दिया है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अगर मेरे कार्यालय से शिकायत प्राप्त होती है तो यह मेरी जवाब दे ही होगी दाखिल खारिज के वर्तमान स्थिति स्वीकार किए गए तथा अस्वीकार किए गए आवेदन का पूरा डिटेल प्रतिनिधि मंडल के सामने प्रस्तुत किया तथा उपलब्ध कराया वार्ता के क्रम में जिला अध्यक्ष ने कहा है जिले के हर एक प्रखंड में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ताकि जनता की समस्याओं का समाधान हो सके बैठक में मौजूद जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा अर्जुन यादव मुकेश यादव तथा झुमरी तिलैया झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर समिति के कई एक पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिटी सेंटर में लायंस क्लब का पर्यावरण संरक्षण अभियान का हुआ आयोजन




बोकारो : बोकारो में लायंस क्लब की ओर से शनिवार को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत क्लब के सदस्यों ने सिटी सेंटर क्षेत्र में फुटकर विक्रेताओं को प्लास्टिक थैलियों के उपयोग से बचने और पर्यावरण हित में पेपर बैग अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। सदस्यों ने विक्रेताओं को पेपर बैग वितरित किए और उनसे अनुरोध किया कि वे अपने ग्राहकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दें ताकि अधिक से अधिक लोग पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करें।कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब की अध्यक्ष माधवी सिंह ने की। उन्होंने कहा कि क्लब समाज में जागरूकता फैलाने के लिए समय-समय पर ऐसे अभियान चलाता है और लोगों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाने का प्रयास करता है।

## एक नजर

### चैनगड़ा ओवर ब्रिज के पास अधेड़ महिला की मिली शव



बरकाकाना (रामगढ़) : भदानी नगर ओपी क्षेत्र के चैनगड़ा ओवर ब्रिज के समीप एक महिला उम्र लगभग 40 वर्ष का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गया। स्थानीय लोगों द्वारा भदानी नगर ओपी प्रभारी अख्तर अली को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही भदानीनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान बासल थाना क्षेत्र के घाघरा गांव निवासी अंजलि गाड़ी के रूप में की गई। भदानी नगर ओपी पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर बरकाकाना ओपी भेज दिया गया। ताकि किसी भी तरह का विधि व्यवस्था भंग ना हो सके। बरकाकाना ओपी से ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। क्या कहते हैं मृतक के पति मृतक महिला अंजलि गाड़ी के पति सुबोध उरांव द्वारा बताया गया कि बीते रात मृतक सत्संग में शामिल होने के लिए रामगढ़ गई थी। जिसके बाद उसका शव मदन कुट्टी दुकान के समीप मिला है। सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ घटना चैनगड़ा ओवर ब्रिज के पास मदन कुट्टी भंडार में लगी सीसीटीवी कैमरा में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गया है। सीसीटीवी कैमरा में रिकॉर्ड घटनाओं को देखने से पता चलता है कि महिला के पास एक 16 चक्का गाड़ी आकर रूकती है। जिसमें से दो पुरुष उतरकर महिला के साथ छेड़खानी किया जाता है।

### पुलिस ने फर्जी आधार सेंटर का किया भंडाफोड़ दो व्यक्ति गिरफ्तार




साहिबगंज: फर्जी आधार कार्ड बनाने के रैकेट पर पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने छापामारी कर फर्जी आधार बनाने के कई उपकरण भी जब्त किया है। इसको लेकर डीएसपी विजय कुशवाहा ने बताया कि शिकायत के बाद यूआइडीएआइ के जिला परियोजना पदाधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने शुक्रवार को मदनशाही स्थित सीएचसी सह ग्राहक सेवा केंद्र में छापामारी किया। डीएसपी ने बताया कि छानबीन करने पर वहां फर्जी आधार बनाने का कई साइट्स की जानकारी मिली। पुलिस ने वहां से लैपटॉप, कैमरा, आई स्कैनर, दो मोबाइल, यूएसबी कनेक्टर, दो लोगों का आधार कार्ड जब्त किया है। बताया कि सेंटर से मदनसाही का मोनू कुमार और सकरीगली का राजदेव उरांव को भी गिरफ्तार किया गया है।

# सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण के तहत शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में टाउन हॉल रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग, विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर समूह के लोगों, अधिवक्ताओं, आंगनबाड़ी सेविका,




जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने टाउन हॉल रामगढ़ में उपस्थित सभी को सीपीआर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया। उपायुक्त ने प्रशिक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां सभी के साथ साझा की। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है, विशेष रूप से चिकित्सा उपचार के क्षेत्र में यह पहल न केवल हमारी आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समाज में जागरूक, सशक्त और संवेदनशील नागरिकों के निर्माण का भी प्रतीक है। प्राकृतिक या मानव-जनित आपदायें अप्रत्याशित होती है, परन्तु यदि हमारे पास प्रशिक्षित लोग हो, तो हम किसी भी संकट का सामना अधिक प्रभावी ढंग से कर सकते है। आप सभी आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार एवं जीवन रक्षक सहायता प्रदान करके अनगिनत जीवन बचाने में सक्षम होंगे। मैं आशा करता हूँ कि आप इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेंगे, ज्ञान और कौशल को आत्मसात करेंगे और भविष्य में जरूरतमंदो की सेवा में तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त आशिष अग्रवाल ने सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सभी को आकस्मिक परिस्थितियों में किए जाने वाले कार्य जो प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही है उन्हें अच्छी तरह सुनने व समझने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की दुविधा को प्रशिक्षण के दौरान नहीं दूर कर लेने की अपील की।

## उषा मार्टिन फाउंडेशन ने ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** उषा मार्टिन फाउंडेशन के द्वारा ग्रामीणों में स्वास्थ्य सुरक्षा, पोषण जागरूकता और रोगों की रोकथाम के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना ही लक्ष्य है। उक्त बातें डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मासू आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उषा मार्टिन के महाप्रबंधक डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल, समय पर टीकाकरण और नियमित व्यायाम के जरिए ग्रामीण समुदाय कई बीमारियों से बच सकता है। इस अवसर पर अंजली कुमारी ने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता और संतुलित आहार



अपनाना जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए।शालिनी अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने कहा कि हर नागरिक को गणुवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए, चाहे वह गाँव में रहता हो या शहर में। मासू में इस VHND सत्र की सफलता हमें प्रेरित करती है कि हम रांची के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अपनी सेवाओं का विस्तार करें। कार्यक्रम में ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं, किशोरियों, गर्भवती और धात्री माताओं में स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

## कुड़मी-कुर्मी को अजजा में शामिल के मांग के विरोध में आदिवासी संगठन की रैली व जनसभा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** आदिवासी संगठनों ने कुड़मी-कुर्मी को अजजा में शामिल के मांग के विरोध में शनिवार को नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर डाक बंगला से प्रखंड कार्यालय तक रैली निकाली। आदिवासी संगठन ने महामहिम राष्ट्रपति एवं झारखंड के राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा। मांग पत्र में लिखा गया है कि कुड़मी/कुरमी महतो के अनुसूचित जनजाति सूची में समावेशन के मांग को अस्वीकार की जाय, सरना धर्म कोड को मान्यता दिया जाय व झारखंड में पेसा एक्ट 1996 को लागू किया जाय। पत्र में लिखा गया है कि कुरमी महतो जाति एक कृषक जाति है, झारखण्ड सरकार ने दिनांक 8.12.2004 और 6.1.2005 के पत्रों



के माध्यम से कुरमी कुडमी समुदाय को झारखंड की अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा था एवं दिनांक 10.2.2015 के पत्र के माध्यम से टी आर आई का रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसमे कुडमी कुरमी महतो समुदाय को कुनबी की उपजाति बताते हुए अनिवार्य मापदंडों का अभाव है का उल्लेख किया गया। कुडमी/कुरमी महतो समुदाय ऐतिहासिक रूप से स्थानीय आदिवासियों के साथ रहते आ रहे लेकिन इनकी भाषा, संस्कृति, पूजा पद्धति, वेश भूषा बिल्कुल अलग है एवं आदिवासी से आर्थिक तथा सामाजिक रूप से अधिक प्रगतिशील जाति है। यदि यह प्रगतिशील जाति का एस टी सूची में समावेश होता है तो अनुसूचित जनजाति वर्ग अधिक हासिए पर चला जायेगा। कुरमी/महतो के एसटी में समावेशन के मांग को अस्वीकार किया जाए।

## कृषि विज्ञान केंद्र में अनुसूचित जनजाति उप योजना के तहत किसान मेला और प्रदर्शनी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** कृषि विज्ञान केंद्र में शनिवार को अनुसूचित जनजाति उप योजना के तहत किसान मेला एवं प्रदर्शनी का हुआ आयोजन जिसमें पहुंचे किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन से लाभान्वित होने की बताई बात और प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद। अनुसूचित जनजाति उप योजना अंतर्गत रामगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र में आज किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन को किसानों के बीच प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर महिला किसानों ने लाभान्वित होने की बात बताई। रामगढ़ की एक महिला किसान संगीता देवी ने बताया कि आज हमारे यहां रामगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र में किसान मेला लगा जिसमें रांची पटना और दिल्ली के अधिकारी लोग आए हैं जिसमें प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा कृषि एवं पशुपालन से संबंधित बहुत सारी चीजों की जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। इसे लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कृषि क्षेत्र के लिए 24,000 हजार करोड़ रुपये की ₹ पीएम धन-धान्य कृषि योजना₹ की शुरूआत की। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और प्रखंड स्तर पर फसल कटाई के बाद के भंडारण को बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना और 100 चयनित जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुविधा जनक बनाना है। प्रधानमंत्री आज 11,440 करोड रुपए के साथ दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की भी शुरूआत करेंगे। इसका उद्देश्य दालों के उत्पादकता स्तर में सुधार करना, दालों की खेती के रकबे का विस्तार करना, मूल्य श्रृंखला खरीद, भंडारण, प्रसंस्करण को मजबूत करना और घाटे की कमी को सुनिश्चित करना है।

## श्रमिक नेता राम विनय त्रिपाठी के निधन पर भुरकुंडा में हुई शोक सभा, दी गई श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सह वरीष्ठ श्रमिक नेता राम विनय त्रिपाठी के निधन पर भुरकुंडा शाखा कार्यालय में शनिवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के अधिकारी, सभी ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि, सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। शोक सभा की शुरूआत भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत स्वर्गीय राम विनय त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित किया गया इसके उपरांत सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।



# बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाएगा सहयोगिनी, जिला प्रशासन से मांगा सहयोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कसमार में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बालिकाओं के अधिकार और सुरक्षा पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख नियोती दे, अंचलाधिकारी सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह सहित बालिकाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस मौके पर नागरिक समाज संगठन सहयोगिनी ने बोकारो उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर दिवाली से 26 जनवरी 2026 तक बाल विवाह के खिलाफ सघन और व्यापक अभियान चलाने में जिला प्रशासन से सहयोग मांगा। ज्ञापन में विवाह करवाने वाले पुरोहित, मौलवी,




पादरी, बैंड, मैरेज हॉल और कैटरिंग सेवाओं को स्पष्ट निर्देश देने की मांग की गई कि बाल विवाह में किसी भी प्रकार की मदद गैरकानूनी है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि जिले में बाल विवाह की समस्या अभी भी मौजूद है और ह्यबाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत प्रशासन व समाज के संयुक्त प्रयास से बड़ी सफलताएँ हासिल हुई हैं। उन्होंने बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क ने सरकार, पुलिस और प्रशासन के सहयोग से बीते दो वर्षों में देशभर में लगभग चार लाख बाल विवाह रोके हैं।मुख्य अतिथि प्रमुख नियोती दे ने कहा, आज की बालिका कल की नींव है। उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार देना होगा। वहीं अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने माता-पिता से अपील की कि वे बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दें। महिला सुपरवाइजर सुषमा गुप्ता और नूतन कुमारी ने भी शिक्षा व स्वास्थ्य पर प्रेरक विचार रखे।कार्यक्रम में सहयोगिनी संस्था की कोऑर्डिनेटर कुमारी किरण ने प्रशासन और पुलिस के समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि बाल विवाह मुक्त बोकारो का सपना जल्द पूरा होगा और यह विशेष अभियान मील का पत्थर साबित होगा। अंत में बालिकाओं को सम्मानित कर शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन सहयोगिनी टीम ने किया और धन्यवाद संस्था की कोषाध्यक्ष सूर्यमणि देवी ने दिया।मौके पर कुमारी किरण, प्रकाश कुमार महतो, अनिल हेंब्रम, मंजू कुमारी, बिनीता देवी, संगीता देवी, रेखा देवी, पुष्पा देवी, सोनी कुमारी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बागोडीह में अबुवा आवास का पांच लाभुकों को उल्लासपूर्ण गृहप्रवेश



**सरिया :** सरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत बागोडीह में शनिवार को अबुवा आवास योजना 2023-24 के तहत पांच लाभुकों को उनके नए घरों में गृहप्रवेश कराया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी श्री संजय कुमार बरनवाल, प्रखंड समन्वयक मुजाहिद अंसारी, बागोडीह पंचायत के मुखिया धनेश्वर साव, पंचायत सचिव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उत्साहपूर्ण माहौल में लाभुकों ने अपने नए आशियानों में प्रवेश किया, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय में खुशी की लहर देखी गई। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आवास सुविधा को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### पोलियो उन्मूलन को लेकर बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



**सरिया :** रविवार को कैंप के माध्यम से जीरो से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी इसेलेकर सरिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में छात्र-छात्राओं द्वारा शनिवार को पल्स पोलियो से संबंधित जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें विद्यालय के शिक्षक छात्र आंगनबाड़ी की सेविकाएं आदि शामिल थी। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने ग्रामीणों को इस रैली के उद्देश्यों के बारे में बताया। कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए विश्व स्तर पर अभियान चलाया गया है। बताया गया कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अभिभावक रविवार को कैंप में ले जाएं। आवश्यक रूप से उन्हें पोलियो की खुराक पिलवाएं. रैली के दौरान 'दो बूंद दवा पोलियो हवा', 'दो बूंद की हस्ती से कटे जिंदगी मस्ती से', ₹एक भी बच्चा छुटा, सुरक्षा चक्र टूटा, बच्चों को बचाना है, पोलिओ डोस पिलाना है₹जैसे नारे लगाए जा रहे थे। जागरूकता अभियान से संबंधित प्रभात फेरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंद्रमारणी, उमवि पावापुर, उमवि पुरनीडीह,उमवि ताराटांड़, उप्रावि कोवड़िया टोला,मवि सरिया,मवि मंदरामो आदि विद्यालयों से निकल गया।

### बुद्धा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिवाली से पूर्व बनाए कलात्मक रंग-बिरंगे दिए



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में दीपावली से पूर्व कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के छात्रों ने अलग-अलग तरह के कलात्मक दिए बनाए।इन दीपकों को बनाने में विद्यालय के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षकों ने छात्रों के साथ मिलकर एक नई चीज करने की कोशिश की। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक मौजूद रहे और कहा की ईश्वर ने सभी में अलग-अलग प्रकार के कौशल और प्रतिभा को देकर पृथ्वी में भेजा है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने इस दौरान छात्रों द्वारा बनाए गए दीपक को देखकर उनके हुनर की सराहना की।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक गोविंदर सिंह,नकुल बड़ाइक,जितेंद्र महतो,सुमंत कुमार,राहुल भद्रा,लंकेश्वर,विपुल राय, अंजली कुमारी, प्रतिमा देवी सुषमा सिंह,स्मिता कुमारी, प्रिया दुबे समेत विद्यालय के अन्य कर्मचारियों का काफी सराहनीय योगदान रहा।


**पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा (झारखण्ड)**

**आम सूचना**

पीएम श्री स्कूल,जवाहर नवोदय विद्यालय,चतरा (सत्र 2026–27) का पार्श्व प्रवेश परीक्षा कक्षा– IX & XI में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 07th October 2025 से बढ़ा कर दिनांक 21th October' 2025 तक कर दी गई है।

Online आवेदन करने हेतु वेबसाइट–
For class IX LEST 2025: https://cbseitms.nic.in/2025/nvsix_9/
For class XI LEST 2025:https://cbseitms.nic.in/2025/nvsxi_11/
अधिक जानकारी हेतु समिति के वेबसाइट www.navodaya.gov.in
अथवा कार्यालय ज.न.वि. चतरा से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
ज0न0वि0, चतरा

PR 363883 School Education and Literacy (25-26)_D



**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**
Email Id – gumlahorti@gmail.com, Phone No.- 65243 59722

**अति अल्पकालीन निविदा**
**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2025–26**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत् विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0.सं0. | कार्य अवयव का नाम | मात्रा/सं0 |
|---|---|---|
| 1 | प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति | आवश्यकतानुसार |

नोटः–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकरी, गुमला से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 17.10.2025 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला में व्यक्तिगत रूप/डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, गुमला के कार्यालय प्रकोश्ठ में जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी तथा दर का निर्धारण किया जायेगा। निविदा निश्पादन की तिथि की सूचना संबंधित निविदादाता को उपलब्ध करा दिया जायेगा। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

जिला उद्यान पदाधिकरी,
गुमला।

PR 363924 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)



**उप विकास आयुक्त का कार्यालय, कोडरमा (प्रारंभिक शिक्षा)**

**आवश्यक सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनाक 31.07.2025 एवं उप निदेशक प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रॉची के पत्रांक 1931 दिनांक 09.10.2025 में दिये गये निदेशानुसार विज्ञापन संख्या–13/2023 झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 अन्तर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (**सामाजिक विज्ञान**) के सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हेतु **दिनांक 15.10.2025 को समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे** अपराह्न तक संलग्न सूची के अनुसार स्थान **पी0एम0 श्री0 परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा** में निर्धारित की गई है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि काउंसिलिंग हेतु **निर्धारित तिथि/स्थान–पी0एम0 श्री0 परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा में जाँच पत्रक भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति फोल्डर फाईल में तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो (ब्लैक एंड व्हाईट) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। विस्तृत जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट koderma.nic.in प्राप्त की जा सकती है।** काउंसिलिंग में निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का दावा निरस्त माना जाएगा और वे नियुक्ति की प्रक्रिया से वंचित रह जाएँगे।

कोडरमा जिले के अंतर्गत अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु गठित हेल्प डेस्क में संलग्न मोबाईल संख्या **7004139394, 9304636202** एवं **9934180305** से संपर्क कर सकते है।

उप विकास आयुक्त
–सह–
नोडल पदाधिकारी,कोडरमा

PR 363879 School Education and Literacy(25-26).D

## त्योहारों का सेल्फी ड्रामा

हमारे त्योहार समाज की आत्मा होते हैं वह समय जब इंसान ईश्वर, प्रकृति और अपने संबंधों के प्रति आभार व्यक्त करता है। लेकिन अब हर त्योहार के साथ एक नया किरदार जुड़ गया है मोबाइल कैमरा। जैसे ही दीपक जलता है, आरती की थाली घूमती है या राखी बंधती है, पहला सवाल यही होता है फोटो ली क्या? पहले पूजा पूरी होती थी, फिर प्रसाद बाँटा जाता था; अब पहले स्टोरी लगती है, फिर पूजा होती है। यह वही भारत है जहाँ कभी मन का उत्सव मनाया जाता था, आज वही मीडिया का उत्सव बन गया है।

दीपावली अब दीपों की नहीं, सजावट की पोस्टों की रात है। घरों की सफाई से ज्यादा लोग कैमरे का कोण सुधारने में व्यस्त रहते हैं। माता लक्ष्मी की प्रतिमा की पूजा से पहले बूमरैंग बनता है, और पटाखों से पहले कैप्शन तय होता है – #दीवाली की वाइब्स #परिवार का प्यार। ऐसा लगता है मानो हर व्यक्ति का त्योहार सोशल मीडिया पर दिखना चाहिए, वरना वह अधूरा है। यह डिजिटल प्रतिस्पर्धा अब भक्ति से ज्यादा लाइक का खेल बन चुकी है।

करवा चौथ जैसे व्रतों का जो भाव था प्रेम, समर्पण और आशीर्वाद – वह अब फोटो खिंचवाने और छूट वाले ऑफर में बँट गया है। सेल्फी विद सासू माँ, उपवास वाला चेहरा और चाँद के साथ तस्वीर जैसी प्रवृत्तियाँ अब त्योहार की नई पहचान हैं। पहले चाँद देखने का रोमांच था, अब क्लिक करने का जुनून है। एक जमाना था जब महिलाएँ साड़ी पहनती थीं पूजा के भाव से; आज वही साड़ी ब्रांड को टैग करने का साधन बन गई है। त्योहार अब प्रेम का नहीं, प्रदर्शन का पर्व बन गया है। होली भी अब रंगों का नहीं, रंगीन दिखावे का खेल है। पहले जो चेहरे रंगों में डूबे होते थे, अब वे फि ल्टर में धुल चुके हैं। लोग अब एक-दूसरे को रंग लगाने से ज्यादा डरते हैं कि कपड़े खराब हो जाएँगे, फोटो में अच्छा नहीं लगूँगा।

सेल्फी विद गुलाल में रंग तो हैं, पर अपनापन नहीं। यह होली अब मन की नहीं, मेकअप की होली बन गई है।

ईद, क्रिसमस, नवरात्र – हर धर्म का उत्सव अब एक ही रंग में रंग गया है – डिजिटल दिखावे का रंग। मस्जिद या गिरजाघर के सामने मुस्कुराती तस्वीरें, थाली में सजे पकवानों के फोटो, और शीर्षक – प्यार और शांति बाँट रहे हैं। पर क्या सचमुच प्यार और शांति फैल रही है, या बस दिखावा? त्योहार अब इंसान को जोड़ने की बजाय, तुलना और प्रतिस्पर्धा का कारण बनते जा रहे हैं। उसकी लाइटिंग ज्यादा सुंदरह्व, उसका मंडप बड़ा, उसके पास महँगी सजावट– यह सब उस आत्मीयता को निगल गया है जो कभी परिवारों की पहचान थी।

यह सेल्फी नाटक इतना गहरा हो चुका है कि अब भक्ति का भी अभिनय होता है। मंदिर में जाते ही लोग पहले फोन निकालते हैं, फिर हाथ जोड़ते हैं। आरती लाइव होती है, पर मन ऑफलाइन। दान सोशल मीडिया पर दिखाया जाता है, ताकि दूसरों को पता चले कि ह्यहम भी नेक हैं। भक्ति निजी नहीं रही, सार्वजनिक प्रदर्शन बन गई है। आस्था अब आत्मा से नहीं, प्रसारण से चलती है।

मनोविज्ञान की दृष्टि से देखें तो यह डिजिटल आस्था एक गहरी बेचैनी का परिणाम है। इंसान अब अपने हर अनुभव का प्रमाण सोशल मीडिया से चाहता है। उसे लगता है कि अगर कोई चीज कैमरे में नहीं आई तो वह हुई ही नहीं। यही कारण है कि अब त्योहारों में मुस्कान असली नहीं, अभ्यास की हुई होती है। बच्चे तक कैमरे के सामने हैप्पी दिवाली बोलना सीख चुके हैं। रिश्तों की गर्माहट अब कैमरे की ठंड में जम गई है। त्योहारों का असली अर्थ था – रुकना, साँस लेना, जुड़ना। अब अर्थ बदल गया है – सजना, पोस्ट करना, भूल जाना। लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि त्योहार का मूल कारण क्या था – बस इतना याद रहता है कि किस दिन क्या पोस्ट करना है। यह सेल्फी संस्कृति धीरे-धीरे उस आध्यात्मिक गहराई को खा रही है जो भारतीय समाज की पहचान थी।

### सूडोकु नवताल- 7580

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -7579 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# अमित शाह की चिंता, भारत का भारत बने रहना और घटती हिन्दू जनसंख्या

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



भारत केवल भौगोलिक या राजनीतिक रूप से एक राष्ट्र नहीं है; यह एक सभ्यता और संस्कृति है, जिसकी पहचान हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति में निहित है। भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र सर्वे भवन्तु सुखिनः केवल व्यक्तिगत या धार्मिक कल्याण का संदेश नहीं है, यह राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर शांति और समरसता की भावना को भी दर्शाता है। वेदों और उपनिषदों में उल्लिखित द्यौः शान्तिः, अन्तरिक्ष शान्तिः जैसे मंत्र इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय सभ्यता हमेशा विश्व कल्याण और मानव कल्याण को प्राथमिकता देती रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में एक संबोधन में अवैध घुसपैठ और जनसंख्या असंतुलन पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1951 से 2011 तक हिंदू आबादी का प्रतिशत 84.1% से घटकर 79% हो गया, जबकि मुस्लिम आबादी का प्रतिशत 9.8% से बढ़कर 14.2% तक पहुंच गया ( केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आधिकारिक हैंडल)। 2001-2011 की अवधि में हिंदू जनसंख्या वृद्धि दर 16.8% थी, जबकि मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर 24.6% थी (जनगणना 2011, भारत सरकार, मंत्रालय आबादी एवं सामाजिक कल्याण)। अमित शाह ने इन आंकड़ों को प्रस्तुत करते हुए इसे अवैध घुसपैठ और वोट बैंक राजनीति से जोड़कर समझाया।

वस्तुतः यहां शाह का कहना है कि अवैध घुसपैठ केवल सीमाओं का सवाल नहीं है। राजनीतिक दलों द्वारा घुसपैठियों को आश्रय देने की नीति ने जनसंख्या संतुलन को प्रभावित किया है। यदि घुसपैठ पर रोक नहीं लगी तो देश धर्मशाला बन जाएगा, जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक अखंडता के लिए गंभीर खतरा है।

अब बात यहां इसमें हिन्दू सभ्यता और संस्कृति की है, जिसके कारण से भारत की मूल पहचान उसके होने से है। ये सच तो स्वीकारना ही होगा कि हिंदू संस्कृति सिर्फ धार्मिक पहचान नहीं है, यह समाज में नैतिक और आध्यात्मिक दिशा भी प्रदान करती है। ऋषियों द्वारा गाए गए विश्व तक्षु और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे मंत्र समाज के हर व्यक्ति को यह सिखाते हैं कि अन्य लोगों के सुख और शांति में ही अपना सुख और शांति निहित है इसलिए, जब हिंदू जनसंख्या घटती है, तो यह केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय और सांस्कृतिक दृष्टि से भी कमजोर होता हुआ दिखता है।

अमित शाह जब ये कहते हैं कि शरणार्थियों और घुसपैठियों में अंतर है। धार्मिक प्रताड़ना से बचने वाले लोग शरणार्थी हैं और उनका स्वागत भारत हमेशा करेगा, विशेषकर पड़ोसी देशों के प्रताड़ित हिंदुओं का, इसके विपरीत, आर्थिक कारणों से अवैध रूप से आने वाले लोग घुसपैठिये हैं, जिन पर सख्ती से अंकुश लगेगा, तब यह समझलीजिए कि शाह यह पूरी तरह से स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि भले ही भारत का विभाजन धर्म के आधार पर इस्लामवादियों की जिद के चलते हुआ हो, किंतु अखण्ड भारत (1947 पूर्व) के क्षेत्र में यदि कहीं भी हिन्दू जीवन जी रहे व्यक्ति को दिक्कत आएगी तो उसका मूल संरक्षण क्षेत्र भारत ही हो सकता है, ऐसे में उसकी चिंता करना भारत का मूल कर्तव्य है, क्योंकि जो विभाजन हुआ वह उसकी मंशा नहीं थी, ऐसे में उसे इसकी सजा मिले, यह उचित नहीं हो सकता। पर जिन्होंने मजहब को आधार बनाकर भारत को टुकड़ों में बांटा है, वास्तव में उनके लिए शेष भारत अपने दरवाजे खुले नहीं छोड़ सकता।

देखा? जाए तो यह नीति न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि सांस्कृतिक अखंडता और हिंदू संस्कृति की सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है। क्योंकि जनसंख्या असंतुलन का महत्व केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह समाज में संरचना और सांस्कृतिक पहचान को प्रभावित करता है। अमित शाह ने उदाहरण के रूप में झारखंड में जनजातीय आबादी की गिरावट को बांग्लादेश से घुसपैठ से जोड़ा है, इसलिए ही उन्होंने हाई-पावर्ड डेमोग्राफिक मिशन की घोषणा की है ताकि अवैध प्रवासन के व्यापक अध्ययन और नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सके।

अमित शाह की चिंता का केंद्र केवल राजनीतिक नहीं है; यह सांस्कृतिक अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। हिंदू संस्कृति की मूल विशेषता है अहिंसा, सहिष्णुता और सार्वभौमिक कल्याण की भावना। इसके मंत्र सर्वे भवन्तु सुखिनः और सर्वे सन्तु निरामयाः सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय समरसता का भी मार्गदर्शन करते हैं। इस संस्कृति के संरक्षण के बिना भारत की असली पहचान खतरे में पड़ती है। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि राजनीतिक दलों द्वारा अवैध प्रवासियों को संरक्षण देने की नीति से जनसंख्या संतुलन बिगड़ता है और यह देश की सांस्कृतिक पहचान पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, इसलिए भाजपा की नीति डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट अवैध घुसपैठियों के नियंत्रण और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

ऐसे में कहना यही होगा कि हिंदू संस्कृति का संरक्षण केवल धार्मिक मुद्दा नहीं है; यह सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। जनसंख्या संतुलन बनाए रखना, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करना और अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण रखना एक साथ भारत के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक है। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची शुद्धिकरण (रक्फ़) प्रक्रिया के माध्यम से अवैध रूप से आए लोगों की पहचान की जाएगी, लेकिन देश में रह रहे मुस्लिमों के अधिकारों पर कोई प्रश्न नहीं उठाया जाएगा (स्रोतः मतदाता सूची शुद्धिकरण (रक्फ़) प्रक्रिया, चुनाव आयोग, भारत)। दूसरी ओर हिंदू संस्कृति का वैश्विक संदेश मानवता के लिए प्रेरक है। इसके सिद्धांत समाज और राष्ट्र की नैतिक दिशा तय करते हैं। जब भारत में हिंदू जनसंख्या घटती है, तो इसका असर सांस्कृतिक आधार और राष्ट्रीय पहचान पर भी पड़ता है इसलिए यह आवश्यक है कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और हिंदू संस्कृति को संरक्षित किया जाए। भारत का अस्तित्व केवल भौगोलिक और राजनीतिक नहीं है; यह एक सभ्यता, संस्कृति और धर्म पर आधारित पहचान है। अमित शाह की चिंता कि भारत का भारत बने रहना चाहिए, केवल राजनीतिक बयान नहीं है; यह सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अस्तित्व की चुनौती है। हिंदू संस्कृति, जो विश्व कल्याण और सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना में निहित है, केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है (स्रोतः वेदों और उपनिषदों में उल्लिखित मंत्र, ऋषि परंपरा, भारत)। कुल निष्कर्ष यह है कि जनसंख्या असंतुलन, अवैध घुसपैठ और वोट बैंक की राजनीति इस संस्कृति और देश की पहचान के लिए खतरा हैं, अतः यह आवश्यक है कि भारत अपने सांस्कृतिक मूल्यों, हिंदू संस्कृति और जनसंख्या संतुलन को संरक्षित करे। जब तक हिंदू संस्कृति जीवित है और उसके मूल सिद्धांतों का पालन होता है, तब तक भारत वास्तव में भारत है। आज सभी ये समझें कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि एक सभ्यता और संस्कृतिपरक पहचान है। इस पहचान की रक्षा करना, जनसंख्या संतुलन बनाए रखना और अवैध घुसपैठियों पर नियंत्रण रखना केवल राजनीतिक आवश्यकता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य भी है, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा निभाना है।

# तालिबान अब पाकिस्तान के खिलाफ भारत के साथ

संजय सक्सेना

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के रिश्ते आज जिस दौर से गुजर रहे हैं, वह इतिहास का बड़ा सबक है। कभी तालिबान को आंख मूंदकर समर्थन देने वाला पाकिस्तान आज उसी तालिबान के खिलाफ मोर्चा खोल चुका है। यह वही पाकिस्तान है जो कभी तालिबान को भारत के खिलाफ भड़काने, आतंक के नये ठिकाने तैयार कराने और पूरे दक्षिण एशिया को अस्थिर करने का अपराध कर चुका है। परंतु समय का चक्र ऐसा घूमा कि अब वही तालिबान पाकिस्तान के गले की हड्डी बन गया है। यह हालात इस बात का प्रमाण हैं कि जो देश आतंक को पालते हैं, एक दिन वही आतंक उन्हें डसने लौट आता है। जब अफगानिस्तान में अमेरिकी सेनाओं की वापसी हुई और अशरफ गनी की निर्वाचित सरकार को तालिबान ने उखाड़ फेंका, उस वक्त पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई थी। राजधानी काबुल में तालिबान की बंदूकें आजाद हुए लोगों की आजादी छीन रही थीं। उस दौर में कोई देश तालिबान सरकार को वैध नहीं मान रहा था, लेकिन पाकिस्तान सबसे आगे बढ़कर उसकी पैरवी करने लगा। इस्लामाबाद ने तालिबान को न केवल समर्थन दिया बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक वैकल्पिक सत्ता के रूप में स्वीकार कराने की कोशिशें भी कीं। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई ने तालिबान की मदद के लिये अपने सीमावर्ती इलाकों को खुला छोड़ दिया, ताकि आतंक के नाम पर अफगानिस्तान की पूरी दिशा पाकिस्तान के हित में झुकी रहे।

परंतु यह गठबंधन शुरू से ही झूठ और लालच पर टिका था। पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान सिर्फ उसके इशारों पर चले, भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो और कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाए। लेकिन तालिबान की अपनी सत्ता की जड़ें जमने लगीं तो उसकी प्राथमिकताएं बदल गईं। तालिबान को समझ में आने लगा कि पाकिस्तान उसका इस्तेमाल कर रहा है और उसे वैश्विक पहचान दिलाने के बजाय आतंक का प्रतीक बनाकर रख देना चाहता है। तालिबान ने जब भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाना शुरू किया, तभी पाकिस्तान के धैर्य का बांध टूट गया। हाल के दिनों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर जिस तरह के हमले हुए हैं, वे यही कहानी कह रहे हैं कि अब दोनों देशों के बीच विश्वास खत्म हो चुका है। पाकिस्तान ने तालिबान शासित अफगानिस्तान पर उन ही हथकंडों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है जो वह वर्षों से भारत के खिलाफ करता रहा है। सीमा पर हवाई हमले, ड्रोन घुसपैठ और रॉकेट हमले पाकिस्तानी सोच की उसी बीमार मानसिकता का हिस्सा हैं जो हमेशा अपने पड़ोसी देशों की स्थिरता को चुनौती देती रही है। इस बार अंतर केवल इतना है कि पाकिस्तान की यह बर्बरता अब भारत पर नहीं बल्कि अफगानिस्तान पर गिर रही है।

पाकिस्तान का यह कदम तब आया जब अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान भारत की यात्रा पर आने वाले थे। यह यात्रा तालिबान शासन के लिए ऐतिहासिक मानी जा रही थी क्योंकि भारत और अफगानिस्तान के बीच नए भरोसे की शुरूआत होने जा रही थी। भारत हमेशा से अफगानिस्तान के विकास और स्थायित्व के पक्ष में रहा है। भारत ने कभी आतंक की राजनीति नहीं की, बल्कि अफगान जनता के जीवन स्तर को सुधारने के लिए सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों और मानव संसाधन के विकास पर काम किया। यही वजह है कि तालिबान के कई वर्गों में भारत के प्रति सहानुभूति पैदा हुई है। भारत ने अफगानिस्तान में कोई सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया बल्कि हमेशा स्थायी शांति की वकालत की। पाकिस्तान को यही बात खटक रही है। उसे डर है कि अगर भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सुधरते हैं तो उसका प्रभाव क्षेत्र समाप्त हो जाएगा। पाकिस्तान अपने धर्म आधारित राजनीतिक खेल में इतना डूबा है कि उसे यह समझ नहीं आता कि पड़ोसियों से दुश्मनी रखकर वह खुद अपने देश को विनाश की ओर धकेल रहा है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहले से ही चरमराई हुई है। वहां का समाज चरमपंथी विचारधारा में फंस चुका है और जनता लगातार महंगाई, बेरोजगारी और असुरक्षा से जूझ रही है। ऐसे में अफगानिस्तान से टकराव का नया मोर्चा खोलकर पाकिस्तान ने अपनी बबार्दी को और तेज कर दिया है।

उधर, तालिबान भी अब पाकिस्तान के दोहरे खेल को समझ चुका है। जिस पाकिस्तान ने कभी तालिबान को आश्रय दिया, अब वही उसकी सरकार गिराने की साजिशें रच रहा है। तालिबान नेताओं के खिलाफ पाकिस्तानी प्रचार, सीमा के पास उनके ठिकानों पर बमबारी, और उनके अधिकारियों को निशाना बनाने जैसी हरकतें यह साबित करती हैं कि पाकिस्तान को शांति नहीं, सत्ता और नियंत्रण चाहिए। लेकिन अब तालिबान किसी और के इशारे पर नहीं चलना चाहता। इस मौजूदा हालात में तालिबान ने पहली बार भारत के साथ संवाद कायम करने की इच्छा जताई है, जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका है। भारत इस पूरे परिदृश्य में संतुलित नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत जानता है कि स्थायी शांति तभी संभव है जब अफगानिस्तान की धरती आतंक का केंद्र न बने। भारत का रुख साफ है कि वह किसी भी सरकार को तब तक मान्यता नहीं देगा जब तक वह लोकतंत्र, मानवाधिकार और महिलाओं की स्वतंत्रता के प्रति सम्मानजनक रुख न अपनाए। परंतु कूटनीतिक स्तर पर भारत यह भी समझता है कि बातचीत से ही समाधान का रास्ता निकलेगा। इसी सोच के तहत भारत ने तालिबान शासन से न्यूनतम स्तर पर संवाद बनाए रखा है और मानवीय सहायता जारी रखी है।

दूसरी ओर पाकिस्तान लगातार बेनकाब हो रहा है। अपने ही बनाए तालिबान के खिलाफ जंग छेड़कर उसने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि आतंक को राजनीतिक साधन बनाना एक दिन आत्मघाती साबित होता है। पाकिस्तान की नीतियां अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सवालों के घेरे में हैं। अमेरिका, रूस और चीन तक इस बात को समझने लगे हैं कि दक्षिण एशिया की स्थिरता तभी संभव है जब पाकिस्तान को उसके आतंकी समर्थन की कीमत चुकानी पड़े। भारत इस पूरे मामले पर सतर्क है और उसके कूटनीतिज्ञ अच्छी तरह जानते हैं कि पाकिस्तान की तरफ से अस्थिरता फैलाने के प्रयास जारी रहेंगे। लेकिन भारत की ताकत उसकी नीति, नैतिकता और जनता के विश्वास पर टिकी है, न कि किसी आतंक के बल पर। आज तालिबान और पाकिस्तान का यह झगड़ा भारत के उस रुख को सही साबित कर रहा है जो वर्षों से कहता आया है कि आतंक से कोई दोस्ती नहीं, यह केवल विनाश लाता है। अफगानिस्तान में शांति और विकास का मार्ग तभी प्रशस्त होगा जब वह पाकिस्तान के इस झूठे सहारे से पूरी तरह स्वतंत्र हो जाए। भारत की कोशिश यही रहनी चाहिए कि वह अफगान जनता के साथ विकास, शिक्षा और मानवीय सहयोग के माध्यम से स्थायी संबंध बनाए, ताकि आतंक की राजनीति धीरे-धीरे खत्म हो और दक्षिण एशिया में स्थिरता की नई सुबह उग सके।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध और अलौकिक अनुभव

विष्णु कांत चतुर्वेदी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी के पावन पर्व पर अपनी एक शताब्दी की यात्रा पूरी कर ली है। हम सब ने बहुत कुछ जाने-अनजाने में इस संस्था के कार्य और उनकी संरचना के बारे में सुना है या फिर स्वयं भी किसी न किसी रूप में अनुभव किया है। मेरा भी इस संगठन से जुडाव कुछ इसी प्रकार हुआ। मैं 31 मई 2011 को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुआ। तब तक, मैने इस संगठन के बारे में केवल अखबारों में, पत्रिकाओं में या फिर कभी किसी राजनीतिक चचाओं में सुना था। मैं अब यह कह सकता हूं कि एक ऐसा संगठन जिसने अपने आप को केवल मानवता और राष्ट्र को समर्पित कर दिया, मैं स्वयं सेना की नौकरी में कार्यान्वित होने के कारण इस संगठन के उत्कृष्ट कार्यो से अनभिज्ञ रहा। ऐसा भी नहीं, कि मैंने अपने सेना के सेवाकाल में, इस संगठन के कार्यों का अनुभव नहीं किया, लेकिन कभी ध्यान ही नहीं दिया कि, यह निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता है।

सेवानिवृत्त के बाद, मुझे इस संगठन के कुछ कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला, इसमें मुझे एक अप्रत्याशित सुख का अनुभव हुआ। कभी कभी, कुछ विविध संगठन मुझे अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करने लगे, मैं जाने लगा, मुझे भी जाकर बहुत अच्छा लगता था। आत्मीयता, सहजता, नम्रता का व्यवहार मुझे बहुत ही प्रभावित करता था। सभी को आदर, सदैव भाषा की मयार्दा का पालन, अनुशासन और समय का पालन, मुझे अपने सेना के सेवाकाल की यादों में ले जाता था। धीरे-धीरे, मै बिल्कुल राष्ट्रीय स्वयंसेवक की कार्यशैली में पूरी तरह से रम गया। मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के सम्पर्क में भी आने लगा, उनकी विचारधारा, नैतिक मूल्य और राष्ट्र के प्रति सम्पूर्ण समर्पण की भावना मुझे बहुत ही प्रभावित करने लगी, क्योंकि ये वही मूल्य थे जिनको मैं सेना में रहते हुए पूर्णरूपेण स्वीकार कर चुका था। इसलिए मुझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में फिर से अपनापन लगने लगा और मैं प्राकृतिक रूप से इस परिवार का एक छोटा सा हिस्सा बन गया।

'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' का यह वाक्य केवल वाक्य नहीं है, मैने इन 12/13 वर्षों में इस पर कैसे अमल किया जाता है स्वयं देखा है। 'संकल्प से सिद्धि' किस प्रकार प्राप्त होती है, यह मैंने अनुभव की है। जब भी कोई समस्या, किसी भी क्षेत्र से हो, आती है, तो उस पर गहन विचार किया जाता है, सामूहिक चर्चा होती है, सभी को पूर्ण स्वतंत्रता होती है अपने विचार रखने की, और फिर, इस समस्या के समाधान के विकल्पों पर विचार कर के निर्णय लेने की पद्धति, एक समावेशी कार्यशैली जिसमें सभी भागीदार हों को इंगित करती है। यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशेषता है।

मैं पूर्ण रूप से आश्वस्त हूं और पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एक दैवीय संयोग है । भारत की पहचान, भारत की संस्कृति की निरंतरता, भाषाओं, विरासत,धरोहर और परंपराओं की रक्षा के लिए ईश्वर ने इस संगठन की स्थापना की है। अगर विजय दशमी के दिन, वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूजनीय डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नहीं की जाती, तो हमारे प्रिय भारत का भविष्य क्या होता शायद कोई नहीं बता सकता। केवल कल्पना की जा सकती है। कठिन परिस्थितियों में, कोई भी साधन न उपलब्ध होने के बाबजूद भी ये मुठ्ठी भर कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ता, अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपना सर्वोच्च समर्पित कर के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के मार्ग पर प्रशस्ति हो गये और हमारे प्राणों से भी प्यारे भारत की भारतीयता की रक्षा की।

असंख्य कठिनाइयों, सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक विरोध और बहुत ही न्यूनतम साधनों के साथ के बावजूद लगन, ये भारत के वीर अपनी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ समर्पण भाव से केवल राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प के साथ लगे रहे। भारत को और भारतीयता को बचाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का योगदान अकल्पनीय है, अनुकरणीय है।

आज जब यह बटवृक्ष बहुत विशाल रुप धारण कर चुका है तो मुझे लगता है कि यह उन महान विभूतियों के संघर्ष, त्याग तपस्या और बलिदान के कारण ही संभव हुआ है। मैं स्वयं भी एक सैनिक हूं,और निस्वार्थ सेवा, सेवा परमोधर्म, त्याग, बलिदान के अर्थ भली-भांति समझता हूं, लेकिन जो राष्ट्र प्रेम, समाज सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक प्रदर्शित करते हैं उसके लिए शायद कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है यह एक उत्कृष्ट, अद्वितीय और अनुकरणीय मूल्य हैं जिनको हम शब्दों में नहीं बांध पायेंगे, केवल इसका अनुभव ही कर पायेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विस्तार आज राष्ट्र के हर आवश्यक क्षेत्र, जैसे कि आदिवासी और जन जातीय उत्थान,महिला सशक्तिकरण, जनसंख्या असुंतलन, राष्ट्रीय सुरक्षा, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, विज्ञान और तकनीकी विकास, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और आधुनिकीकरण, कृषि क्षेत्र में सुधार, प्रचार के विश्वसनीय माध्यम, विमर्श निर्माण, शिक्षा पद्धति का भारतीयकरण, क्रीडा विकास, नागरिक कर्तव्य, नक्सली गतिविधियां पर नियंत्रण पूर्वोत्तर राज्यों का विकास, व्यक्ति/चरित्र निर्माण, भारतीय विरासत/परंपराओं की रक्षा, पारंपरिक भाषाओं का उत्थान, भारतीय खान-पान में गर्व, राष्ट्रीय तीज त्यौहारों को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना , आधार भूत संरचना का विकास, न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण, प्रशासनिक सुधार, रोजगार के अवसर, स्वाबलंबन, पर्यावरण ,आत्मनिर्भरता, इत्यादि सभी क्षेत्रों में बहुत ही गुणात्मक रूप से हो चुका है।

## दैनिक पंचांग

12 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.23 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृश्चिक | 08.37 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.53 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.58 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.45 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.18 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.48 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.28 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.26 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | कर्क | 23.40 बजे से |
| | | सिंह | 01.56 बजे से |
| | | कन्या | 04.08 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 285 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 14.18 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मृगशीर्ष 13.37 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 10.55 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 14.18 बजे तदनन्तर विष्टि 01.17 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 25'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872495
**जूलियन दिन** 2460960.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रबी उस्सानी
**तारीख** 19

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# दुर्गा पूजा में भड़काऊ पोस्ट करने वाले आरोपी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** दुर्गा पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले हबीबपुर निवासी कासिफ उमर ने शुक्रवार को साहिबगंज सीजेएम कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। अदालत ने आत्मसमर्पण के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामला दुर्गा पूजा के दिन का है, जब इंस्टाग्राम पर एसबीजी खान बहादुर रोड 108 नामक फेक आईडी बनाकर मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी और भड़काऊ पोस्ट की गई थी। इस पोस्ट के जरिए एलसी रोड क्षेत्र को टारगेट कर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश की आशंका जताई गई थी। घटना के बाद नगर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर थाना के पुअनि आफताब आलम के बयान पर आईटी एक्ट और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की सुसंगत धाराओं में कांड संख्या 158/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। तकनीकी जांच में आरोपी की मोबाइल लोकेशन महाराष्ट्र के कोल्हापुर में पाई गई। इसके बाद पुलिस ने हबीबपुर स्थित आरोपी के घर पर लगातार दबिश दी। दबाव बढ़ने के बाद आरोपी ने अंततः न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी ताकि इस साजिश में शामिल अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके। एलसी रोड को बदनाम करने की थी साजिश, पुलिस की तत्परता से टला विवाद स्थानीय लोगों के अनुसार, यह साजिश एलसी रोड क्षेत्र को बदनाम करने और धार्मिक तनाव फैलाने की थी। बता दें कि खान बहादुर रोड दरअसल एलसी रोड का पुराना नाम है, जिसका इस्तेमाल कर शातिराना तरीके से भ्रम फैलाने की कोशिश की गई। घटना के बाद जिले के एसपी अमित कुमार सिंह और नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और माहौल बिगड़ने नहीं दिया। पुलिस की सतर्कता से मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस मामले में पुलिस ने कई स्थानीय युवकों से पूछताछ भी की थी। लेकिन बाद में जांच में मुख्य आरोपी के रूप में हबीबपुर निवासी कासिफ उमर का नाम सामने आया। अब पुलिस इस बात की तहकीकात कर रही है कि आरोपी ने भड़काऊ पोस्ट क्यों किया और क्या इसके पीछे किसी अन्य समूह या व्यक्ति की साजिश थी। स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को लेकर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरसई :** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के निमित एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक भूषण बाड़ा के निर्देश पर केरसई प्रखण्ड में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम के सफल आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष जेफरेंन केरकेट्टा ने की। बैठक में केरसई प्रभारी सामरोम पॉल टोपनो उपस्थित हुए। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान के लिए सभी बूथ स्तर पर फॉर्मेट पत्र का वितरण किया तथा कार्यक्रम संबंधित सभी कार्यकताओं को विस्तृत जानकारी दी। प्रखण्ड अध्यक्ष जेफरेंन केरकेट्टा ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी पंचायत अध्यक्षों को विशेष निर्देश दिया गया है, वे सभी बूथों पर व्यापक रूप से हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। आगे उन्होंने बताया की भाजपा और चुनाव आयोग के मिलीभगत से मतदाता सूची में फर्जी वोट जोड़कर मताधिकार से लोगों को वंचित किया जा रहा है जिसे लेकर यह मुहिम चलाई जा रही है। वहीं कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा की संगठन के कार्यकर्ता क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक जाकर इस साजिश के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे साथ ही लोगों को इस मुहिम से जुड़ने की अपील भी की जा रही है। सांसद प्रतिनिधि मुंस खेस्स ने कहा की केंद्र सरकार ने लोकतांत्रिक भावना को आहत किया है और वोट की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। यह हस्ताक्षर अभियान लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकार के लिए चलायी जा रही है।

## डीसी ने दामिनभिट्टा बेटा पंचायत के सिमरिया गांव का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती ने आज दामिनभिट्टा पंचायत के सिमरिया गांव का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने गांव की विभिन्न विकास योजनाओं तथा जनसुविधाओं का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। दौरे के क्रम में डीसी ने सर्वप्रथम सिमरिया गांव में जिला प्रशासन द्वारा स्थापित केज कल्चर का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों एवं मत्स्य पालकों से मछलियों की उपज, विपणन व्यवस्था तथा आय में हो रहे सुधार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डीसी ने कहा कि केज कल्चर जैसी योजनाओं से ग्रामीणों की आजीविका में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है, इसे और अधिक सशक्त करने की दिशा में प्रशासन पूर्ण सहयोग देगा। इसके उपरांत डीसी हेमंत सती ने गांव का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीण बुनियादी ढांचे की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सिमरिया गांव में पेवर ब्लॉक सड़क, सोलर लाइट, चबूतरा निर्माण, ओपन जिम जैसी जनोपयोगी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही उन्होंने अबुआ आवास योजना के लाभार्थियों को चिन्हित कर सभी पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। डीसी ने सिमरिया स्थित यूपीएस विद्यालय का भी निरीक्षण किया तथा विद्यालय भवन के पुनः नव-निर्माण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यालयों का सुदृढ़ बुनियादी ढांचा अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं ताकि ग्रामीणों को शीघ्र सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दो दिवसीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शहर स्थित विद्या भारती विद्यालय, जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, साहेबगंज के वंदना कक्ष में दो दिवसीय विभाग स्तरीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी बजरंगी प्रसाद यादव,समिति के संरक्षक डॉ अरविंद प्रसाद सिंह,सचिव डॉ मृदुला सिन्हा,सह सचिव शशि जाजोदिया, उपाध्यक्ष डॉ विजय कुमार, सदस्य रिंकी देवी,तेज नारायण भगत, केशो तिवारी, विभाग प्रमुख रमेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित, शिशु वाटिका की विभाग प्रमुख किरण गुप्ता ने सरस्वती माता,ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात सबों ने शिशु मंदिर योजना के जनक कृष्ण चंद्र गांधी के जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। बजरंगी प्रसाद यादव को रमेश कुमार एवं रमेश कुमार को डॉ अरविंद प्रसाद सिंह ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए रमेश कुमार ने बताया कि शिशु वाटिका विद्यालय का प्रवेश द्वार है। यह अपने विद्यालय का आधार है। प्रशिक्षण वर्ग को बजरंगी प्रसाद यादव,शशि जाजोदिया ने भी संबोधित किया। किरण गुप्ता ने शिशु वाटिका की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया की प्रशिक्षण वर्ग का संचालन स्नेहा भारद्वाज एवं अतिथि परिचय सुनील पंडित ने किया। प्रशिक्षण वर्ग में बरहरवा के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार आजाद, पाकुड़िया के प्रधानाचार्य कुशल कुमार आचार्य, हिरणपुर के प्रधानाचार्य बापिन कुमार दास उपस्थित थे।

## नगर पंचायत की तीन मुख्य सड़कों पर जलजमाव व गड्ढों से जनजीवन अस्त-व्यस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा नगर पंचायत बरहरवा के अंतर्गत आने वाली तीन मुख्य सड़कों की स्थिति इन दिनों बदहाल हो चुकी है। सब्जी मंडी सड़क वार्ड संख्या 12, पतना चौक से पलटनिया सड़क और बरहरवा-पाकुड़ मुख्य मार्ग—तीनों ही मार्गों पर जलजमाव और बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। लगातार हो रही बारिश के बाद स्थिति और भी विकट हो गई है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी मंडी सड़क जहां रोजाना सैकड़ों लोग सब्जी एवं रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की खरीददारी करने आते हैं। अब जलजमाव के कारण उक्त सड़क चलने लायक नहीं बचा है।सड़क पर बहता गंदा पानी और जगह-जगह बने गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। दुकानदार भी काफी परेशान हैं। क्योंकि ग्राहक आने में कतराने लगे हैं। जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। वही नगर के अधीन आने वाली पतना चौक से पलटनिया रोड की हालत भी बेहद खराब है। इस सड़क से स्कूल जाने वाले बच्चों, ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों और आम राहगीरों का रोज का आना-जाना होता है। मगर सड़क पर नालियों की समुचित निकासी नहीं होने के कारण जलजमाव दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। पानी जमा होने से सड़क अब दलदल जैसी हो चुकी हैं। जहां दोपहिया वाहन तो छोड़िए पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। बरहरवा-पाकुड़ मुख्य मार्ग जो एक प्रमुख संपर्क मार्ग है, उसकी हालत भी चिंताजनक बनी हुई है।

## सिमडेगा में विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय प्रांतीय सत्संग प्रशिक्षण वर्ग शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा :** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत की ओर से सिमडेगा शहर के आनंद भवन में शनिवार को दो दिवसीय प्रांतीय सत्संग प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। उद्घाटन के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि यह सिमडेगा जिले के लिए गौरव की बात है कि प्रांत स्तर पर आयोजित सत्संग प्रशिक्षण वर्ग के लिए सिमडेगा को चुना गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठन, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जागरूक करने का कार्य करते हैं।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के केंद्र सत्संग सह प्रमुख अच्युतानंद जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्संग वह माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति न केवल आत्मिक शांति प्राप्त करता है, बल्कि ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग भी पाता है। उन्होंने कहा कि सत्संग से मनुष्य के विचार, व्यवहार और कर्म में पवित्रता आती है। उन्होंने बताया कि सत्संग व्यक्ति को समाज, संस्कृति और संगठन से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद लगातार सत्संग के माध्यम से समाज में एकता, समरसता और धार्मिक चेतना को बढ़ावा दे रही है।अच्युतानंद जी ने कहा कि आने वाले समय में सत्संग की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी, इसलिए इसे मजबूत बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सत्संग को केवल धार्मिक अनुष्ठान न मानें, बल्कि इसे जीवन शैली के रूप में अपनाएं। उन्होंने कहा कि प्रांत स्तर के ऐसे प्रशिक्षण वर्गों में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेना चाहिए, ताकि संगठनात्मक दृष्टि से परिषद को और मजबूती मिल सके।प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद में सत्संग की भूमिका अत्यंत केंद्रीय है। सत्संग समाज में समानता और एकता की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां करोड़ों लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ स्नान करते हैं, यह हमारे समाज की समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जहां सत्संग कमजोर हुआ, वहां समाज में विभाजन बढ़ा, इसलिए सत्संग को हर क्षेत्र में सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों को सेवा भाव बढ़ने और सामाजिक समरसता को प्रमुखता के साथ आगे लाते हुए समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर सत्संग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रांत सत्संग प्रमुख रंजन कुमार सिंह, सह प्रमुख गणेश चंद्र विद्यार्थी, गुमला विभाग मंत्री कुलदीप सिंह,जिला सत्संग प्रमुख प्रकाश दास, किरण चौधरी, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वन विभाग की कार्रवाई 15 बोटा सिसम एवं सेमल लकड़ी जब्त



**साहिबगंज:** वन विभाग की टीम ने शुक्रवार रात्रि को चाणन गंगा किनारे क्षेत्र में विशेष अभियान चलाते हुए अवैध रूप से काटी गई 15 बोटा सिसम एवं सेमल लकड़ी को जब्त किया है। यह कार्रवाई वनरक्षी अंकित झा के नेतृत्व में की गई। मौके पर से लकड़ी जब्त कर विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही, यह जांच की जा रही है कि इस अवैध कटाई एवं परिवहन में कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। जांच के उपरांत संबंधित तस्करों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी तस्करी पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और इस तरह की गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जा रहे हैं।

### ट्रैक्टर के चपेट में आने से मछली कारोबारी की मौत

**साहिबगंज:** जिला के राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत फुदकीपुर में शनिवार की सुबह 4:00 बजे ट्रैक्टर के चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उधवा-राधानगर सड़क के फुदकीपुर में सुबह 4:00 बजे विपरीत दिशा से एक ईटा लोड ट्रैक्टर मोटरसाइकिल चालक मो. मोतालिब शेख 48 वर्ष को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि मो. मोतालिब शेख मछली का कारोबार करता था। वह प्रतिदिन सुबह-सुबह मोटरसाइकिल से मछली खरीदने के लिए फरक्का जाता था। शनिवार की सुबह-सुबह मोटरसाइकिल से फरक्का जा रहा था। घटना की सूचना मिलने पर राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर थाना पहुंचे। थाना प्रभारी अमन कुमार मिंज ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद एफआईआर किया। वही ट्रैक्टर को जब्त कर राधानगर थाना में रखा गया।

### विश्व बालिका दिवस पर जिले का नाम रोशन करने वाले सभी बेटियों को डीसी ने दी शुभकामनाएं

**सिमडेगा :** शनिवार को विश्व बालिका दिवस के अवसर पर जिले का नाम रोशन करने वाली सभी बालिकाओं सहित जिले के तमाम संघर्षशील बालिकाओं को उपायुक्त कंचन सिंह जिला प्रशासन की ओर से बधाई और शुभकामनाएं। जिन्होंने विषम परिस्थिति में भी अपने मुकाम को हासिल किया है। उनमें भारतीय फुटबॉल टीम अंडर-17 में जगह बनाने वाली बानो के लोवसुकरा गांव की विनीता होरो जो एशिया कप क्वालीफायर किर्गिस्तान में चल रहे मैच में भाग ले रही हैं। वह वर्तमान में गुमला के आवासीय प्रशिक्षण केंद्र गुमला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उसी प्रकार सिमडेगा आज बालिकाओं के दम पर हॉकी का नर्सरी कहा जाता है। जिसमें सिमडेगा की बेटी सलीमा टेटे ने भारतीय महिला हॉकी टीम के कप्तान के रूप में देश, राज्य और सिमडेगा का नाम रोशन की तथा साथ में ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, रजनी टोप्पो, सुषमा कुमारी के अलावे, सुमराय टेटे, पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा, अलका डुंगडुंग, कांति बा:, एडलिन केरकेट्टा, मसीरा सुरीन, प्रीति सुनिला किड़ो, संगीता कुमारी, लोलेंती मिंज जैसे अनेको बेटियों ने सिमडेगा का नाम हॉकी की दुनिया मे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल कर सिमडेगा का नाम रोशन किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 7 वर्षीय बच्ची गंगा नदी में डूबने से हुई मौत



**साहिबगंज:** रिवर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरीगली, गोपालपुर, पिलर टोला में शनिवार को सुबह लगभग 11 बजे मिथुन चौधरी की 7 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी गंगा में डूब गई। जिससे वहां कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार रानी कुमारी स्नान करने गयी थी। इसी दौरान गहराई में जाने से डूब गई। इधर स्थानीय लोग उसकी तलाश में लगे थे। खबर लिखे जाने तक बच्ची का कुछ पता नहीं चला था। बच्ची की मां संगीता देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी गई थी।

### नगर थाना के कार्यालय कक्ष में जिला प्रशासन व व्यापारियों के संग हुई बैठक



**साहिबगंज:** जिला के चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं पुलिस प्रशासन के बीच शनिवार को नगर थाना प्रभारी के चेंबर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारी के चेक बाउंस पर त्वरित कार्रवाई, व्यापारियों से अवैध वसूली की रोकथाम, धनतेरस एवं छठ पूजा के पूर्व गांधी रोड सहित अन्य जगहों पर लगने वाली बाजार में यातायात पर कड़ी निगरानी रखने, वाहन चालकों को रोकने ताकि खरीदारी करने वालों को दिक्कत का सामना करना नहीं पड़े, दीपावली एवं छठ से पूर्व शहर के सभी स्ट्रीट लाइट को ठीक करने, रोड की मरम्मत करने, शहर के सभी मुख्य मार्गो में लगे सीसीटीवी कैमरा की मरम्मती आदि पर चर्चा कर मांगे रखी गई। चेंबर की मांगों पर जिला प्रशासन ने उसे पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक में चेंबर के अध्यक्ष चेतन भरतीया, सचिव जयप्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार, उपाध्यक्ष राजेश चिरानिया, प्रवक्ता मोनि श्रॉफ, कार्यकारिणी सदस्य चंद्रभान शर्मा, संजीव कुमार उर्फ पप्पन, रतन शाह, राजेश कुमार, गोपाल चोखानी, सरफराज आलम, भगवान जोशी समेत अन्य मौजूद थे।

### पल्स पोलियो अभियान को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली




**साहिबगंज:** जिला में 12 अक्टूबर से तीन दिवसीय शुरू होने वाली पल्स पोलियो अभियान को लेकर शनिवार को पुराना सदर अस्पताल से जागरूकता रैली निकाली गई। इसमे मुख्य रूप से सीएस डॉ. रामदेव पासवान, डॉ. मुकेश कुमार व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महमूद आलम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया है। इस दौरान रैली शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए लोगो को शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद की खुराक पिलाने की अपील की है। सीएस ने कहा कि शहर को पोलियो मुक्त बनाने के लिए लोगो की सहयोग की आवश्यकता है। वही रैली पुराना सदर अस्पताल से पटेल चौक होते हुए रेलवे स्टेशन से मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए साहिबगंज कॉलेज जाकर समापन हो गया। मौके पर डीपीएम, आदित्य कुमार समेत अन्य स्वास्थ कर्मी शामिल थे।

### प्रदेश नेतृत्व से मिलीं जोसिमा खाखा संगठन सशक्तीकरण को लेकर हुई चर्चा




**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला महिला कांग्रेस कमेटी की नव नियुक्त अध्यक्ष सह ज़िला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने राँची में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव कमलेश महतो और पुनः नव नियुक्त प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह से भेंट की। इस दौरान जोसिमा खाखा ने गुंजन सिंह को पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो और गुंजन सिंह ने भी जोसिमा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में सिमडेगा जिले में महिला कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ सक्रिय होगी। बैठक के दौरान प्रदेश नेतृत्व ने संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक महिला कांग्रेस की पहुँच बढ़ाने और ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए कई दिशा-निर्देश दिए। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं दिल से आभार व्यक्त करती हूँ। मेरा लक्ष्य सिमडेगा जिले की हर महिला तक कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं को पहुँचाना है। हम संगठित होकर महिलाओं की समस्याओं के समाधान और उनकी सशक्त भूमिका के लिए सतत संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जिले के सभी प्रखंडों में महिला कांग्रेस की बैठकें आयोजित कर संगठन को नई दिशा देने का कार्य किया जाएगा।

### सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम अर्शी के निदेशानुसार कंट्रोल रूम के पास वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का उल्लंघन तथा वाहन दस्तावेजों की अनुपलब्धता पाए जाने पर कुल 30 वाहनों से 1,29000 की ऑनलाइन चालान की गई।

# इधर ट्रंप ने ऐलान किया उधर क्रिप्टो मार्केट में मचा हाहाकार, कई कंपनियों के शेयर गिर

**वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, '1 नवंबर 2025 से (या उससे पहले अगर चीन कोई और कदम उठाता है) अमेरिका चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जो मौजूदा करों से ऊपर होगा। उसी दिन से सभी क्रिटिकल सॉफ्टवेयर पर एक्सपोर्ट कंट्रोल भी लगाए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि यह कदम इसलिए जरूरी है क्योंकि चीन 'लगभग हर उत्पाद' पर बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट कंट्रोल लागू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने इसे 'अंतराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक खतरनाक मिसाल' बताया। अभी अमेरिका चीन के उत्पादों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाता है। ट्रंप की नई घोषणा के बाद यह दर कुल मिलाकर 130 प्रतिशत हो जाएगी। ट्रंप के इस बयान के बाद क्रिप्टोकरेंसी और अमेरिकी शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बिटकॉइन और इथीरियम समेत अमेरिका में टेस्ला और अमेजन जैसी कंपनियों के शेयर गिर गए।

ट्रंप ने यह फैसला तब लिया है जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स पर नए एक्सपोर्ट नियंत्रण लगाने का ऐलान किया। ये खनिज मोबाइल, कंप्यूटर चिप्स, बैटरी और सोलर पैनल जैसे टेक प्रोडक्ट्स बनाने में जरूरी होते हैं। ट्रंप के ऐलान के तुरंत बाद बिटकॉइन और इथेरियम जैसी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी के दाम गिर गए। बिटकॉइन 10 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर डॉलर 1,10,000 के नीचे चला गया, बाद में हल्का सुधार होकर डॉलर 1,13,096 पर पहुंचा। इथेरियम 11.2 प्रतिशत टूटकर डॉलर 3,878 पर आ गया।



बीएनबी, सोलाना और एक्सआरपी जैसी क्रिप्टोकरेंसी में भी 14 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों का कहना है कि ट्रेड वार के डर से निवेशकों ने जोखिम भरे निवेश, जैसे क्रिप्टो और टेक स्टॉक्स, से पैसा निकालना शुरू कर दिया है।

# 80000 दैनिक वेतन भोगियों की नौकरी खतरे में

**दिग्विजय सरकार की याद ताजा हुई**

**भोपाल**

25 साल पहले मध्य प्रदेश शासन ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति पर प्रतिबंध लगाया था। उस समय केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा दैनिक वेतन भोगियों को हटाने के आदेश म.प्र. शासन को दिए गए थे। उस समय प्रदेश कर्ज के बोझ से दबा हुआ था। उस समय इसको लेकर बड़ा बवाल हुआ था। उमा भारती और कल्पना परुलेकर ने उस समय प्रदेश में बड़ा आंदोलन भी किया था। 25 साल बाद एक बार फिर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का मामला तूल पकड़ गया है। पिछले 25 वर्षों में 80000 से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नगरीय निकायों मे प्रतिबंध के बाद संस्थाओं में नियुक्त किए गए हैं। नगरीय निकाय विभाग अब इनको नौकरी से निकलने पर विचार कर रहा है। ऐसी स्थिति में मध्य प्रदेश के लगभग 80000 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बेरोजगारी की कगार पर खड़े हो गए हैं।

नगरीय निकाय विभाग ने सभी नगरीय संस्थाओं से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी है। यह जानकारी 25 अक्टूबर तक सभी संस्थाओं को देनी है।

उपसचिव प्रमोद शुक्ला के हस्ताक्षर से जारी आदेश में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है। मार्च 2000 के बाद दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति पर पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ है। उसके बाद जो भी नियुक्तियां हुई हैं। उसकी जानकारी शासन ने मांगी है।

नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है।

सरकार की ओर से उन्हें पर्याप्त आर्थिक मदद नहीं मिल पा ही है। ऐसी स्थिति में एक बार फिर दैनिक वेतन भोगियों को नौकरी से हटाने की बात होने लगी है।

यदि सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया, तो लगभग 80 हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नौकरी से निकाल दिए जाएंगे। 80000 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बेरोजगारी के कगार पर खड़े हैं।

# महिंद्रा बोलेरो फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च, कीमत है रुपए 7.99 लाख




**नई दिल्ली**

महिंद्रा ने महिंद्रा बोलेरो का फेसलिफ्ट वर्जन 2025 लॉन्च किया है, जिसकी शुरुआती कीमत रुपए 7.99 लाख रखी गई है। नए मॉडल में एक्सटीरियर, इंटीरियर और राइड कम्फर्ट को लेकर कई अहम अपडेट किए गए हैं। बोलेरो के नए फेसलिफ्ट में कंपनी ने इसके सिग्नेचर बॉक्सी स्टांस और सीधे आकार को बरकरार रखा है। एक्सटीरियर में नया 5-स्लैट क्रोम-एक्सेंटेड ग्रिल, टॉप-स्पेक बी 8 ट्रिम पर 16-इंच के नए एलॉय व्हील और बी6 वैरिएंट से शुरू होने वाले फॉग लैंप शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, स्टील्थ ब्लैक पेंट का नया विकल्प भी पेश किया गया है। हालांकि, बोलेरो की मजबूत और सिंपल डिजाइन इसकी पहचान बनाए रखती है। इंटीरियर में सबसे बड़ा बदलाव टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम है। हालांकि, एंड्रॉयड ऑटो और एपल कारप्ले की कनेक्टिविटी अभी नहीं दी गई है। इसके अलावा स्टीयरिंग-माउंटेड कंट्रोल,यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट, डोर बॉटल होल्डर और टॉप ट्रिम्स पर लेदरेट अपहोल्स्ट्री भी नई है। सुरक्षा के लिहाज से सभी वैरिएंट में डुअल एयरबैग स्टैंडर्ड हैं। हूड के नीचे बदलाव नहीं किया गया है। इसमें भरोसेमंद 1.5-लीटर, 3-सिलेंडर डीजल इंजन मिलता है, जो 76एचपी पावर और 210 एनएम टॉर्क जनरेट करता है।

यह 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के जरिए पिछले पहियों को पावर देता है। एसयूवी का लैडर-फ्रेम चेसिस अब भी बरकरार है, लेकिन पीछे पुराने लीफ स्प्रिंग की जगह नया डैम्पर सिस्टम लगाया गया है। यह एडवांस्ड सेटअप उबड़-खाबड़ रास्तों पर सवारी के आराम और स्थिरता को बेहतर बनाता है। महिंद्रा बोलेरो फेसलिफ्ट अपने नए डिज़ाइन और फीचर्स के साथ पुराने ग्राहकों और नए खरीदारों दोनों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गई है, जो मॉडर्न और प्रैक्टिकल एसयूवी अनुभव प्रदान करती है।

# जीएसटी कटौती से कार और बाइक की बिक्री में उछाल



**नई दिल्ली**

सितंबर महीने में जीएसटी कटौती और नवरात्रि ऑफर्स की वजह से कार और बाइक की बिक्री में तेज उछाल देखने को मिला। अनुमानित 3.75 से 3.8 लाख वाहन फैक्ट्रियों से डिस्पैच किए गए, जो पिछले साल की तुलना में 5-6 प्रतिशत ज्यादा हैं। वहीं, रिटेल बिक्री में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, अचानक बढ़ी मांग और त्योहारों की खरीदारी ने ट्रांसपोर्ट नेटवर्क पर दबाव बढ़ा दिया है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा के ऑटोमोटिव डिवीजन के सीईओ नालिनिकांत गोल्लागुंटा ने बताया कि ÷त्योहारों की मांग ने ट्रेलरों की उपलब्धता पर असर डाला है, लेकिन हम डीलर नेटवर्क तक वाहनों की डिलीवरी सुधारने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी के पास भी करीब 2.5 लाख पेंडिंग डिलीवरी हैं। कंपनी रेलवे ट्रांसपोर्ट का उपयोग कर डिलीवरी समय पर करने का प्रयास कर रही है। वहीं, बीएमडब्ल्यू इंडिया के प्रेसिडेंट और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने कहा कि दिवाली और धनतेरस पर डिलीवरी लेने का ट्रेंड मजबूत है, लेकिन लॉजिस्टिक समस्याओं को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया है। टू-व्हीलर और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए चुनौती दोगुनी है। लॉजिस्टिक बाधाएं और रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी उत्पादन को प्रभावित कर रही हैं। प्रमुख टू-व्हीलर कंपनियों ने बताया कि कीमतों में कटौती के बाद मांग में उछाल आया, लेकिन मैग्नेट की कमी ने उत्पादन को सीमित कर दिया। सितंबर में टीवीएस मोटर, बजाज ऑटो और रॉयल एनफील्ड ने मजबूत बिक्री दर्ज की। रॉयल एनफील्ड की बिक्री में 43 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि टाटा मोटर्स की कमर्शियल गाड़ियों की बिक्री में 16 प्रतिशत और अशोक लेलैंड में 7 प्रतिशत की वृद्धि रही।

# सरकार ने विद्युत अधिनियम में बड़े सुधारों का प्रस्ताव रखा

## उद्योगों को बिजली दरों में राहत देने का लक्ष्य

**नई दिल्ली**

सरकार ने विद्युत क्षेत्र के वित्तीय सुधारों को आगे बढ़ाते हुए विद्युत अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधन का मसौदा विधेयक 2025 प्रस्तुत किया है। इस संशोधन में बिजली की दरें लागत के अनुरूप तय करने को अनिवार्य बनाया जाएगा। इससे बिजली वितरण कंपनियों के भारी घाटे को कम करने और वित्तीय स्थिरता लाने का प्रयास किया जाएगा। मसौदे में विशेष रूप से उद्योगों के लिए बिजली दरों को कम करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। इसके साथ ही रेलवे और मेट्रो रेल प्रणालियों को पांच वर्षों के भीतर क्रॉस-सब्सिडी के बोझ से मुक्त करने की योजना है, जिससे मालवहन और यात्री परिवहन की लागत में कमी आएगी। राज्य विद्युत नियामक आयोगों को स्वतः संज्ञान लेकर शुल्क निर्धारित करने का अधिकार मिलेगा। यह व्यवस्था वित्तीय अनुशासन में सुधार लाएगी और संशोधित दरें हर वित्त वर्ष की शुरुआत से लागू होंगी। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग को बाजार संचालित साधन लाने का विशेष



अधिकार दिया जाएगा, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया तेज होगी। यह संशोधन विधेयक बिजली क्षेत्र के घाटे को कम करने, उद्योगों के लिए बिजली की लागत घटाने और देश की आर्थिक उत्पादकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही, यह भारत के ऊर्जा संक्रमण को भी गति देगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को सुदृढ़ करेगा।

# बिजली संशोधन विधेयक 2025 पेश

## सस्ती, पारदर्शी और विश्वसनीय आपूर्ति की दिशा में कदम



**नई दिल्ली** बिजली मंत्रालय ने मसौदा बिजली संशोधन विधेयक 2025 पेश किया है, जिसमें वितरण क्षेत्र को वित्तीय रूप से मजबूत और पारदर्शी बनाने के उपाय शामिल हैं। विधेयक राज्यों के नियामकों को बिजली दरों में स्वतः संशोधन का अधिकार देता है, जिससे दर निर्धारण में समयबद्धता आएगी। वितरण लाइसेंसधारकों को नेटवर्क साझा करने की अनुमति दी गई है, जिससे दोहराव और लागत में कमी होगी। विनिर्माण, रेलवे और मेट्रो को पांच वर्षों में क्रॉस-सब्सिडी से मुक्त करने का प्रस्ताव है, जिससे परिवहन लागत घटेगी। विधेयक उद्योगों को स्वयं बिजली उत्पादन और स्वच्छ ऊर्जा विकल्प अपनाने की सुविधा भी देता है। इसके अलावा, अपीलीय न्यायाधिकरण में निर्णय प्रक्रिया तेज करने, साइबर सुरक्षा मजबूत करने और सेवा मानक तय करने का भी प्रावधान है। मंत्रालय ने इस पर 30 दिन में सुझाव मांगे हैं।

# नायडू ने विमानन कंपनियों से कहा, नहीं बढ़ाए त्योहारों में हवाई किराया



**नई दिल्ली** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने विभिन्न विमानन कंपनियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें उनके संचालन और तकनीकी प्रदर्शन का आकलन किया गया। बैठक में एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, फ्लाई91, फ्लाईबिग समेत अन्य एयरलाइनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्री ने त्योहारों के दौरान हवाई किराए में अनावश्यक वृद्धि को लेकर चिंता जताई और सभी कंपनियों से किराया उचित स्तर पर बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि के बावजूद कंपनियां जनता की सुविधा का ध्यान रखें। अधिकारियों ने अपने-अपने प्रदर्शन, सुरक्षा घटनाओं और यात्री शिकायतों पर की गई कार्रवाई से जुड़े आंकड़े प्रस्तुत किए। मंत्री ने सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन और सेवा गुणवत्ता में सुधार के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां अपनाने पर जोर दिया।

# ट्रंप ने चीनी आयात पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की धमकी दी



**वॉशिंगटन** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में यह घोषणा की कि वह चीन से होने वाले आयात पर 1 नवंबर 2025 से या उससे पहले 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की योजना बना रहे हैं। यह कदम चीन द्वारा दुर्लभ मृदा के निर्यात पर लगाए गए नियंत्रणों के जवाब में उठाया जा रहा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि यह शुल्क वर्तमान दरों के अतिरिक्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलने की कोई योजना नहीं है। इस घोषणा के बाद वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है और मंदी की आशंका तेज हो गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह फैसला अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को फिर से भड़का सकता है।

# टाटा संस की लिस्टिंग की मांग पर फिर अड़ा एसपी ग्रुप

## पारदर्शिता और सार्वजनिक हित को बताया प्राथमिकता




**मुंबई** टाटा संस में 18.4 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाला शापूरजी पलोनजी (एसपी) ग्रुप एक बार फिर कंपनी की पब्लिक लिस्टिंग की मांग पर अड़ गया है। समूह ने इसे पारदर्शिता, निष्पक्षता और सार्वजनिक हित से जुड़ा मुद्दा बताया है। एसपी ग्रुप का कहना है कि यह कदम अच्छे कॉरपोरेट गवर्नेंस के सिद्धांतों को आगे बढ़ाएगा और संस्थापक जमशेदजी टाटा की विरासत को सच्चा सम्मान देगा। समूह ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) पर पूर्ण भरोसा जताते हुए कहा कि यह एक संवैधानिक और स्वायत्त संस्था है, जो न्याय और समानता के आधार पर काम करती है। एसपी ग्रुप ने 30 सितंबर, 2025 तक अनुपालन की समय-सीमा को गंभीरता से लेने की अपील की है, जो आरबीआई द्वारा ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए तय की गई है। वर्तमान में टाटा ट्रस्ट्स, जिनके पास टाटा संस में 66 फीसदी हिस्सेदारी है, बोर्ड के फैसलों पर वीटो पावर रखते हैं। रिपोर्टों के अनुसार ट्रस्टियों के बीच टाटा संस की लिस्टिंग को लेकर मतभेद हैं। एसपी ग्रुप का मानना है कि लिस्टिंग से उन्हें अपनी हिस्सेदारी बेचने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपनी वित्तीय जिम्मेदारियाँ पूरी कर सकेंगे। साथ ही इससे टाटा समूह की कंपनियों में निवेश कर चुके 1.2 करोड़ से अधिक शेयरधारकों के लिए भी मूल्य सृजन का मार्ग खुलेगा।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह मजबूती रही

## कैपिटल मार्केट और आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई

**विदेशी निवेशकों की खरीदारी के कारण बाजार में शुरुआती तेजी देखने को मिली।**

**मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह तेजी देखी गई है, जो पिछले तीन महीनों में सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त मानी जा रही है। चार प्रमुख सूचकांकों में लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इस सप्ताह कैपिटल मार्केट और आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी रही, जहां दोनों सेक्टर्स ने लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि की। शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार शुरुआत की। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 81,300 के स्तर पर खुला और दिन के अंत में 582.95 अंक बढ़कर 81,790.12 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 25,000 के पार खुला और 183.40 अंक की बढ़त के साथ 25,077.65 पर बंद हुआ। मंगलवार को भी सेंसेक्स और




निफ्टी ने क्रमशः 136.63 और 30.65 अंक की तेजी दर्ज की। बुधवार को आईटी शेयरों में बढ़त और विदेशी निवेशकों की खरीदारी के कारण बाजार में शुरुआती तेजी देखने को मिली। हालांकि, दिन के अंत में सेंसेक्स 153.09 अंक गिरकर 81,773.66 और निफ्टी 62.15 अंक घटकर 25,046.15 पर बंद हुए। गुरुवार को बाजार ने फिर जोरदार उछाल लिया; सेंसेक्स ने 398.44 अंक की बढ़त के साथ 82,172.10 और निफ्टी ने 135.65 अंक की तेजी के साथ 25,181.80 अंक पर कारोबार खत्म किया। शुक्रवार को भी बाजार में तेजी बनी रही। सेंसेक्स 328.72 अंक उछलकर 82,500.82 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 103.55 अंक की बढ़त के साथ 25,285.35 अंक दर्ज किए। हालांकि, इस्राइल-हमास शांति वार्ता और अमेरिकी राष्ट्रपति की गाजा शांति योजना के कारण निवेशक सतर्क नजर आए।

# क्रेता जब बिल स्वीकार करेगा, तभी बिक्री मानी जाएगी

## जीएसटी के नियमों में सुधार

**नई दिल्ली** जीएसटी ने अपने नियमों में बदलाव किया है। अभी विक्रेता द्वारा जो बिल काटा जाता था। उसे बिक्री मानकर जीएसटी टेक्स वसूल कर लेती थी।

कई मामले में खरीददार बिल को स्वीकार नहीं करता था। जिसके कारण खरीदार एवं विक्रेता को लेकर टैक्स विसंगति बढ़ती चली जा रही थी। जीएसटी ने बिल प्रबंधन में बदलाव किया है। अब जिस क्रेता के नाम पर बिल काटा गया है। उसको उसे स्वीकार करना पड़ेगा। तभी पूरा लेनदेन स्वीकृत माना जाएगा। क्रेता को अब यह अधिकार दिया गया है। वह बिलों को स्वीकार या अस्वीकार कर सके। यदि ऐसा नहीं किया गया तो जीएसटी 2b में उसे क्रेडिट का लाभ नहीं मिलेगा।

# ईपीएफओ के निवेश में कमियां, आरबीआई ने फंड मैनेजमेंट सुधारने के दिए सुझाव

## 30 करोड़ कर्मचारियों की रिटायरमेंट बचत पर खतरा

**नई दिल्ली** देश के सबसे बड़े रिटायरमेंट फंड संगठन ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) की निवेश और फंड मैनेजमेंट प्रक्रिया पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सवाल उठाए हैं। करीब 30 करोड़ कर्मचारियों की 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत का प्रबंधन करने वाले ईपीएफओ को आरबीआई ने कई अहम सुझाव दिए हैं। वर्तमान में ईपीएफओ अपने फंड का 45-65 फीसदी सरकारी बॉन्ड्स, 20-45 फीसदी डेट इंस्ट्रूमेंट्स और 5-15 फीसदी शेयर बाजार में निवेश करता है। वर्ष 2025 में ईपीएफओ ने 8.25 फीसदी ब्याज देने का वादा किया है, जबकि सरकारी बॉन्ड्स से औसतन 6.86 फीसदी और निफ्टी व सेंसेक्स से केवल 5 फीसदी से कम रिटर्न मिला। आरबीआई का कहना है कि ईपीएफओ को सिर्फ शेयर नहीं, बल्कि हर निवेश पर बिक्री रणनीति लागू करनी चाहिए। फिलहाल ईपीएफओ चार साल पुराने मुनाफे वाले शेयरों को बेचता है, लेकिन बाजार की मौजूदा स्थिति नहीं देखता। इसके अलावा आरबीआई ने फंड मैनेजमेंट में खराब निवेश की पहचान, नुकसान दर्ज करने और जोखिम प्रबंधन की कमी को भी उजागर किया। पुराने घाटे वाले निवेश अभी भी पोर्टफोलियो में हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि ईपीएफओ फंड मैनेजर और नियामक दोनों की भूमिका निभा रहा है, जिससे हितों का टकराव पैदा हो सकता है। आरबीआई ने सुझाव दिया कि तीनों फंड–प्रोविडेंट, पेंशन और इंश्योरेंस–के लिए अलग निवेश रणनीति अपनाई जाए।

# पर्सनल लोन में कम उम्र वालों को मिलती है प्राथमिकता, कुछ को मिलता है जल्दी लोन

**नई दिल्ली**

बैंक सिर्फ आपकी इनकम और क्रेडिट स्कोर ही नहीं देखते, बल्कि आपकी उम्र से भी यह तय करते हैं कि आप लोन के लिए कितने योग्य हैं और आपको किन शर्तों पर पैसे मिलेंगे। असल में उम्र यह बताती है कि आपकी कमाई का समय कितना बचा है और आप कितने साल तक स्थिर इनकम कमा सकते हैं। यही वजह है कि बैंक अलग-अलग उम्र के लोगों को अलग तरह से आंकते हैं। अगर सही उम्र में अप्लाई किया जाए तो न सिर्फ लोन आसानी से मंजूर होता है, बल्कि ब्याज दर और किस्तों में भी आसानी मिलती है। ज्यादातर बैंक पर्सनल लोन के लिए 21 साल से 60 साल तक की उम्र के लोगों को पात्र मानते हैं।

शुरुआती उम्र में जब इनकम स्थिर नहीं होती, तब बैंक ज्यादा सतर्क रहते हैं। वहीं रिटायरमेंट के करीब आने वाले लोगों को भी बैंक कम टेन्योर और सख्त शर्तों पर लोन देते हैं। अगर आपकी उम्र 25 या 30 साल के आसपास है, तो बैंक आपको लंबा टेन्योर यानी 5 से 7 साल तक का समय दे सकते हैं। लेकिन अगर आप 55 की उम्र में लोन लेते हैं, तो बैंक यह सुनिश्चित करते हैं कि किस्तें




रिटायरमेंट से पहले खत्म हो जाएं। ऐसे में टेन्योर छोटा यानी 2 से 3 साल ही रह जाता है। बैंक कम उम्र के और स्थिर नौकरी वाले ग्राहकों को कम रिस्क वाला मानते हैं। इस वजह से 30 से 45 साल के बीच के लोगों को आमतौर पर सबसे अच्छे ऑफर मिलते हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्डरूम में महिलाओं की रिपोर्ट के मार्च 2024 एडिशन के मुताबिक 2022 से बोर्डरूम में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 3.6 फीसदी बढ़ा है और जेंडर पैरिटी प्राप्त करने की अनुमानित समयसीमा भी सात साल कम हो गई है।

# टाटा ट्रस्ट्स में नेतृत्व की खींचतान, सरकार ने दी सुलह की नसीहत

## नोएल टाटा और मेहली मिस्त्री गुटों के बीच विवाद के बीच हुई बोर्ड मीटिंग

**मुंबई** टाटा ट्रस्ट्स में चल रही आंतरिक खींचतान के बीच हाली ही में बोर्ड की नियमित बैठक हुई। यह बैठक ऐसे समय पर हुई जब ट्रस्ट की शीर्ष लीडरशिप ने कुछ दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बैठक में कोई विवादास्पद मुद्दा नहीं उठा और पूरा फोकस स्वास्थ्य परियोजनाओं, ग्रामीण विकास और रोजमर्रा के परोपकारी कार्यों पर रहा। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं और अस्पतालों को लेकर प्रेजेंटेशन भी दी गईं। सूत्रों ने बताया कि बैठक पूरी तरह शांतिपूर्ण और नियमित रही। हालांकि, टाटा ट्रस्ट्स ने इस बैठक पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की। ट्रस्ट के भीतर दो गुट बन चुके हैं – एक गुट का नेतृत्व नोएल टाटा कर रहे हैं, जिन्हें रतन टाटा के बाद चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वहीं दूसरा गुट मेहली मिस्त्री के नेतृत्व में है, जिनका संबंध शापूरजी पालोनजी परिवार से है, जो टाटा संस में 18.37 फीसदी हिस्सेदारी रखता है। नेतृत्व और गवर्नेंस को लेकर जारी इस खींचतान के चलते सरकार ने ट्रस्ट्स से मामले को शीघ्र सुलझाने की सलाह दी है, ताकि 180 अरब डॉलर के टाटा समूह की कार्यप्रणाली प्रभावित न हो।

# कुशवाहा बोले- सीटों पर बातचीत अधूरी है

## दिल्ली में दूसरे दौर की बैठक होगी, टिकट को लेकर BJP की मीटिंग, शाह शामिल

**पटना।** NDA में सीट शेयरिंग और टिकट बंटवारे को लेकर दिल्ली में इखढ कोर कमेटी की बैठक चल रही है। बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हो रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद हैं। इधर, 3 दिन के मान मनौव्वल के बाद चिराग पासवान के साथ NDA में सीट शेयरिंग फाइनल हो गई है, लेकिन अब उपेंद्र कुशवाहा रुठ गए हैं। दरअसल, सीट शेयरिंग फाइनल होने की खबरों के बीच RLM अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के पोस्ट ने हलचल बढ़ा दी है। उन्होंने पर लिखा- 'इधर-उधर की खबरों पर मत जाइए। वार्ता अभी पूरी नहीं हुई है। इंतजार कीजिए नाराजगी की खबरों के बीच उपेंद्र कुशवाहा दिल्ली रवाना हुए हैं। पटना एयरपोर्ट में उन्होंने कहा- सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत अभी अधूरी है। जो खबरें चल रही हैं कि सीट पर सहमति बन गई है, वो गलत है। बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का बुलावा आया है, दिल्ली जा रहा हूं, वहां दूसरे दौर की बातचीत होगी, इसके बाद जब चीजें फाइनल होंगी तो आपलोगों को बता दिया जाएगा। माना जा रहा है कि गठबंधन में उन्हें 6 सीटें मिल रही है, जबकि वो 20 सीटों की डिमांड कर रहे हैं।खबर है कि सीटों की संख्या से ज्यादा उपेंद्र कुशवाहा अपनी पसंद की सीटें चाहते हैं। कुशवाहा अपने भरोसेमंद साथी जितेंद्र नाथ के लिए शेखपुरा सीट चाहते हैं। यहां से जितेंद्र नाथ के बेटे राहुल कुमार काफी पहले से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। शेखपुरा सीट से अभी तक जदयू चुनाव लड़ते रही है। जदयू के रणधीर सोनी 2020 के चुनाव में राजद के विजय सम्राट से हार गए थे। जदयू एक बार फिर से अपने नेता को यहां से चुनाव लड़ाना चाहती है । बीजेपी विधायक मिश्रीलाल का इस्तीफा बीजेपी विधायक मिश्रीलाल यादव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से भी त्यागपत्र देते हुए पार्टी पर तीखा हमला बोला है। मिश्रीलाल यादव ने कहा, उनके लिए अब बीजेपी में बने रहना संभव नहीं है, क्योंकि पार्टी में गरीबों और पिछड़ों का कोई सम्मान नहीं है। मिश्रीलाल



दरभंगा के अलीनगर से विधायक हैं। बताया जा रहा है कि इस बार उनका टिकट कटना तय था। 2024 में नीतीश सरकार गिराने की साजिश के दौरान भी मिश्रीलाल यादव चर्चा में थे।आज दिल्ली में लोजपा रामविलास की संसदीय बोर्ड की बैठक हुई। मीटिंग के बाद सांसद शांभवी ने कहा, 'बहुत ही सकारात्मक चर्चा हुई। गठबंधन, सीट या सीटों के चयन को लेकर जो भी अंतिम फैसला होगा, वो हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ही लेंगे। सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत अभी भी जारी है। इधर, दिल्ली में जेपी नड्डा के आवास पर को 6 सीटें मिलने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक, ठउअ में आज सीट शेयरिंग का ऐलान हो सकता है।वहीं समता पार्टी के समय नीतीश कुमार के साथी रहे जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार अपने बेटे ऋतुराज कुमार के साथ शनिवार को जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। भास्कर से बातचीत में अरुण कुमार ने बताया कि मैं सिद्धांतवादी रहा हूं, कभी विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ा हूं। इस बार भी नहीं लड़ूंगा। मेरे बेटे ऋतुराज कुमार जरूर चुनाव लड़ेंगे। जहानाबाद, अरवल, घोषी इनमें से कहीं से भी पार्टी उम्मीदवार बनाएगी।क्या आप हैं बिहार की राजनीति के एक्सपर्ट? खेलिए और जीतिए 2 करोड़ तक के इनामबिहार की राजनीति से जुड़े 5 आसान सवालों के जवाब दीजिए और जीतिए 2 करोड़ तक के इनाम। रोज 50 लोग जीत सकते हैं आकर्षक डेली प्राइज। लगातार खेलिए और पाएं लकी ड्रॉ में बंपर प्राइज सुजुकी ग्रैंड विटारा जीतने के मौके।हम पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी और राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन दिल्ली पहुंच गए हैं। दोनों की अमित शाह से मुलाकात होगी। फिलहाल शाह नड्डा के आवास पर चल रही भाजपा की मीटिंग में शामिल हैं, उसके बाद दोनों केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात करेंगे।सांसद शांभवी चौधरी ने बताया, आज हमारी केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने की। इसमें पार्टी के सभी सांसद और पदाधिकारी मौजूद थे। बहुत ही सकारात्मक और अच्छी चर्चा हुई। हमने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को अंतिम निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है। गठबंधन, सीट या सीटों के चयन को लेकर जो भी अंतिम निर्णय होगा, वह हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ही लेंगे। सीट बंटवारे पर बातचीत अभी भी जारी है। बिहार चुनाव से पहले NDA सीट बंटवारे पर, (लोजपा रामविलास) नेता राजू तिवारी ने कहा, चुनाव नजदीक हैं, नामांकन प्रक्रिया भी चल रही है, चिराग पासवान की देखरेख में पार्टी गठबंधन से संबंधित बातचीत भी चल रही है। हमारे सभी संसदीय बोर्ड के सदस्य चीजों को अंतिम रूप देने के लिए एक साथ बैठेंगे। जहां तक उम्मीदवारों के नाम की बात है, पार्टी अध्यक्ष और अन्य सदस्य सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए चर्चा करेंगे और निर्णय लेंगे। दिल्ली में लोजपा रामविलास के संसदीय बोर्ड की बैठक है, जहां कैंडिडेट्स के नाम पर चर्चा होगी। मीटिंग के अपने आवास से पार्टी ऑफिस जाते हुए चिराग ने कहा, 'सीट शेयरिंग पर घोषणा कर दी जाएगी।' सीट बंटवारे की खींचतान के बीच पटना एयरपोर्ट पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, 'NDA में सीट बंटवारा अब तक तय नहीं हुआ है।

## जिंदा रहते रिटायर्ड जवान ने उठवाई अपनी अर्थी



**गयाजी।** में वायु सेना के पूर्व जवान ने सिर्फ ये जानने के लिए अपनी अंतिम यात्रा निकलवाई की मरने के बाद कितने लोग इसमें शामिल होंगे। ये जानने के लिए 74 साल के मोहन लाल (74) ने जिंदा रहते मरने की एक्टिंग की। परिवार और साथियों ने मरे हुए व्यक्ति की तरह ही अंतिम संस्कार की सभी तैयारियां कीं। अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए।अंतिम यात्रा धूमधाम से निकली। जिसमें बैंड-बाजे के साथ राम नाम सत्य है के नारों के साथ अर्थी निकली। इस दौरान साउंड पर चल उड़ जा रे पंछी, अब देश हुआ बेगाना की धुन भी बज रही थी।ग्रामीण मोहन लाल की फूल -माला से सजी अर्थी को लेकर मुक्तिधाम पहुंचे। श्मशानघाट पहुंचने के बाद वहां उनका प्रतीकात्मक पुतला जलाया गया। जिसके बाद सामूहिक प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। जिसके बाद इस घटना की काफी चर्चा बनी हुई है। मोहन लाल गयाजी जिले के गुरारु प्रखंड के कोंचा गांव के रहने वाले हैं। वह वायु सेना में वारंट पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे।उन्होंने बताया कि मैं यह देखना चाहता था कि मेरे अंतिम यात्रा में कौन-कौन शामिल होता है। उन्होंने आगे कहा कि 'लोग मरने के बाद अर्थी उठाते हैं, लेकिन मैं यह दृश्य खुद देखना चाहता था और चाहता था कि लोग मेरे मरने के बाद कितना सम्मान और स्नेह देते हैं।'

## सोन नदी में नाव पलटी, 2 लड़कियों की मौत,4 लापता

**औरंगाबाद।** में शुक्रवार को सोन नदी में नाव पलट गई। हादसे में 2 लड़कियों की मौत हो गई। 11 लोग तैरकर बाहर निकले। 4 महिलाएं अब भी लापता हैं।नदी में डूबने वाले सभी लोग मजदूर हैं। सोन नदी डीला पर खेती की जाती है। जहां आलू बुआई का काम चल रहा है। सभी मजदूर नाव में सवार होकर काम करने जा रहे थे। अचानक नदी में नाव पलट गई।मृतकों की पहचान बड़ेम निवासी शमीम अंसारी की बेटा तमन्ना (20) और योगेंद्र राय की बेटी काजल उर्फ छोटी( 21)के तौर पर हुई है। घटना बड़ेम थाना स्थित नवीनगर ब्लॉक के रघुनाथपुर बालू घाट के पास की है। लापता महिलाओं की नदी में झाड़ियों में फंसे होने या इंद्रपुरी बराज तक बहकर जाने की आशंका है। इसी आधार पर ठऊफ्र और रऊफ्र की तीन टीम तलाश में जुटी हुई है। स्थानीय पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद हैं।लापता लोगों में बड़ेम निवासी नरेश चौधरी की बेटी सोनी कुमारी (21), संजय चौधरी की पत्नी रंजीता देवी (35), सुरेंद्र चौरसिया की बेटी मंजू कुमारी (20) और चितरंजन पासवान की पत्नी सबिता देवी (30) शामिल है।पिता बोले- कम से कम बॉडी तो मिलेलापता सोनी कुमारी के पिता नरेश चौधरी ने बताया कि 'मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा। 35-40 लोग नाव पर सवार थे। कुछ लोगों को बचाया है। हम लोग गरीब हैं। सरकार से क्या मांग कर सकते हैं., कोई सुनने वाला नहीं है।

## पवन सिंह ने विधानसभा चुनाव को लेकर दिया बड़ा अपडेट

**पटना।** भोजपुरी सुपरस्टार और हाल में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए पवन सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपने चुनाव लड़ने की सारी अटकलों पर विराम लगा दिया है। पवन सिंह ने स्पष्ट कहा है कि मैं इस बार का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मैंने कभी चुनाव लड़ने के इरादे से पार्टी में शामिल नहीं हुआ था। शनिवार सुबह सोशल मीडिया पर भोजपुर सुपरस्टार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि मैं पवन सिंह, अपने भोजपुरीया समाज से कहना चाहता हूँ कि मैंने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के



लिए पार्टी ज्वाइन नहीं किया था और न ही मेरा कोई ऐसा इरादा है। मैं पार्टी का एक सच्चा सिपाही हूं और हमेशा रहूंगा।
पवन सिंह के इस बयान के बाद उन कयासों पर विराम लग गया है जिनमें कहा जा रहा था कि वे इस बार बिहार चुनाव में किसी सीट से उम्मीदवार हो सकते हैं। कुछ दिनों से चर्चा थी कि भाजपा ने उन्हें चुनावी मैदान में उतार सकती है। लेकिन, पवन सिंह ने स्पष्ट कर किया है कि अब वह चुनाव नहीं लड़ रहे। एक सच्चा सिपाही बनकर भाजपा के लिए काम करेंगे और एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार करेंगे। गुरुवार को सुपरस्टार पवन सिंह ने प्रेस वार्ता की थी। तब उन्होंने बिहार चुनाव से पहले भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने अपनी पत्नी ज्योति सिंह से चल रहे विवादों पर खुलासा किया था। कहा था कि मेरी पत्नी से जो विवाद चल रहा है, वह सारी बातें कोर्ट में चल रही है। कोर्ट में मामला चल रहा है, जो तय होगा, वहीं मेरे लिए मान्य होगा। पांच अक्टूबर को जब वह लखनऊ स्थित मेरे आवास पर आईं तो उससे पहले भी तो वह दो महीने, तीन या छह महीने के दौरान आ सकती थीं। मुझे संपर्क कर कसती थीं। लेकिन, उन्होंने चुनाव के वक्त ऐसा किया। एक ओर चुनाव आयोग बिहार चुनाव की घोषणा करता है, उसी समय इस तरह का माहौल बनाया जा रहा है।

## 5 बच्चों की मां 8 महीने तक लिव-इन में रही

**भागलपुर।** शुरूआती दिनों में लड़के ने मेरा मोबाइल नंबर लिया। फिर फोन पर बातचीत शुरू हुई। इस दौरान उसने मुझे प्यार के जाल में फंसा लिया। इसके बाद मैंने पति को छोड़ दिया और लड़के के साथ लिव इन में रहने लगी। मैं 5 बच्चों की मां हूं। अब अपने बच्चों और पति के पास जाना चाहती हूं, लेकिन ये लड़का मुझे नहीं जाने दे रहा है। मेरे साथ जबरदस्ती कर रहा है। मेरे पति मुझे माफ कर चुके हैं।' ये बातें मीना कुमारी (काल्पनिक नाम) ने कहीं। दरअसल, शुक्रवार को भागलपुर में बीच सड़क पर महिला अपने लिव इन पार्टनर से लड़ाई कर रही थी। वो अपने पति के पास जा रही थी, लेकिन लड़का उसे जाने नहीं दे रहा था।मीना कुमारी लड़के के सामने हाथ जोड़ रही थी, लेकिन लड़का उसे डंडे से पीट रहा था। लड़का कह रहा था,



मुझे तुम्हारे साथ ही रहना है। मैं तुम्हें कही नहीं जाने दूंगा।मामला भागलपुर के जीछो दुर्गा मंदिर के पास का है। मीना कुमारी और उसका लिव इन पार्टनर अनुराग दोनों पीरपैंती के रहने वाले हैं।मीना कुमारी ने बताया कि, 'करीब एक साल पहले मैं अपनी ननद के पास से लौट रही थी। इस दौरान अनुराग ने मुझे रोका और मोबाइल खराब का बहाना बनाकर मेरे मोबाइल से एक कॉल किया। इसके कुछ समय बाद उसने मुझे कॉल किया। डांटते हुए मैंने उससे कहा था कि आज के बाद दोबारा कॉल मत करना। मुझे लगा कि वो डर गया होगा, लेकिन अगले दिन फिर से अनुराग ने कॉल करना शुरू कर दिया।मुझे धमकी देने लगा कि अगर मेरी बात नहीं मानी तो तुम्हारे पति को बता देंगे कि तुम्हारा मुझसे अफेयर है या फिर तुम्हारे पति की हत्या कर देंगे। इस डर के कारण मैं उसके झांसे में आ गई।अनुराग ने कहा कि हम दोनों पिछले एक साल से साथ रह रहे हैं। उसके पति ने मेरे खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसका पति मेरे कमरे पर पुलिस भी लेकर आया था, लेकिन उस दौरान मीना ने कहा था कि मैं अनुराग के साथ ही रहूंगी, तब वो अपने घर नहीं गई। इसके बाद पुलिस का केस खत्म हो गया।मैं पेशे से ड्राइवर हूं। मैं तो मीना से प्यार करता हूं, एक साल तक साथ रहा हूं, मेरा भी इमोशनल अटैचमेंट है। मैं उसे जाने नहीं दूंगा। उधर, जब महिला के पति से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे बस मेरी पत्नी चाहिए, मुझे किसी से कोई शिकायत नहीं है। गलतियां सबसे होती है, अगर मेरी पत्नी किसी के बहकावे में मेरा साथ छोड़कर चली गई थी तो क्या हुआ, अब उसे अपनी गलती का एहसास हो चुका है।उन्होंने कहा कि मुझे अपनी पत्नी को साथ रखना है। बच्चों को भी मां की जरूरत है, अगर मेरी पत्नी मेरे पास आना चाहती है, तो मैं उसे स्वीकार कर लूंगा।

## संक्षिप्त डायरी

### मुजफ्फरपुर में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप और ट्रैक्टर की टक्कर

**मुजफ्फरपुर।** में श्रद्धालुओं से पिकअप वैन और ईंट लदे ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं। समस्तीपुर के सिवरा स्थान से पूजा करके घर लौट रहे थे। घटना मीनापुर क्षेत्र की है।सुबह पूजा के लिए निकले, शाम में मौतहरका मनसाही गांव से शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे गांव के 10 लोग एक पिकअप वाहन से पूजा-अर्चना करने गए थे। मंगल साहनी के बेटे रिस्तम साहनी (7) का मुंडन था। पूजा करके घर लौटते समय हादसे के शिकार हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।सभी मृतक एक ही परिवार के थे, जिसकी पहचान बिंदा साहनी(70), भाई चंदेश्वर साहनी (75) और चचेरे चाचा बंधु साहनी(60) के तौर पर हुई है। इसके अलावा ब्यूटी कुमारी(8) की मौत हुई है। जो बिंदा साहनी के चचरे भाई सुरेंद्र साहनी की पोती है।बिंदा साहनी के बेटे मंगल साहनी, पत्नी कविता देवी, मां पारो देवी, दो छोटे बेटे रिस्तम(7), आशिक(3) और बहन नीलम देवी (35) इस हादसे से टूट चुके हैं। रिस्तम के मुंडन और मनौती पूजा के लिए पूरा परिवार सिवरा स्थान गया था, लेकिन मनौती की खुशी मातम में बदल गई।ग्रामीणों का कहना है कि भगवान के दरबार से लौटते वक्त परिवार उजड़ गया। यह मनौती नहीं, अब मनहूसियत बन गई।घायलों की हालत गंभीरघायलों में सिया देवी(50), सुरेंद्र साहनी(55), मयंक(6), प्रमिला देवी (37) शामिल हैं। मीनापुर पीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, कुछ घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।हादसे की सूचना मिलने के बाद मीनापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पिकअप वैन पर सावर 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।हरका मनसाही गांव में पसरा मातमहादसे की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। गांव के लोगों ने कहा कि यह हादसा सिर्फ एक परिवार नहीं, पूरे टोले का दर्द बन गया है। सभी एक-दूसरे को ढांढस बंधा रहे हैं, लेकिन किसी के पास शब्द नहीं हैं। एक ग्रामीण ने कहा कि हम सबने सुबह साथ पूजा की थी, शाम को चार लोगों की लाशें आईं। भगवान का दरबार भी अब डराने लगा है।प्रशासन से मुआवजे की मांगग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही, मीनापुर-शिवहर मार्ग पर ओवर स्पीड और ट्रैक्टर संचालन पर नियंत्रण लगाने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।

### मुजफ्फरपुर में इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर मारपीट



**मुजफ्फरपुर।** के बोचहां थाना क्षेत्र के शफुद्दीनपुर गुदरी बाजार में शुक्रवार की रात उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब एक इलेक्ट्रॉनिक और सिलाई मशीन की दुकान पर एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने हमला बोल दिया। यह हमला इतनी अचानक हुआ कि पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई।हमलावरों ने दुकान में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की, दरवाजे, वाशिंग मशीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी तोड़ दिया। इस घटना में सेल्समैन आदिल, तबस्सुम खातून, सफीना खातून और जमशेद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह जान बचाकर भागने में ही भलाई समझी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी श्रीकांत चौरसिया दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तत्काल घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।दुकान के सामने सब्जी ठेला लगाने को लेकर विवादस्थानीय लोगों के अनुसार, यह विवाद एक मामूली बात से शुरू हुआ। इलेक्ट्रॉनिक और सिलाई मशीन की दुकान के ठीक सामने मैदापुर निवासी अशर्फी चौधरी का बेटा सब्जी ठेला लगाने की कोशिश कर रहा था।इस पर दुकान मालिक मो. सोहेल की मां अनीशा खातून ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस छिड़ गई। थोड़ी ही देर में माहौल गरमा गया और आरोप है कि अशर्फी चौधरी के बेटे ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया।देखते ही देखते करीब एक दर्जन युवक लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और दुकान पर हमला कर दिया। उन्होंने न केवल तोड़फोड़ किया, बल्कि 60 हजार नकद लूट लिए। दुकान के कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की।महिलाओं के साथ भी बदसलूकीप्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि, घटना के दौरान दुकानदार की मां अनीशा खातून और दुकान में मौजूद दो महिला कर्मचारी तबस्सुम खातून और सफीना खातून के साथ भी बदसलूकी की गई। महिलाओं ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। कुछ स्थानीय दुकानदार मौके पर पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी डराकर भगा दिया।पुलिस की तत्परता से बची बड़ी घटनामौके पर स्थिति लगातार बिगड़ती देख किसी ने पुलिस को सूचना दी। थानेदार श्रीकांत चौरसिया की अगुवाई में पुलिस दल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस को देखकर सभी हमलावर मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस ने बाजार में गश्ती बढ़ा दी है और घटनास्थल से कई तोड़फोड़ किए गए सामान जब्त किए हैं।थानेदार ने कहा कि, हमलावरों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। इस तरह की गुंडागर्दी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।शफुद्दीनपुर गुदरी बाजार में दहशतस्थानीय लोग दहशत में हमले के बाद से पूरा शफुद्दीनपुर गुदरी बाजार दहशत में है।


### पटना में हथियार के साथ एक शख्स गिरफ्तार

**पटना।** के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के राजा बाजरा पिलर नंबर 20 के पास स्थित केशव पैलेस के फ्लैट नंबर 101 ए से एक संदिग्ध हथियार के साथ पकड़ा गया है। संदिग्ध का नाम दिलीप कुमार (38) है। वह औरंगाबाद, थाना पौथू, लट्टा का रहने वाला है। पटना में किराए के फ्लैट में पिछले कुछ महीनों से रह रहा था।कारतूस और पिस्टल बरामदपटना सिटी एसपी सेंट्रल



दीक्षा ने बताया कि, आरोपी से पूछताछ हो रही है। इसके पास से 1 पिस्टल, 16 राउंड कारतूस, 1 मोबाइल बरामद किया गया है। पकड़े जाने के बाद आरोपी ने हथियार के बारे में बताया कि उतर प्रदेश से निर्गत है। आरोपी ने एक लाइसेंस भी दिखाया, जब इसकी जांच पड़ताल की गई तो फर्जी पाया गया।उन्होंने बताया कि दबंगई के उद्देश्य से इसने हथियार अपने पास रखा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।खरीद-बिक्री और स्रोत के बारे में लगाया जा रहा है पता सिटी SP ने बताया कि, हथियार कहां से खरीदे थे, कितने में खरीदे थे, इसके पीछे की वजह क्या था, लाइसेंस कहां से बनाए थे, इसमें और कितने लोगों की संलिप्तता थी, इन सभी की छानबीन हो रही है।

# मुजफ्फरपुर में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप और ट्रैक्टर की टक्कर





**मुजफ्फरपुर।** में श्रद्धालुओं से पिकअप वैन और ईंट लदे ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं। समस्तीपुर के सिवरा स्थान से पूजा करके घर लौट रहे थे। घटना मीनापुर क्षेत्र की है।सुबह पूजा के लिए निकले, शाम में मौतहरका मनसाही गांव से शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे गांव के 10 लोग एक पिकअप वाहन से पूजा-अर्चना करने गए थे। मंगल साहनी के बेटे रिस्तम साहनी (7) का मुंडन था। पूजा करके घर लौटते समय हादसे के शिकार हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।सभी मृतक एक ही परिवार के थे, जिसकी पहचान बिंदा साहनी(70), भाई चंदेश्वर साहनी (75) और चचेरे चाचा बंधु साहनी(60) के तौर पर हुई है। इसके अलावा ब्यूटी कुमारी(8) की मौत हुई है। जो बिंदा साहनी के चचरे भाई सुरेंद्र साहनी की पोती है।बिंदा साहनी के बेटे मंगल साहनी, पत्नी कविता देवी, मां पारो देवी, दो छोटे बेटे रिस्तम(7), आशिक(3) और बहन नीलम देवी (35) इस हादसे से टूट चुके हैं। रिस्तम के मुंडन और मनौती पूजा के लिए पूरा परिवार सिवरा स्थान गया था, लेकिन मनौती की खुशी मातम में बदल गई।ग्रामीणों का कहना है कि भगवान के दरबार से लौटते वक्त परिवार उजड़ गया। यह मनौती नहीं, अब मनहूसियत बन गई।घायलों की हालत गंभीरघायलों में सिया देवी(50), सुरेंद्र साहनी(55), मयंक(6), प्रमिला देवी (37) शामिल हैं। मीनापुर पीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, कुछ घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।हादसे की सूचना मिलने के बाद मीनापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पिकअप वैन पर सावर 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।हरका मनसाही गांव में पसरा मातमहादसे की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। गांव के लोगों ने कहा कि यह हादसा सिर्फ एक परिवार नहीं, पूरे टोले का दर्द बन गया है। सभी एक-दूसरे को ढांढस बंधा रहे हैं, लेकिन किसी के पास शब्द नहीं हैं। एक ग्रामीण ने कहा कि हम सबने सुबह साथ पूजा की थी, शाम को चार लोगों की लाशें आईं। भगवान का दरबार भी अब डराने लगा है।प्रशासन से मुआवजे की मांगग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही, मीनापुर-शिवहर मार्ग पर ओवर स्पीड और ट्रैक्टर संचालन पर नियंत्रण लगाने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।

# मां-बेटी का रिश्ता अनमोल फिर क्यों आ जाती हैं दूरियां?



मां बेटी का रिश्ता दुनिया में सबसे अनमोल होता है। बेटी को मां की ही छवि माना जाता है क्योंकि वो उन्हीं से सारे गुण व आदतें सीखती हैं। साथ ही एक मां में बेटी अपना दोस्त, हमदर्द भी ढूंढ लेती हैं। वहीं, बेटी के रूप में एक मां अपना बचपन दोबारा जी लेती हैं। मगर, कई बार मां-बेटी के रिश्ते में जरा-सी नौंक-झौंक भी हो जाती है जो धीरे-धीरे उनके बीच दूरियां बढ़ा देती हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे।

### उम्र के पहले जिम्मेदारियों का अहसास

अक्सर मांएं अपनी बेटियों को बचपन से ही जिम्मेदारियों का अहसास करवाने लगती हैं। उन्हें बचपन से ही जताया जाता है कि उन्हें दूसरे घर जाना है इसलिए काम करो। इसके कारण बच्चियां अपना बचपन खो देती हैं और मां से दूरी भी बना लेती हैं।

### बेटी पर विश्वास न करना

अगर बेटी मां-पिता की इज्जत का ख्याल रख रही हैं तो जाहिर है वो आपसे भरोसे की उम्मीद भी रखेगी। बेटियाँ भी चाहती हैं कि घर के लोग उन पर भरोसा करें मगर, जब आप, खासकर मां और एक औरत होकर जब आप अपनी बेटी पर विश्वास नहीं करती तो उनका मनोबल टूट जाता है। इसके कारण वो आपसे कटी-कटी रहने लगती हैं। और ये एक बहुत अहम् वजह है कि बेटियाँ अपनी माँ से दूर हो जाती हैं।

### रोक-टोक करना

बेशक बेटी को सही गलत का एहसास करवाना पेरेंट्स की जिम्मेदारी है लेकिन कई आपकी चिंता इतना ओवरप्रोजेसिव हो जाती है कि लड़कियां इन्हें बाउंडेशन समझ लेती हैं। अब अगर कोई बेटियों के मन की बात ना समझ पाए तो दूरियां जायज है।



### बात-बात पर कमियां निकलना

हर छोटे-मोटे काम पर बेटियों की कमियां ना गिनवाए और ना ही दूसरों से तुलना करें। आपका यह व्यवहार उनका मन खराब कर देता है और प्यार की जगह नफरत उनके मन में घर कर लेती है। इससे मां-बेटी की बीच दूरियां भी आ जाती हैं।

### बेटी और बेटे में फर्क करना

समय भले ही बदल चुका हो लेकिन बेटी और बेटे के बीच आज भी दीवार खड़ी कर दी जाती है। इसके कारण बेटी के मन में हीनभावना जन्म ले लेती है और वो मानसिक तौर पर अलग हो जाती है।

### मन की बात ना समझना

बेटियों को रोकना टोकना हर घर की बात है। और इसी रोक टोक की वजह से कई बार बेटियाँ अपनी माँ से दूर होती जाती हैं। बेटियों की मन की बात अगर मां ही न समझ पाए तो ये दूरियां जायज है। इसलिए अत्यधिक रोक टोक पर बेटियां अपनी मां से थोड़ी दूरी बना लेती हैं। अगर आप अपनी बेटी के साथ रिश्ता मजबूत बनाना चाहते हैं तो ये गलतियां ना दोहराएं। हर बेटी को घर में वो प्यार मिलना चाहिए जिसकी वो हकदार है।

## अगर आप भी अपने बच्चे की कम हाइट से हैं परेशान तो उन्हें

# रोजाना कराएं ये आसन



बच्चे खाने के मामले में बहुत आनाकानी करते हैं। मगर इससे उनके शारीरिक व मानसिक विकास में रूकावटें आने लगती है। इसके अलावा कई बच्चों की हाइट भी कम रह जाती है। मगर असल में, हाइट यह एक उम्र के बाद बढ़ने बंद हो जाती है। ऐसे में कई पेरेंट्स इसके डर के कारण बच्चों को हाइट बढ़ाने की दवाइयां खिलाने लगते हैं। मगर इससे सेहत के खराब होने की परेशानी हो सकती है। ऐसे में आप चाहे तो बच्चे की डेली रूटीन में योगासन को जोड़ सकते हैं। इसे करने में बॉडी की अच्छे से स्ट्रेचिंग होती है। ऐसे में बच्चे की नेचुरल तरीके से हाइट बढ़ने के साथ सेहत दुरुस्त रहने में भी मदद मिलेगा।

**ताड़ासन**

1. सबसे पहले खुली जगह पर एकदम सीधे खड़े हो जाएं।
2. दोनों हाथों की उंगलियों को बीच में फंसाकर या हाथों को नमस्कार की मुद्रा में रख कर ऊपर की तरह करें।
3. धीरे-धीरे एड़ियों को उठाकर शरीर का सारा भार पंजों पर डालें।
4. इसी मुद्रा में खड़े रहकर पूरे शरीर को स्ट्रेच करें।
5. फिर गहरी सांस लें।
6. थोड़ी देर बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।
7. इस आसान को 4-5 बार करें।

इससे हाइट बढ़ने में मदद मिलेगी। पूरे शरीर में मजबूती आएगी।

**वृक्षासन**


1. इस आसन को करने के लिए खुली जगह पर सीधे खड़े हो जाएं।
2. दाहिने पैर को अपने बाएं पैर पर रखें।
3. दोनों हाथों को नमस्ते की मुद्रा में रखकर ऊपर ले जाएं।
4. एक पैर से बैलेंस बनाएं।
5. थोड़ी देर इसी मुद्रा में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।
6. इसके बाद दूसरे पैर से इस योगासन को करें।

इससे रीढ़ की हड्डी एकदम सीधी होगी। पैरों व हाथों की मांपेशियों में खिंचाव होने से हाइट बढ़ने में मदद मिलेगी।



**योगासन करने के अन्य लाभ**

- पूरे शरीर में खिंचाव होने से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आएगी।
- पाचन तंत्र दुरुस्त होकर पेट संबंधी समस्याएं दूर होगी।
- दिमाग शांत होने से स्मरण शक्ति बढ़ेगी।
- कमजोरी, थकान व आलस दूर होकर दिनभर तरोताजा महसूस होगा।
- शरीर में खून का संचार बेहतर होने में मदद मिलेगी।
- इम्यूनिटी बूस्ट होने से मौसमी व अन्य बीमारियों से बचाव रहेगा।




# बच्चों की नजर कमजोर होने के 10 लक्षणों को जानें

कुछ साल पहले टेलीविजन मनोरंजन का एक मात्र जरिया था। लेकिन समय के साथ-साथ मनोरंजन के विकल्प बढते गए। पहले बच्चे अपना अधिकतम समय कहानी सुन कर या खेल खुल कूद में बिताया करते है। परंतु आज वे टीवी देखते हुए अन्य कंप्यूटर खेल को खेल कर बिताना पसंद करते हैं। वे अपने शरीर को बिल्कुल भी हिलाना पसंद नहीं करते। कभी-कभी वे दवा के डर से समस्या को बताते ही नहीं है। परंतु माता-पिता होने के नाते उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए साल में एक बार अपने बच्चे के पूरे शरीर की जांच कराना बहुत जरूरी है। यदि आपको लगता है कि आपके बच्चे की नजर कमजोर हो रही है। पता लगाने के लिए नीचे दिए गए लक्षणों पर ध्यान दें। यदि इन्में से कुछ लक्षण आपके बच्चे में मौजूद हैं तो तुरंत उसके आंखों की जांच कराएं।



**आंखों को मलना**

बच्चों को नींद में अपनी आंखों को मलने की आदत होती है। लेकिन, अगर आपका बच्चा दिन भर आंखे मलता रहता है तो यह एक कमजोर नजर की निशानी हो सकती है।



**सर दर्द**

सर दर्द के कई कारण होते हैं। लेकिन अगर टीवी देखते हुए या पढाई करते हुए उसे सर दर्द हो रहा है या रोज शाम को सर दर्द की शिकायत हो। तब समझ लें कि आपके बच्चे को चिकित्सा की आवश्यकता है।

**एक आंख बंद करता**

यदि आपका बच्चा एक आंख बंद करके टीवी देखने लगे या वीडियो गेम खेलने लगे तब समझ जाएं कि उसे चश्मा लगने वाला है।

**तेज रोशनी में पलके झपकना**

क्या आपके बच्चे को उजाले से परेशानी होती है? या तेज रोशनी देखकर वह अपनी पलकों को तेजी से झपकता है? तेज रोशनी से धीमी रोशनी को ओर बढते वक्त क्या उसे धब्बे नजर आते हैं? इन सारे लक्षणों का कारण है विटामिन की कमी। अपने बच्चे के आहार में विटामिन ए की मात्रा को बढाएं और उसे रोज सुबह गाजर का जूस पिराएं।



**भेंगापन**

कई बार बच्चे मजाक में भी अपनी नजरों को तिरछा करते हैं। यदि ये मजाक ना हो कर हर दूसरे, तीसरे दिन की आदत बनती जा रही है तो आदत की वजह को पहचाने और अपने बच्चे की आंखों का इलाज कराएं।

**सर घुमाना**

बार-बार सर घुमाना भी कमजोर नजर का एक लक्षण है। यदि आपका बच्चा टीवी देखते वक्त बीच-बीच में आंखों को बंद करके सर को हिलाता रहता है, तब इस लक्षण पर ध्यान दें।

**नजदीक से देखना**

यदि आपके बच्चे को दूर से कोई चीज साफ ना नजर आए और वो उसे देखने के लिए बहुत करीब आए। तब यह सरल लक्षण, उसकी कम होती दृष्टि का संकतक है।

**आई बॉल की गति**

हालांकि, इस लक्षण को पहचानना आपके लिए थोडा सा मुश्किल हो सकता है। इस लक्षण को पहचाने के लिए बात करते वक्त आपको अपने बच्चे की आंखों को गौर से देखना होगा। यदि आई बॉल की गति में कुछ भिन्नता नजर आए तो तुरंत एक नेत्र विशेषज्ञ से संपर्क करें।

**लाल आंखें**

नींद पूरी ना होना या नेत्रश्लेष्मला शोथ के कारण भी बच्चों की आंखे लाल हो सकती हैं। परंतु यदि ये दो कारण मौजूद ना हो तब कमजोर नजर ही इसका सही कारण होगा।

**आंखों में दर्द**

आंखों में दर्द के कारण बच्चे को आंखों में चुभन महसूस होती है तथा उसके आंखों से पानी भी आने लगता है। यदि ये लक्षण लगातार नजर आएं तो समझे की निगाहों पर चश्मा टिकाने का वक्त आ गया है।



# कहीं बिगड़ तो नहीं रहा आपका बच्चा, कुछ इस तरह से पहचाने

बच्चे का मन कोरे कागज की तरह होता है। ऐसे में वे अपने आसपास के लोगों व चीजों जल्दी समझकर उन्हें सीख लेते हैं। कई बार वे ऐसी बातें व काम भी सीख लेते हैं जो उनके बेहतर मानसिक व व्यावहारिक विकास में बांधा डालते हैं। असल में, पेरेंट्स के बिजी होने या बच्चों को अधिक छूट देने से वे बिगड़ सकते हैं। ऐसे में कई बच्चे तो लड़ाई, मारपीट, गलत भाषा इस्तेमाल करना आदि शुरू कर देते हैं। ऐसे में पेरेंट्स का फर्ज बनता है कि वे शुरूआती दौर पर ही बच्चों पर ध्यान दें। तो चलिए आज हम आपको इस आर्टिकल में कुछ बातें बताते हैं, जो बच्चे के बिगड़ने की ओर इशारा करते हैं। ऐसे में आप समय रहते ही उनपर काबू पा सकते हैं।



**दूसरों को तंग करना**

छोटे बच्चे दूसरों को चिढ़ाकर खुश होते हैं। मगर बार-बार ऐसा बर्ताव करना सही नहीं होता है। ऐसे में उसकी संगत को पहचान कर उसे ऐसा करने से रोकें। उसे सही व गलत की पहचान करवाते हुए एक बेहतर इंसान बनाए।

**लड़ाई करना**

बच्चे का घर पर या पड़ोस में लड़ना भी उसके बिगड़ने की और इशारा करता है। असल में, ऐसी चीजें बच्चा घर के बड़े, दोस्तों व टीवी देखकर सीखता है। ऐसे में अपने घर का माहौल शांत व खुशनुमा रखें। साथ ही उसके द्वारा मारपीट या झगड़ा करने पर उसे प्यार से गलती का अहसास करवाएं। कई बच्चे अटेंशन डेफिसिट हाइपर डिस्ऑर्डर के शिकार होने के कारण ऐसा करते हैं। ऐसे में इस बात का खास ध्यान रखें।

**गलत शब्दों व भाषा का इस्तेमाल करना**

अगर कहीं आपका बच्चा गलत शब्द या भाषा का इस्तेमाल करें तो अलर्ट हो जाएं। इसका मतलब है कि वह बुरी संगत में पड़ रहा है। इसके लिए उसके कुछ गलत कहने पर तुरंत उसे रोके। मगर उसे डांटने की जगह प्यार से समझाएं। नहीं तो बच्चा नाराज हो सकता है। साथ ही घर का माहौल सही रखें। इसके अलावा इस बात ध्यान रखें कि आपका बच्चे किस से मिलता है। उसकी संगत चैक करके उसके बिगड़ने का कारण पता करें।

**बात-बात पर जिद्द करना**

अक्सर बच्चों को छोटी-छोटी बातों पर भी जिद्द करने की आदत होती है। मगर अगर कई बच्चा किसी बात पर अड़ जाएं, घंटों रोता रहे या खाना-पीना छोड़ दें तो यह उसके बिगड़ने की ओर इशारा करता है। ऐसे में मां-बाप का फर्ज है कि वे बच्चे को सही-गलत की पहचान करवाते हैं उसे सही राह पर लाएं। अगर बच्चा प्यार से ना माने तो इसके लिए सख्ती भी कर सकते हैं।

**झूठ बोलना व चोरी करना**

बच्चे का झूठ बोलना व चोरी करना भी उसके बिगड़ने की ओर संकेत करता है। ऐसे में उसका झूठ पकड़ कर प्यार से उसे समझाएं। बच्चे का मन बड़ा ही चंचल होता है। ऐसे में उसे डांटने की जगह प्यार से सही व गलत बताएं। साथ ही उससे ऐसा करने का कारण पूछे। इसके अलावा बच्चे की जरूरत का अच्छे से ध्यान रखें।





बच्चों के बेहतर शारीरिक विकास के लिए उनकी डाइट खास होनी चाहिए। खासतौर पर उनकी मांसपेशियों व हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी की जरूरत होती है। इसकी कमी से उनकी हड्डियां कमजोर होने के साथ शारीरिक विकास धीमा पड़ जाता है। वैसे तो इसकी कमी को पूरा करने के लिए सूरज की रोशनी बेहद फायदेमंद होती है। यह शरीर में कैल्शियम को अवशोषित करने व हड्डियों में मजबूती दिलाने में मदद करता है। मगर आप डाइट में कुछ चीजों को शामिल करके भी इसकी कमी को पूरा कर सकते हैं। तो चलिए आज हम विटामिन-डी से भरपूर चीजों के बारे में बताते हैं। मगर उससे पहले जानते हैं इसकी कमी के लक्षण....

# बच्चे में पहचाने विटामिन डी की कमी, जरूर खिलाएं यह आहार

**बच्चे में विटामिन डी की कमी के लक्षण**

- मांसपेशियों व हड्डियों का कमजोर होकर दर्द होना
- शारीरिक विकास धीमी गति से चलना
- स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ना
- इसकी कमी के कारण बच्चे को रिकरंट इन्फेक्शन यानी बार-बार सर्दी-खांसी व मौसमी बीमारियां होना
- दिनभर थकान व कमजोरी रहना

**विटामिन डी से भरपूर सुपर फूड्स**


**सोया से भरपूर चीजें**

विटामिन डी से भरपूर चीजों की लिस्ट में सोया भी शामिल होता है। ऐसे में बच्चे की डाइट में सोया से भरपूर टोफू, दूध और सोयाबीन शामिल करें। इससे बच्चे को सही मात्रा में विटामिन डी मिलने के साथ शारीरिक व मानसिक विकास होने में मदद मिलेगी।



**दूध** : इसकी कमी पूरा करने के लिए दूध पीना भी बेस्ट ऑप्शन है। असल में दूध में कैल्शियम के साथ उचित मात्रा में विटामिन डी में पाया जाता है। इसलिए रोजाना 1 गिलास दूध का सेवन करने से बच्चे में इसकी कमी पूरी की जा सकती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, 1 गिलास दूध का सेवन करने से दिनभर की जरूरत के अनुसार 1/4 विटामिन डी की मिल सकता है।

**संतरा** : वैसे तो विटामिन-सी के लिए संतरा खाने की सलाह दी जाती है। मगर असल में, इसमें विटामिन-सी और डी सही मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में रोजाना इसका सेवन करने से विटामिन डी की सही मात्रा में मिलता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोजाना 1 गिलास ताजे संतरे का जूस पीने से बच्चे में विटामिम डी की कमी पूरी करने में मदद मिलती है। इसके अलावा संतरे अन्य पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसके सेवन से बच्चे की मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आएगी। शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर होने के साथ स्किन से जुड़ी परेशानियों से भी राहत रहेगी।




**मशरूम** : मशरूम खाने में टेस्टी होने के साथ विटामिन डी से भरपूर होती है। इसके सेवन से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आने में मदद मिलती है। खासतौर पर बच्चे की ग्रोथ के लिए मशरूम काफी फायदेमंद मानी जाती है। ऐसे में इसे बच्चे की डेली डाइट में जरूर शामिल करें। आप इससे बच्चे को अलग-अलग डिशेज बनाकर खिला सकते हैं।

**अंडा** : अगर आप नॉन वेजीटेरियन है तो बच्चे की डाइट में अंडे शामिल करें। इसका सफेद भाग विटामिन डी से भरपूर होता है। ऐसे में इसके सेवन से बच्चे को इसकी कमी पूरी करने में मदद मिलेगी। साथ ही उसकी सेहत में सुधार आएगा।

# महिला क्रिकेट विश्व कप: भारत-ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** महिला क्रिकेट विश्व कप के तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम सात बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। पिछले मैचों में खराब फॉर्म और शीर्षक्रम की असफलता के कारण भारतीय बल्लेबाजों पर बड़ी जिम्मेदारी है। अगर टीम के शीर्ष पांच बल्लेबाज इस बार जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे, तो सेमीफाइनल की राह कठिन हो सकती है।

टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में श्रीलंका और पाकिस्तान को हराकर शुरूआत अच्छी की थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बृहस्पतिवार को तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच के बाद भारत चार अंकों के साथ ग्रुप में तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में पांच अंकों के साथ शीर्ष पर है।

लगातार तीसरे मैच में भारतीय शीर्षक्रम ने निराश किया। आठवें नंबर की बल्लेबाज रिचा घोष के 94 रन ही टीम के कुल 251 रन बनाने में मुख्य योगदान रहे। कप्तान हरमनप्रीत कौर पिछले तीन मैचों में 21, 19 और 9 रन ही बना पाई हैं, वहीं स्मृति मंधाना ने 8, 23 और 23 रन ही जोड़ पाए। मध्यक्रम की जेमिमा रॉड्रिग्स केवल पाकिस्तान के खिलाफ 32 रन ही बना सकी। कुल मिलाकर, शीर्ष पांच बल्लेबाजों में किसी ने भी तीन मैचों में अर्धशतक नहीं बनाया। हार के बाद कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, हम शीर्षक्रम में जिम्मेदारी से नहीं खेल सके। हमें बड़े स्कोर बनाने होंगे और सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा।

ऑस्ट्रेलिया अब तक बिना किसी हार के आगे बढ़ रही है। गत चैम्पियन ने पाकिस्तान के खिलाफ बेथ मूनी के शतक और गेंदबाजों की सहायता से जीत दर्ज की। तेज गेंदबाज किम गार्थ, मेगन शूट और अनाबेल सदरलैंड ने मिलकर सात विकेट लिए। पिछले 12 वनडे विश्व कप मुकाबलों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच भारत केवल तीन बार ही जीत पाया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने नौ बार जीत दर्ज की है।




भारत की उम्मीदें कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्पिनर दीप्ति शर्मा पर टिकी हैं, जिन्होंने 2017 इंग्लैंड सेमीफाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। इस बार भी उनके अनुभव और प्रदर्शन से टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया जैसी चुनौतीपूर्ण टीम के खिलाफ मुकाबले में मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रॉड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरूंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**ऑस्ट्रेलिया-** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिन्यु, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शूट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# विश्व पैरा चैंपियन सिमरन के गाइड उमर सैफी डोपिंग में फेल, पदक गंवाने का खतरा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता धावक सिमरन शर्मा के पदक खतरे में हैं। कारण उनके गाइड उमर सैफी का डोप परीक्षण में असफल होना है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने सैफी को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

सैफी पिछले सात महीनों से दृष्टिबाधित सिमरन के गाइड हैं। उनके डोप टेस्ट में ड्रोस्टैनोलोन पाया गया, जो एक प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉयड है और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने में मदद करता है।

सिमरन ने 7 सितंबर को दिल्ली स्टेट ओपन में 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था, जहां उनका यह डोप टेस्ट किया गया था। सैफी का नाम शुक्रवार को नाडा द्वारा जारी अस्थायी निलंबित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया। वह इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं और 'बी' नमूना परीक्षण की मांग कर सकते हैं।

सिमरन ने इस साल भारत में आयोजित पहली बार विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर टी12 में स्वर्ण और 200 मीटर में रजत पदक भी जीता था। 100 मीटर का यह स्वर्ण उनका लगातार दूसरा विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण है। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के नियमों के अनुसार, यदि सैफी अपनी बेगुनाही साबित करने में विफल रहते हैं, तो सिमरन अपने पदक खो सकती हैं। भारतीय पैरा एथलेटिक्स के चेयरमैन सत्यनारायण ने कहा, 'गाइड भी प्रतियोगिता का हिस्सा होते हैं और उन्हें भी पदक मिलता है। यदि गाइड डोपिंग में दोषी पाया गया तो एथलीट को भी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।'

पिछले साल पेरिस पैरालंपिक में सिमरन ने कांस्य पदक जीता था, उस समय उनके गाइड अभय सिंह थे। नाडा की अपडेटेड सूची में 30 नए नाम शामिल किए गए हैं, जिनमें पहलवान रीतिका हुड्डा और धावक एस धनलक्ष्मी भी शामिल हैं। इस सूची में 5 नाबालिग खिलाड़ी भी हैं, जो चिंता का विषय हैं।

# प्वांइट टेबल में न्यूजीलैंड ने खोला खाता, पाकिस्तान की स्थिति और भी नाजुक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी वुमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के 11वें मैच में न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 100 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने पॉइंट्स टेबल में अपना खाता खोल लिया है। टूर्नामेंट में भाग ले रही आठ टीमों में अब सिर्फ पाकिस्तान ही ऐसी टीम रह गई है जिसके खाते में एक भी अंक नहीं है। वहीं श्रीलंका ने भी अब तक कोई मैच नहीं जीता है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसका मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था, जिससे उसे एक अंक मिल गया। न्यूजीलैंड की टीम अब पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमों में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पहले, इंग्लैंड दूसरे, भारत तीसरे और साउथ अफ्रीका चौथे पायदान पर हैं। वहीं पाकिस्तान की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। पाकिस्तान ने अब तक तीन मैच खेले हैं और तीनों में हार का सामना किया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में जहां टीम उलटफेर का शिकार बनी, वहीं भारत और ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें बुरी तरह पराजित किया। लगातार तीन हार के बाद पाकिस्तान के टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा बढ़ गया है और अब आगे के मैच उनके लिए करो या मरो की स्थिति बन चुके हैं।

दूसरी ओर न्यूजीलैंड की टीम ने आखिरकार जीत का स्वाद चखा है। इस टूर्नामेंट में उनके लिए यह तीसरा मैच था। इससे पहले कीवी टीम को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया, जिसके बाद गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विरोधी टीम को 100 रनों से पराजित किया। इस जीत से न्यूजीलैंड को टूर्नामेंट में नई ऊर्जा मिली है और टीम अब सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने की उम्मीद के साथ आगे बढ़ेगी।

# भारत और वेस्टइंडीज दूसरे टेस्ट मैच : वेस्टइंडीज का स्कोर 140/4, भारत 378 रन आगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। अरुण जेटली स्टेडियम में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 518/5 पर पारी घोषित की, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने दिन का अंत 140/4 के स्कोर के साथ किया। अब भी कैरेबियाई टीम भारत से 378 रनों से पीछे है।

दिन का आकर्षण रहे रवींद्र जडेजा, जिन्होंने अपनी सटीक लाइन और लेंथ से विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया और 3 विकेट हासिल किए। उनके अलावा कुलदीप यादव ने एक सफलता पाई।




### भारत की पहली पारी: जायसवाल और शुभमन का कमाल

पहले दिन भारत के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सलामी जोड़ी यशस्वी जायसवाल (175) और केएल राहुल (36) ने ठोस शुरुआत दी। इसके बाद साई सुदर्शन (87) ने जायसवाल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 193 रनों की साझेदारी की। जायसवाल का शतक 145 गेंदों में आया, जबकि शुभमन गिल ने 196 गेंदों पर नाबाद 129 रन की पारी खेलते हुए टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। नीतीश रेड्डी (43) और ध्रुव जुरेल (44) ने भी तेज पारी खेली। भारत ने 134.2 ओवर में 518 रन बनाकर पारी घोषित की।

### वेस्टइंडीज की पारी: फिरकी में फंसे बल्लेबाज

जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत निराशाजनक रही। ओपनर जॉन कैम्पबेल (10) जल्दी आउट हुए। तेजनारायण चंद्रपॉल (34) और एलिक अथानाज (41) ने थोड़ी देर प्रतिरोध किया, लेकिन जडेजा ने दोनों को चलता किया।

कप्तान रोस्टन चेज़ बिना खाता खोले आउट हुए। दिन के अंत में शाई होप (31)* और टेविन इमलाच (14)* नाबाद रहे।

### भारत की नजर 10वीं सीरीज जीत पर

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली 9 टेस्ट सीरीज में एक भी हार नहीं झेली है। 2002 के बाद से कैरेबियाई टीम भारत के खिलाफ कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है। दिल्ली के इस मैदान पर जडेजा का प्रदर्शन एक बार फिर चर्चा में है – याद दिला दें, 2023 में इसी पिच पर उन्होंने एक पारी में 7 विकेट (7/42) और पूरे मैच में 10 विकेट झटके थे।

### मैच की स्थिति

भारत का पलड़ा भारी है और तीसरे दिन टीम इंडिया की कोशिश होगी कि शुरुआती सेशन में ही वेस्टइंडीज की पारी को समेटकर फॉलोऑन या पारी से जीत की स्थिति बनाए।

# शंघाई मास्टर्स 2025 :वेलेंटिन वाशरो ने जोकोविच को हराकर फाइनल में जगह बनाई

शंघाई। मोनाको के 26 वर्षीय खिलाड़ी वेलेंटिन वाशरो ने 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-4 से हराकर शंघाई मास्टर्स 2025 के फाइनल में प्रवेश किया। 204वीं रैंकिंग के वाशरो टूर्नामेंट में क्वालीफाइंग के माध्यम से आए थे, लेकिन अब उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वाशरो ने कहा, 'कोर्ट पर नोवाक को देखना मेरे लिए अविश्वसनीय अनुभव था।' फाइनल में वाशरो का सामना उनके चचेरे भाई आर्थर रिंदरनेश से हो सकता है, जिन्होंने सेमीफाइनल में 16वें वरीय दानिल मेदवेदेव को हराना है। जोकोविच इस मैच में कूल्हे की चोट से प्रभावित दिखे और पहले सेट में 3-4 से पीछे रहने के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया, लेकिन अगले गेम में केवल एक अंक ही जीत सके।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे में संगकारा का रिकार्ड तोड़ सकते हैं विराट




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास ऑस्ट्रेलिया दौरे में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम करने का अवसर है। इस दौरे में विराट अगर 54 रन बना लेते हैं तो वह एकदिवसीय में सबसे अधिक रनों के मामले में दूसरे नंबर पर चल रहे पूर्व श्रीलंकाई बल्लेबाज कुमार संगकारा का रिकॉर्ड तोड़ देंगे और इसके साथ ही शीर्ष पर कायम सचिन तेंदुलकर के रिकार्ड के भी करीब पहुंच जाएंगे। एकदिवसीय में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर संगकारा हैं। संगकारा ने 404 एकदिवसीय मैचों में 41.99 की औसत से 14234 रन बनाए हैं। वहीं विराट के 302 मैचों में 14181 रन हैं। इस प्रकार विराट और संगकारा के बीच महज 54 रनों का अंतर रह गया है। विराट एकदिवसीय में सबसे अधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस प्रारुप में अब तक उन्होंने कुल 50 शतक लगाये है वहीं सचिन के नाम 49 शतक हैं। हालांकि, रनों के मामले में फिलहाल वह सचिन से पीछे हैं। सचिन ने 463 मैचम में 18426 रन बनाये हैं। इस प्रकार दोनो के बीच का अंतर चार हजार से भी अधिक है। कोहली का ऑस्ट्रेलिया में काफी अच्छा रिकार्ड रहा है। साल 2009 से लेकर 2025 तक उन्होंने ऑस्ट्रेलिय के खिलाफ कुल 50 एकदिवसीय मैच खेलते हुए 54.46 की औसत और 93.69 की स्ट्राइक रेट से 2451 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 8 शतक और 15 अर्धशतक लगाये हैं।

# जोहर कप 2025: रोमांचक मुकाबले में भारत की जीत, ग्रेट ब्रिटेन को 3-2 से हराया

**जोहर बहारू (मलेशिया) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान ऑफ जोहर कप 2025 (Sultan of Johor Cup 2025) अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए ग्रेट ब्रिटेन को 3-2 से हराया। यह मुकाबला शनिवार को तमन दया हॉकी स्टेडियम में खेला गया।

भारत की ओर से कप्तान रोहित (45+', 52') और रवनीत सिंह (23') ने गोल किए, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के लिए माइकल रॉयडन (26') और काडेन ड्रेसी (46') ने गोल दागे।




पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक हॉकी खेली, लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को 13वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे ब्रिटिश डिफेंस ने रोक दिया। 22वें मिनट में मनमीत सिंह का शॉट गोललाइन पर क्लियर कर दिया गया, लेकिन अगले ही मिनट रवनीत सिंह ने शानदार फिनिश के साथ भारत को बढ़त दिलाई। 26वें मिनट में माइकल रॉयडन ने ग्रेट ब्रिटेन के लिए बराबरी का गोल दागा। हाफ टाइम तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमें मौके तलाशती रहीं।

45वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर कप्तान रोहित ने सटीक ड्रैगफ्लिक के जरिए गोल दागते हुए बढ़त दिलाई। हालांकि, 46वें मिनट में ब्रिटेन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे काडेन ड्रेसी ने भुनाया और स्कोर 2-2 कर दिया।

इसके बाद भारत ने लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, जिनमें से तीसरे मौके पर रोहित (52') ने जोरदार शॉट लगाकर निर्णायक गोल किया और भारत ने मुकाबला 3-2 से जीत लिया। भारत अब रविवार को अपना अगला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा।

# एशियाई कप क्वालीफायर : सुभाशीष बोस और राल्टे हुए टीम इंडिया में शामिल



मडगांव। सीनियर डिफेंडर सुभाशीष बोस और मिडफील्डर लालेंगमाविया राल्टे एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर के खिलाफ दूसरे चरण के अहम मैच से पहले भारतीय फुटबॉल टीम के राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए हैं। भारत ने सिंगापुर में खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 1-1 से ड्रॉ किया था। अब टीम दूसरे चरण की मेजबानी गोवा में करेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) (ङ्कस्नरु) ने इस खबर की पुष्टि की और बताया कि बोस और राल्टे आज से शिविर में ट्रेनिंग शुरू करेंगे। भारत ने इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ और हांगकांग से 0-1 से हार के बाद केवल एक अंक अर्जित किया है। ऐसे में सिंगापुर के खिलाफ 'डबल हेडर' मुकाबला टीम के एशियाई कप क्वालीफिकेशन के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। टीम ने पिछले महीने सीएएफए नेशंस कप में कांस्य पदक भी जीता था।

# शिवाजी पार्क में घंटों प्रैक्टिस करते दिखे रोहित शर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के 'हिटमैन' रोहित शर्मा भले ही अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुके हों, लेकिन उनके लिए फैंस का प्यार अब भी बरकरार है। हाल ही में उनसे वनडे टीम की कप्तानी छीन ली गई है, जबकि वह पहले ही टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इन सबके बीच शुक्रवार को सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह मुंबई के मशहूर शिवाजी पार्क में अभ्यास करते नजर आए। वीडियो में रोहित करीब दो घंटे तक नेट्स में जमकर बल्लेबाजी करते हुए दिखे। जैसे ही वह अभ्यास सत्र खत्म कर बाहर निकले, वहां मौजूद फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब हो उठे। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि रोहित के मेंटोर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिषेक नायर को खुद फैंस से अपील करनी पड़ी। नायर, जो कभी रोहित के साथ मुंबई रणजी टीम में खेल चुके हैं, फैंस से कहते हुए नजर आए ÷कोई धक्का मत देना, हम सब फैन हैं, लेकिन उसको लगना नहीं चाहिए।' रोहित शर्मा ने यह अभ्यास सत्र नायर की निगरानी में ऑल हार्ट क्रिकेट अकादमी में किया, जो शिवाजी पार्क में स्थित है। इस दौरान मुंबई के युवा क्रिकेटर अंगकृष रघुवंशी सहित कई स्थानीय खिलाड़ी भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि यह अभ्यास सत्र रोहित की ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी का हिस्सा था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 19 अक्टूबर से पर्थ में शुरू होगी।



# सूर्यकुमार बोले मुम्बई इंडियंस में तैयार होते हैं तिलक जैसे खिलाड़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल फेंचाइजी मुम्बई इंडियंस की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उससे मैच विजेता खिलाड़ी निकलते हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि एशिया कप में शानदार पारी खेलने वाले तिलक वर्मा भी मुम्बई से ही निकले हैं। सूर्या के अनुसार मुम्बई इंडियंस किसी गुरुकुल की तरह है जो बेहतरीन खिलाड़ियों को तैयार करता है। मुम्बई से खेलने वाले तिलक ने एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंदों में 69 रनों की नाबाद पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मैच में जब तिलक बल्लेबाजी के लिए आये तब भारतीय टीम परेशानी में थी और उसने 20 रनों पर ही तीन विकेट खो दिये थे। इसके बाद तिलक ने जबरदस्त पारी खेली। आईपीएल में मुम्बई की ओर से भी इसी प्रकार तिलक के कई बेहतरीन पारियां खेली हैं और उस अनुभवी का लाभ उन्हें एशिया कप में मिला। सूर्यकुमार ने तिलक की तारीफ करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुंबई इंडियंस को दिया है। मुम्बई ने इसका एक वीडियो भी साझा किया है। इस वीडियो में सूर्यकुमार तिलक को लेकर कहते दिखते हैं, जब हम नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका में थे तब उसने 2 शतक जड़े तब हमें पता चल गया कि तिलक आ चुका है पर उसने हमें असली तिलक एशिया कप में दिखाया कि वह क्या कर सकता है। सूर्या ने कहा कि मुम्बई में मिले अनुभवों के कारण ही तिलक आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्थापित हो गये हैं। उन्होंने कहहा, मैंने जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्य ने भारतीय टीम में जगह मिलने से पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेला था। मुंबई इंडियंस एक गुरुकुल की तरह है। मुंबई इंडियंस वो गुरुकुल है जहां वे खिलाड़ी तैयार करते हैं। हम वहां पर दबाव के हालातों में बल्लेबाजी करते और उसका लाभ भारतीय टीम से खेलने के दौरान होता है। जब हम इंडिया के लिए खेले तब हम पहले ही से तैयार थे। तिलक को पता था कि वह इस तरह के दबाव वाले हालातों में कैसा खेला जाता है। इसलिए उससे निडर होकर खेला।



# शुभमन गिल के आलोचकों को गौतम गंभीर का सीधा जवाब- 'वह सबसे कठिन परीक्षा में अच्छे अंकों से पास हुआ'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने भारतीय क्रिकेट के नए कप्तान शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। ये तारीफ गिल के आलोचकों के लिए करारा और सीधा जवाब है। गंभीर ने जवाब देते हुए साफ किया कि वह गिल का तब तक पूरा समर्थन करेंगे, जब तक यह युवा खिलाड़ी अपना काम ठीक से करता रहेगा। दिल्ली के फ़िरोज़शाह कोटला स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दौरान स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गौतम गंभीर ने शुभमन गिल की कप्तानी की प्रशंसा की।

### टेस्ट कप्तानी में मिली थी अनुचित आलोचना

गंभीर ने याद किया कि इस साल की शुरुआत में भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद शुभमन गिल को किस तरह अनुचित आलोचना का सामना करना पड़ा था। गंभीर के अनुसार गिल ने इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज (जो भारत ने 2-2 से ड्रॉ कराई थी) के दौरान अविश्वसनीय धैर्य दिखाते हुए अपने आलोचकों को चुप करा दिया।

गंभीर ने कहा, 'मुझे याद है, पूरी बातचीत याद है। एक 25 साल के युवा को टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपते हुए मैंने उससे एक बात साफ़-साफ़ कह दी थी- हमने तुम्हें गहरे समुद्र में फेंक दिया है। यहां से सिर्फ़ दो ही रास्ते हैं- या तो तुम डूब जाओगे या फिर एक विश्वस्तरीय तैराक बन जाओगे।'

### प्रेशर संभालना मायने रखता है

गंभीर ने ज़ोर देकर कहा कि उनके लिए गिल द्वारा बनाए गए रन मायने नहीं रखते। गंभीर के शब्द थे- 'मेरे लिए इंग्लैंड में शुभमन गिल के बनाए गए 750 रन उतने मायने नहीं रखते। यह मायने रखता है कि एक 25 साल के युवा ने कप्तान के तौर पर अपनी पहली टेस्ट सीरीज में खुद को, टीम को और प्रेशर को कितनी खूबी से संभाला।'

### ODI 2027 में भी संभाल सकते हैं टीम की कमान

शुभमन गिल को अब रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम की कप्तानी भी सौंप दी गई है। वह अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से टीम इंडिया के वनडे कप्तान के रूप में अपनी पारी शुरू करेंगे। बीसीसीआई गिल को दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए बतौर कप्तान तैयार कर रहा है।

गिल ने ऐसे महत्वपूर्ण दौर में टेस्ट टीम की कमान संभाली थी, जब विराट कोहली और रोहित शर्मा ने आईपीएल के बीच में ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 0-3 से व्हाइट वॉश होने के बाद इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया काफी दबाव में थी।

### सबसे कठिन परीक्षा पास कर चुके हो

ओवल टेस्ट में जीत के साथ सीरीज 2-2 से बराबर करने के बाद गंभीर ने गिल के साथ हुई अपनी बातचीत को याद किया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि गिल को अपने करियर में इससे कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ेगा। चाहे वह 10 साल, 15 साल या 2 साल कप्तानी करें, लेकिन उनके लिए इंग्लैंड दौरे पर वह दो महीने का समय सबसे चुनौतीपूर्ण था।'



गंभीर ने कहा, 'इंग्लैंड की बैटिंग यूनिट बेहद खतरनाक थी और हमारी टीम अनुभवहीन। शुभमन ने प्रेशर को खूबी हैंडल किया। उसके लिए वह एक बड़ी परीक्षा थी। मुझे याद है ओवल टेस्ट के बाद मैंने उनसे कहा था- तुम अपनी सबसे कठिन परीक्षा पास कर चुके हो। बदलाव का दौर खत्म हो गया है। अब से चीजें आसान हो जाएंगी।'

# देश का निर्माण करना और उसे बेहतर बनाना हमारा कर्तव्यः भागवत

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अपने देश का निर्माण करना और उसे बेहतर बनाना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है और इससे अंततः नागरिकों के ही हितों की रक्षा होती है। भागवत ने कहा कि अपने देश का निर्माण करना और उसे बेहतर बनाना हमारा कर्तव्य है। ऐसा करके हम अपने ही हितों की रक्षा करते हैं। जो देश अच्छा प्रदर्शन करता है, वह सुरक्षित होता है और दुनियाभर में सम्मान हासिल करता है।



आरएसएस के उदय का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि डॉ. केशव हेडगेवार ने नागपुर में संगठन की स्थापना की, क्योंकि इस शहर में पहले से ही निस्वार्थ सेवा और सामाजिक जागरूकता की भावना थी। उन्होंने कहा कि हालांकि देशभर में ऐसे लोग हैं, जो हिंदुत्व पर गर्व करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आरएसएस जैसा संगठन केवल नागपुर में ही आकार ले सकता था। त्याग और सामाजिक प्रतिबद्धता की भावना यहां पहले से ही मौजूद थी, जिसने संघ की स्थापना में डॉ. हेडगेवार की मदद की।

भागवत ने कहा कि आरएसएस पूरे देश के लिए काम करता है। उन्होंने कहा कि नागपुर अपने स्वयंसेवकों के दिल में खास जगह रखता है, लेकिन वह किसी विशेष दर्जे का दावा नहीं करता। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'स्वराज्य' प्राप्त करने की दिशा में प्रयास व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि ÷ईश्वर, धर्म और राष्ट्र÷ के लिए शुरू किए थे। उन्होंने कहा कि जब शिवाजी महाराज ने स्वराज्य की स्थापना शुरू की, तो उन्होंने अपने मित्रों को अपने लिए नहीं, बल्कि एक बड़े उद्देश्य के लिए इकट्ठा किया। उनकी एकता की भावना ने लोगों को शक्ति प्रदान की। जब तक उनके आदर्शों ने समाज को प्रेरित किया, उस काल का इतिहास प्रगति और विकास को प्रतिबिंबित करता रहा।

भागवत ने कहा कि शिवाजी महाराज के दृष्टिकोण ने देशभर के शासकों और स्वतंत्रता सेनानियों को प्रभावित किया और यहां तक ??कि 1857 के विद्रोह को भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने व्यवस्थित रूप से उन प्रेरणादायक भारतीय प्रतीकों को नष्ट करने का प्रयास किया, जिन्होंने लोगों को एकजुट किया था और प्रतिरोध की भावना को मजबूत किया था। उन्होंने कहा कि हमें अपने अतीत से सीखने की जरूरत है कि कैसे लोगों ने समाज की भलाई के लिए निस्वार्थ भाव से काम किया। उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास में भारत को शांति और समृद्धि का देश बनाने की पर्याप्त शक्ति है, जो विश्व में योगदान दे सके।

## इंडिगो विमान की विंडशील्ड में आई दरार, बड़ा हादसा टला, सभी यात्री सुरक्षित

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई के हवाई अड्डे पर गुरुवार देर रात एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। मदुरै से चेन्नई आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट की सामने की विंडशील्ड यानी (कॉकपिट ग्लास) में दरार पड़ आ गई। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि दरार पर लैंडिंग से ठीक पहले पायलट की नजर पड़ी। इंडिगो की यह उड़ान रात 11-12 बजे सुरक्षित रूप से लैंड हुई, जिसमें 76 यात्री सवार थे। जैसे ही पायलट ने दरार देखी उसने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित किया। इसके बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए गए, जिससे विमान सुरक्षित रूप से रनवे पर उतारा। लैंडिंग के बाद विमान को बे नंबर 95 पर खड़ा किया गया, जहां तकनीकी टीमों ने क्षतिग्रस्त ग्लास पैनल को बदलने की तैयारी की। हालांकि, दरार के कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है।

बता दें इस घटना के कुछ घंटे पहले ही केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने प्रमुख घरेलू एयरलाइनों और विमानन अधिकारियों के साथ एक मासिक समीक्षा बैठक की थी। मंत्री ने बैठक में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए और एयरलाइनों से किरायों को उचित बनाए रखने की अपील की। उन्होंने डीजीसीए की टैरिफ मॉनिटरिंग यूनिट को किराया नियंत्रण पर सख्त निगरानी रखने का निर्देश दिया। एयरलाइनों ने बैठक में बताया कि वे त्योहारी भीड़ को देखते हुए व्यस्त रूटों पर अतिरिक्त उड़ानें जोड़ रही हैं और यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं। बैठक में एयरसेवा पोर्टल पर शिकायत निवारण प्रणाली में सुधार, सतत और स्वच्छ प्रथाओं को अपनाने और प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन के अनुरूप स्वच्छ हवाई अड्डों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

## आतंकियों को तलाशते-तलाशते लापता हुए दो जवानों के शव अनंतनाग में मिले

जम्मू (एजेंसी)। आतंकियों के खिलाफ मोर्चा संभालने वाले चिनार कोर के जवान मौसम की विपरीत परिस्थितयों के बाद भी डटे रहना ही इनका मूल मकसद है। आतंकियों से लोहा लेते वक्त कई बार वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इसके बाद भी जान की परवाह किए बगैर ये जवान आतंकियों की तलाश में निकले और करीब एक सप्ताह तक वापस नहीं लौटे। शुक्रवार को सुरक्षाबलों को दोनों के शव मिले हैं। शहीद होने वाले जवानों के नाम लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष हैं। चिनार कोर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दोनों जवानों को श्रद्धांजलि दी है। अधिकारियों के अनुसार, दोनों सैनिक संचार लाइन के टूट जाने के बाद लापता हो गए। कमांडो का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टरों को लगाया गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर इकाई ने बताया कि अभियान चलाने वाली टीम भीषण बर्फीले तूफान में फंस गई थी। चिनार कोर ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, दोनों ही जवान लगातार प्रतिकूल परिस्थितियों में भी आतंकियों के खिलाफ अभियान में सक्रिय थे। उनके साहस और समर्पण को सलाम है। कोर ने शहीदों के परिवार के साथ संवेदना जताते हुए मुश्किल परिस्थिति में साथ खड़े होने का वादा किया है। अधिकारियों ने बताया कि सेना की इलीट पैरा यूनिट के दो जवान मंगलवार को कोकरनाग में तलाशी अभियान के दौरान लापता हो गए थे। आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद अहलान गडोले इलाके में अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि एक सैनिक का शव गुरुवार को मिला, जबकि दूसरे का शव शुक्रवार को मिला। उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि दोनों की मौत हाइपोथर्मिया के कारण हुई। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सीय आपातस्थिति है। यह तब होती है जब शरीर का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है।

## महाराष्ट्र में अवैध क्लिनिक चलाने वाली चार फर्जी महिला डॉक्टरों पर मामला दर्ज

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के भिवंडी शहर में बिना वैध लाइसेंस के क्लिनिक चलाने के आरोप में चार महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ जारी कार्रवाई में नगर निगम अधिकारियों और पुलिस ने 8 अक्टूबर को गायत्री नगर और गांधी नगर इलाकों में छापेमारी की और ऐसे क्लीनिक का पता लगाया जहां अयोग्य व्यक्ति मरीजों का इलाज कर रहे थे और एलोपैथिक दवाएं लिख रहे थे। पुलिस ने बताया कि भिवंडी-निजामपुर शहर नगर निगम के चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहम्मद शोएब अंसारी की शिकायत के आधार पर सलमा बानो जनुएल शेख (40), नीलम रतन चौरसिया (39), नुसरत बानो सुफियान खान (46) और नासाद बानो मुमताज अंसारी (44) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने क्लिनिक से बड़ी मात्रा में दवाइयां, इंजेक्शन, चिकित्सा उपकरण और फर्जी प्रमाणपत्र जब्त किए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## मेडिकल छात्रा के साथ बलात्कार... दोस्त के साथ गई थी कैंपस के बाहर

### -आरोपियों के आने पर भाग गया दोस्त

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 23 वर्षीय मेडिकल छात्रा के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। घटना तब हुई जब सेकंड ईयर की स्टूडेंट अपने कॉलेज कैंपस के बाहर दोस्त के साथ खाना खाने गई थी। पुलिस के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच शुरू हो चुकी है और हमारी टीमें तैनात हैं। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पीड़ित छात्रा मूल रूप से ओडिशा निवासी है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ कैंपस के बाहर खाना खाने गई थी, तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका। छात्रा ने आरोप लगाया कि उसका दोस्त मौके से भाग गया, जिसके बाद उन लोगों ने जबरदस्ती पास के जंगल में ले जाकर रेप किया। छात्रा की मां ने बताया, मेरी बेटी अपने दोस्त के कहने पर खाना खाने गई थी। तीन लोग उनका पीछा करने लगे। तभी उसका दोस्त बेटी को अकेला छोड़कर भाग गया। मेरी बेटी भी भागी, लेकिन वह अपने दोस्त को नहीं ढूंढ सकी। छात्रा की मां ने बताया, 3 लोगों ने मेरी बेटी को अकेला पाकर पास के जंगल क्षेत्र में ले गए। वहां दो और लोग उनके साथ शामिल हो गए। उनमें से एक ने अपराध को अंजाम दिया और उसका मोबाइल भी छीन लिया। बेटी को धमकी दी गई कि अगर शोर मचाया, तब जान से मार दिया जाएगा। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है और छात्रा के परिवार ने तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है।

## राजस्थान इंटेलिजेंस ने मंगत को किया गिरफ्तार, पाकिस्तान के लिए कर रहा था जासूसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले युवक को अलवर से गिरफ्तार किया है। युवक पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही नजर रखी जा रही थी, जिसे अब गिरफ्तार किया गया है। बता दें अलवर अतिसंवेदनशील और सामरिक दृष्टि से अहम क्षेत्र है। अलवर के गोविंदगढ़ निवासी मंगत सिंह की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं, जिसके बाद राजस्थान इंटेलिजेंस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगत सिंह को गिरफ्तार किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान इंटेलिजेंस ने अलवर के छावनी क्षेत्र में निगरानी के दौरान, गोविंदगढ़, अलवर निवासी मंगत सिंह की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। मंगत सिंह को ईशा शर्मा नाम की एक पाकिस्तानी महिला ने हनीट्रैप में फंसाया था, जिसने सहयोग के बदले उसे पैसे देने की पेशकश की थी। मंगत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और सीआईडी इंटेलिजेंस राजस्थान ने उसे गिरफ्तार किया। बता दें पिछले दो सालों से मंगत सिंह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के हेण्डलरों के सम्पर्क में था। मंगत ऑपरेशन सिंदूर से पहले और बाद में ईशा शर्मा एक पाकिस्तानी महिला हैंडलर से संपर्क में था। ईशा शर्मा से हनीट्रैप में फंसकर और पैसे के लालच में वह सोशल मीडिया के जरिए अलवर शहर की बहुत ही अहम छावनी इलाके एवं देश के अन्य सामरिक स्थलों की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कर रहा था।

## उत्तराखंड सरकार का बड़ा फैसला... पेपर लीक पर रद्द कर की यूकेएसएसएससी परीक्षा



### -सीएम धामी बोले- किसी दोषी को नहीं बख्शा जाएगा

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा को रद्द करने का बड़ा फैसला लिया है। यह निर्णय पेपर लीक और नकल के मामलों के सामने आने के बाद लिया गया है। राज्य सरकार ने कहा है कि परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठने के कारण यह कदम छात्रों के हित में आवश्यक था।

परीक्षा रद्द किए जाने के एक दिन पहले ही भाजपा विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल में खजान दास, दिलीप सिंह रावत, विनोद कंडारी, बृजभूषण गैरोला, दुर्गेश्वर लाल, सुरेश चौहान, मोहन सिंह बिष्ट और रेनू बिष्ट शामिल थे। विधायकों ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा था, कि पेपर लीक और नकल की घटनाओं से छात्रों का मनोबल गिरा है, इसलिए 21 सितंबर को आयोजित परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए।

सरकार ने उठाया निर्णायक कदम

मुख्यमंत्री धामी ने प्रतिनिधिमंडल की सिफारिश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि सरकार योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सीएम ने दोहराया कि परीक्षा से जुड़े पेपर लीक और नकल माफिया पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहले ही कहा था कि इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाएगी ताकि पूरे प्रकरण की निष्पक्षता बनी रहे। उन्होंने पेपर लीक के विरोध में धरना दे रहे छात्रों से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया था कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## भारत की छवि खराब करने और कितना नीचें गिरेगी कांग्रेस : संबित पात्रा

### जयराम रमेश के दावों पर किया पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की और उन फर्जी खबरों'' के आधार पर मोदी सरकार की रणनीतिक और विदेश नीति पर सवाल उठाए, जिसमें दावा किया गया है कि रूस पाकिस्तान को जेएफ-17 जेट इंजन की आपूर्ति कर रहा है। कुछ दिन पहले, विपक्षी पार्टी के नेता जयराम रमेश ने एक रिपोर्ट का हवाला देकर मोदी सरकार से पूछा था कि भारत का ''कभी सबसे विश्वसनीय रणनीतिक सहयोगी'' रहा रूस, चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के इंजन की आपूर्ति करके पाकिस्तान को सैन्य सहायता क्यों ''प्रदान'' कर रहा है।



कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट कर इस घटनाक्रम को प्रधानमंत्री मोदी की ''व्यक्तिगत कूटनीति'' की विफलता भी बताया था। इस पर पलटवार कर भाजपा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि रूस द्वारा यह स्पष्ट करने से कि पाकिस्तान के साथ ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है, कांग्रेस ''बेनकाब'' हो गई है और उन्होंने मीडिया में आई खबरों को ''फर्जी और निराधार'' बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता 'रमेश ने यह दर्शाने की कोशिश की कि रूस और पाकिस्तान के बीच एक नई सहमति बनी है, जिसके तहत रूस, चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत इंजन पाकिस्तान को मुहैया कराएगा। पात्रा ने कहा कि रूस ने पाकिस्तान के साथ इसतरह के किसी समझौते से इंकार किया है, लेकिन कुछ ''सूत्रों के हवाले से खबरों'' में कहा गया है कि कुछ ताकतें दिसंबर 2025 में होने वाले एक शिखर सम्मेलन से पहले रूस और भारत के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा, चाहे जी-20 हो या कोई और बड़ा शिखर सम्मेलन, कांग्रेस ऐसे आयोजनों से पहले भारत की छवि खराब करने के लिए ऐसी स्थितियां पैदा करने की कोशिश करती है। भारत की साख कम करने के उद्देश्य से कुछ फर्जी खबरें गढ़ी जाती हैं।''

पात्रा ने आरोप लगाया कि रमेश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर ही ''फर्जी खबर'' पर अपनी टिप्पणी 'एक्स' पर पोस्ट की होगी। उन्होंने आरोप लगाया, ''राहुल गांधी विदेश जाते हैं और इस तरह की बातें ट्वीट करवाते हैं... आप माहौल बनाने और पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने की कोशिश कर रहे हैं।'

## महाराष्ट्र सरकार का किसानों के लिए राहत पैकेज इतिहास का सबसे बड़ा मजाक : उद्धव



मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्य की देवेंद्र फडणवीस सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित हालिया राहत पैकेज को शनिवार को इतिहास का ''सबसे बड़ा मजाक'' करार दिया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार बाढ़ और बारिश से प्रभावित किसानों के लिए पूर्ण ऋण माफी की घोषणा करने में विफल रहती है तो किसान सड़कों पर उतरेंगे। ठाकरे ने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित वित्तीय सहायता इतिहास का सबसे बड़ा मजाक है।'' उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में महाराष्ट्र के दौरे पर किसानों के बारे में कुछ नहीं कहा। मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया था। ठाकरे ने यह भी कहा कि भारी बहुमत के बावजूद, सरकार राज्य विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त करने से डर रही है। इस सप्ताह की शुरुआत में, राज्य सरकार ने बारिश और बाढ़ के कारण भारी नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए 31,628 करोड़ रुपये के मुआवजे के पैकेज की घोषणा की थी और कहा था कि कुल सहायता 48,000 रुपये प्रति हेक्टेयर होगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि सरकार समय आने पर ऋण माफी की घोषणा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को हुए नुकसान पर केंद्र को सौंपने के लिए एक व्यापक ज्ञापन तैयार किया जा रहा है।

## सिद्दी समुदाय के सदस्यों से मिलीं राष्ट्रपति मुर्मू, बच्चों को पढ़ाने का किया आग्रह

### दो दिन की गुजरात यात्रा पर हैं राष्ट्रपति, शेर सफारी का लिया आनंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात के जूनागढ़ जिले में सिद्दी समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की। सिद्दी समुदाय अफ्रीकी मूल का एक जनजातीय समूह है। गिर वन्यजीव अभयारण्य के सासन गांव में आयोजित कार्यक्रम में मुर्मू ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शिक्षा प्रदान करें और प्रगति हासिल करने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।



अपनी गुजरात यात्रा के दूसरे दिन राष्ट्रपति मुर्मू दोपहर बाद सासन-गिर पहुंचीं और गिर राष्ट्रीय उद्यान में शेर सफारी का आनंद लिया, जो एशियाई शेरों का एकमात्र निवास स्थान है। बाद में शाम को उन्होंने राष्ट्रीय उद्यान के मुख्यालय सासन-गिर स्थित सिंह सदन में सिद्दी समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। सिद्दी समुदाय एक भारत-अफ्रीकी समूह है जो पूर्वी अफ्रीकियों के वंशज हैं। इन्हें दासों, सैनिकों और नाविकों के रूप में उपमहाद्वीप में लाया गया था और अब उन्हें अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता मिली है।

गुजरात में उनमें से अधिकतर लोग राष्ट्रीय उद्यान के निकटवर्ती गांवों में बसे हुए हैं। देवलिया पार्क में 'इको-टूरिज्म' गाइड के रूप में काम करने वाली सिद्दी महिला हसीना मकवाना ने राष्ट्रपति मुर्मू को बताया कि वह और उनके पति अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कमा लेते हैं। हसीना ने राष्ट्रपति से कहा कि उन्हें हर महीने 12,000 रुपए मिलते हैं, जिससे खर्च चलता है और दो बच्चे पढ़ भी रहे हैं। उनके पति एक सिद्दी नृत्य समूह के सदस्य हैं जो पर्यटकों का मनोरंजन करता है।

हसीना ने बताया कि वह एक गाइड के रूप में पर्यटकों को जानवरों और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी प्रदान करती हैं। सरकारी शिक्षक अशरफ उस्मान ने मुर्मू को सिद्दी समुदाय की उत्पत्ति के बारे में बताया कि किस प्रकार सरकारी हस्तक्षेप और योजनाओं से पिछले कुछ सालों में उनके जीवन में सुधार आया है। मुर्मू ने अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए सिद्दी समुदाय की सराहना भी की।

## कांग्रेस ने नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली मारिया की तुलना राहुल गांधी से की

### -राजपूत ने कहा- भारत में लोकतंत्र खतरे में राहुल इन्हें बचाने की लड़ रहे लड़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। इसे बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने उनकी तुलना राहुल गांधी से की है। राजपूत ने संकेत दिया कि जैसे मचाडो को अपने देश में लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने पर यह सम्मान मिला है, वैसे ही राहुल गांधी भी भारत में संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। राजपूत ने एक्स पर मचाडो और राहुल गांधी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा- इस बार नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला की विपक्ष की नेता को संविधान की रक्षा के लिए दिया गया है। भारत के विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश के संविधान को बचाने की लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं।



नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने मचाडो को 'तानाशाही से लोकतंत्र में शांतिपूर्ण बदलाव' और 'लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता' के लिए यह सम्मान दिया। पिछले साल हुए चुनावों में धांधली के आरोपों के बाद मचाडो को छिपकर रहना पड़ा, फिर भी वे वेनेजुएला की विपक्ष को एकजुट रखने में सफल रहीं।

वहीं, भारत में कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी मौजूदा एनडीए सरकार के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। वे हाल के महीनों में 'वोट चोरी', बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाने, ईवीएम हैकिंग, पिछड़े वर्गों के आरक्षण को खत्म करने की साजिश जैसे मुद्दे उठा चुके हैं। इंडिया गठबंधन के गठन के बाद समूचा विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट है। विपक्ष का आरोप है कि देश में बेरोजगारी बढ़ी है, अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है, अल्पसंख्यक और अनुसूचित वर्गों के अधिकारों से समझौता हुआ है और असहमति के स्वर दबाए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने बार-बार कहा कि भारत में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाएं खतरे में हैं और वे इन्हें बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## पहले सिंधु जल संधि निलंबित... अब सावलकट जलविद्युत परियोजना को मंजूरी

### -पाकिस्तान को लगेगी खूब मिर्ची

**श्रीनगर(एजेंसी)।** मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में चेनाब नदी पर बनने वाले 1856 मेगावॉट के सावलकट जलविद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को रणनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है, खासकर तब जब भारत ने पाकिस्तान के साथ इंडस वाटर ट्रीटी यानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। करीब चार दशक से अटकी यह परियोजना अब फिर से गति पकड़ने जा रही है। इस परियोजना को राष्ट्रीय जलविद्युत निगम (एनएचपीसी) दो चरणों में बनाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 31,380 करोड़ रुपये है और इसके तहत चेनाब नदी के जल का उपयोग रामबन, रियासी और ऊधमपुर जिलों में होगा।

सावलकट परियोजना में 192.5 मीटर ऊंचा रोलर-कंपैक्टेड ग्रेविटी डैम बनेगा। इसके साथ ही एक अंडरग्राउंड पावरहाउस (भूमिगत विद्युत गृह) स्थापित किया जाएगा, जिसमें मशीन हॉल, टर्बाइन और जेनरेटर जैसी मुख्य इकाइयां होंगी। यह परियोजना सालाना करीब 7,534 मिलियन यूनिट बिजली उत्पन्न करने की क्षमता रखती है। एक बार शुरू होने के बाद, यह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना होगी। इससे न केवल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में भारी बढ़ोतरी होगी, बल्कि भारत की चेनाब नदी के जल को संग्रहित और प्रबंधित करने की क्षमता भी बढ़ेगी। ऐसा करना सिंधु जल समझौते के तहत भारत का अधिकार है, परंतु अब तक तकनीकी और कूटनीतिक कारणों से इसका पूरा उपयोग नहीं हुआ था।

1960 में साइन की गई सिंधु जल संधि के तहत तीन पूर्वी नदियां रावी, ब्यास और सतलुज भारत को दी गई थीं, जबकि तीन पश्चिमी नदियां सिंधु, झेलम और चेनाब पाकिस्तान को आवंटित की गईं। हालांकि, भारत को इन पश्चिमी नदियों के जल का सीमित उपयोग गैर-उपभोगी कार्यों जैसे रन-ऑफ-द-रिवर हाइड्रोपावर उत्पादन, नौवहन और मत्स्य पालन के लिए करने की अनुमति है। भारत ने अप्रैल 22 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद संधि को निलंबित किया था, इसके बाद से सरकार ने पश्चिमी नदियों के जल का अधिकतम उपयोग करने की दिशा में कदम तेज किए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना के लिए कुल 1,401.35 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी, जिसमें से 847.17 हेक्टेयर वन क्षेत्र और 554.18 हेक्टेयर गैर-वन भूमि शामिल है। परियोजना के चलते 13 गांवों के करीब 1,500 परिवारों को विस्थापित किया जाएगा। एनएचपीसी ने इसके लिए विस्तृत पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना तैयार की है, जिसमें प्रभावित परिवारों को आवास, जीविकोपार्जन सहायता और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रस्ताव है। पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक के अनुसार, परियोजना स्थल से 10 किलोमीटर के दायरे में कोई भी राष्ट्रीय उद्यान या वन्यजीव अभयारण्य नहीं है। निकटतम संरक्षित क्षेत्र-किश्तवाड़ हाई-एल्टीट्यूड नेशनल पार्क परियोजना से करीब 62.8 किलोमीटर दूर स्थित है।

#### परियोजना का इतिहास



सावलकट परियोजना का प्रस्ताव पहली बार 2016 और 2017 में पर्यावरण मंत्रालय के समक्ष रखा गया था, लेकिन वन स्वीकृति और पुनर्वास से जुड़ी जटिलताओं के कारण इसे मंजूरी नहीं मिल सकी। बाद में 3 जनवरी 2021 को जम्मू-कश्मीर पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन और एनएसपीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके बाद परियोजना को दोबारा आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**